भोपाल
गुरुवार, 10 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष-13
वर्ष : 12, अंक : 09
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00

मौसम
अधि. 39
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

महावीर जयंती की मंगलकामनाएं



रतलाम में सर्वाधिक पारा 44.2 डिग्री

# तेज गर्मी का 'असर'...भोपाल सहित तीन जिलों में स्कूलों का समय बदला, लगातार तीसरे दिन 5 जिलों में चली लू



लिंक रोड नंबर एक दोपहर साढ़े 3 बजे

**18** जिलों में पारा 40 से 44 डिग्री, पांच जिलों में रात का पारा भी 25 से 30 डिग्री के बीच

### छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मध्य सिवनी और डिंडोरी में भी बारिश के साथ ओले गिरे

### भोपाल में छाए रहे बादल, आज से कल तक बौछारों की उम्मीद, तापमान दशमलव दो डिग्री गिरकर 41 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

प्रदेश में बुधवार को लगातार तीसरे दिन 5 जिलों में लू तो प्रदेशभर में भीषण गर्मी का दौर रहा। कुछ जिलों में बारिश के साथ ओले भी गिरे। तेज गर्मी और लू को देखते हुए भोपाल सहित तीन जिलों में मिडिल तक के स्कूलों का समय बदल दिया गया है। भोपाल जिले में अत्यधिक गर्मी पड़ने से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य ▶▶शेष पेज 6 पर



सावरकर सेतु शाम 6 बजे

**यहां हुई बारिश, गिरे ओले**

बुधवार को पांढुर्णा, सिवनी में आंधी और गरज चमक के साथ ओले गिरे। बालाघाट, मध्य सिवनी और डिंडोरी में भी बारिश और ओलावृष्टि हुई। मंडला, छिंदवाड़ा, अनूपपुर, नरसिंहपुर, बैतूल, जबलपुर, ग्वालियर, नीमच, गुना, मंदसौर और सागर जिलों में शाम के समय बिजली के साथ हल्की बारिश हुई है।

## 18 जिलों में दिन का पारा 40 से 44 डिग्री के बीच

उज्जैन, रतलाम, खंडवा, खरगौन, इंदौर, नर्मदापुरम, ग्वालियर, गुना, भोपाल, धार सहित 18 जिलों में दिन का पारा 40 से 44 डिग्री के बीच रहा। भोपाल में तापमान दशमलव दो डिग्री गिरकर 41 डिग्री रहा। रात का पारा 2.4 डिग्री बढ़कर 24.8 डिग्री रहा। प्रदेशभर में रात के तापमान औसतन दो डिग्री तक बढ़त रही। नर्मदापुरम 27.6, खंडवा 27.4, सागर 27.3, शिवपुरी 27.1 और देवास में रात का पारा 26.9 डिग्री रहने से गर्म रातें दर्ज हुईं।

**आज यहां लू और रातें गर्म**

नर्मदापुरम, धार, ग्वालियर, दमोह, सागर जिलों में रातें गर्म होने के साथ लू भी चलेगी। राजगढ़, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर, गुना, अशोकनगर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, पन्ना और छतरपुर जिलों में लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा टीकमगढ़, निवाड़ी, मंदसौर, नीमच और शिवपुरी जिलों में भी लू चलने की उम्मीद है।







**खबर संक्षेप**

### ठगी के शिकार लोगों को 1.91 करोड़ वापस किए

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने बुधवार को यहां एक मेले का आयोजन किया तथा उन लोगों को कुल 1.91 करोड़ रुपए लौटाए जो इस साल जनवरी से मार्च तक साइबर ठगी के शिकार हो गए थे। भुवनेश्वर-कटक आयुक्त कार्यालय ने इस 'मनी रिटर्न मेले' का आयोजन किया।



### श्रीनगर के लिए वंदे भारत हरी झंडी दिखाएंगे पीएम

**जम्मू।** आने वाली 19 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीनगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। इस दिन कश्मीर से कन्याकुमारी तक रेल मार्ग जुड़ जाएगा और और यात्री बिना किसी परेशानी के देश के किसी भी कोने में ट्रेन द्वारा जा सकेंगे।



### आईईडी विस्फोट में बीएसएफ जवान घायल

**नई दिल्ली।** पंजाब में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा बाड़ के पास बुधवार को हुए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया। बल ने एक बयान में यह जानकारी दी।



गुड न्यूज: आरबीआई ने लगातार दूसरी बार रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती की

# होम, कार व कॉरपोरेट लोन की ईएमआई घटने की उम्मीद बढ़ी

आरबीआई गवर्नर ने वित्तीय वर्ष 2026 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5% रहने का अनुमान जताया

*केंद्रीय बैंक के इस फैसले से अमेरिका की ओर से लगाए गए पारस्परिक शुल्कों से प्रभावित अर्थव्यवस्था को सहारा मिलने की उम्मीद बढ़ी है*




एजेंसी ▶▶मुंबई


भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को लगातार दूसरी बार प्रमुख ब्याज दर में 25 आधार अंकों की कटौती का ऐलान किया है। केंद्रीय बैंक के इस फैसले से अमेरिका की ओर से लगाए गए पारस्परिक शुल्कों से प्रभावित अर्थव्यवस्था को सहारा मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट में तत्काल प्रभाव से 0.25 फीसदी की कटौती का फैसला सर्वसम्मति से लिया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि रेपो दर को तत्काल प्रभाव से 25 आधार अंकों से घटाकर 6% करने के लिए मतदान किया। इस दौरान गवर्नर ने वैश्विक विकास के लिए नई चुनौतियों की ओर इशारा भी किया। इस कदम से आवास, ऑटो और कॉर्पोरेट ऋण लेने वालों को राहत मिली। आरबीआई गवर्नर ने वित्तीय वर्ष 2026 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5% रहने का अनुमान जताया।

**मैं संजय हूं, लेकिन महाभारत का 'संजय' नहीं...**

मैं संजय हूं, लेकिन महाभारत का संजय नहीं हूं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को एमपीसी के फैसलों की घोषणा के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि वे महाभारत के संजय नहीं हैं जो भविष्य में ब्याज दरों पर होने वाली कार्रवाई का पूर्वानुमान लगा सके और यह भी बता सकें कि मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच ब्याज दरों में नरमी किस स्तर पर रुकेगी। उन्होंने कहा कि हम वृद्धि दर और महंगाई दर की गति को प्रबंधित करने की कोशिश में हैं। उन्होंने कहा कि यह कहां तक पहुंचेगा... हम वास्तव में नहीं जानते। मैं संजय हूं, लेकिन मैं महाभारत का संजय नहीं हूं कि इतनी दूर तक देख सकूं। मेरे पास उनकी जैसी दिव्य दृष्टि नहीं है।






**फरवरी में भी की गई थी 25 आधार अंकों की कटौती**

फरवरी में अपनी पिछली नीति में आरबीआई ने रेपो दर को 25 आधार अंकों से घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। यह दर मई 2020 में पिछली दर में कटौती के बाद आई थी। दरों में आखिरी संशोधन फरवरी 2023 में हुआ था। जब नीति दर को 25 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था।

### वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4% तक रह सकती है महंगाई दर

मल्होत्रा ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति निर्णायक रूप से सकारात्मक दायरे में प्रवेश कर रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुद्रास्फीति 4% रहने का अनुमान लगाया गया है। फरवरी में महंगाई दर 4.2% रहने का अनुमान लगाया गया है।

**क्या है रेपो रेट?**

रेपो रेट वह दर होती है जिस पर आरबीआई बैंकों को कर्ज देता है। बैंक इस कर्ज से ग्राहकों को लोन देते हैं। रेपो रेट कम होने का मतलब है कि बैंक से मिलने वाले कई तरह के कर्ज, जैसे होम लोन, कार लोन अब सस्ते हो जाएंगे। हालांकि बैंक ईएमआई में कब तक और कितनी कटौती करेंगे यह उन पर निर्भर करता है। भारतीय रिजर्व बैंक की माद्रिक नीति समिति हर दो महीने के अंतराल पर होने वाली अपनी तीन दिवसीय बैठक में रेपो दर को घटाने, बढ़ाने या स्थिर रखने पर फैसला लेती है।

जावरा में बर्फ फैक्ट्री से रिसी अमोनिया गैस



## सीएसपी के माता-पिता सहित कई लोगों की तबीयत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶रतलाम

जावरा में पुलिस कॉलोनी के पास स्थित आइस फैक्ट्री में मंगलवार रात अमोनिया गैस लीकेज होने से हड़कंप मच गया। गैस लीकेज से पुलिस कॉलोनी में निवासरत सीएसपी दुर्गेश आर्मो और उनका परिवार गैस की चपेट में आ गया, जिससे उन्हें आंखों में जलन होने लगी। जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन का अमला हरकत के आया और मौके पर फायर ब्रिगेड को बुलवाकर पानी का छिड़काव करवाया। उसके बाद गैस लीकेज वाल बंद किया गया। बुधवार सुबह मध्यप्रदेश प्रदूषण बोर्ड उज्जैन की फैक्ट्री की जांच करने पहुंची। जांच में पाया कि फैक्ट्री अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। फैक्ट्री संचालक के ▶▶शेष पेज 6 पर

उज्जैन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम पहुंची

फैक्ट्री अवैध रूप से हो रही थी संचालित, जड़ा ताला

**नहीं मिले दस्तावेज फैक्ट्री बंद कराई**

घटना की जांच करने के लिए बुधवार सुबह मध्यप्रदेश प्रदूषण बोर्ड उज्जैन की टीम आइस फैक्ट्री पर पहुंची है। टीम के अधिकारियों ने संचालक से फैक्ट्री से जुड़े दस्तावेज मांगे, लेकिन संचालक कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाया। फैक्ट्री संचालक के पास न तो फैक्ट्री संचालित करने की परमिशन पाई गई और न ही मध्यप्रदेश पॉल्यूशन बोर्ड का लाइसेंस पाया गया। टीम के सदस्यों ने मौके पर पंचनामा बनाया। फिलहाल, फैक्ट्री को बंद कर दिया गया है।

पूर्व मंत्री के निर्माणाधीन मकान में 'महापाप'

## रेप केस में 10 साल की सजा काटकर आया व नाबालिग को बनाया शिकार



आरोपी को गिरफ्तार किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶शहडोल

शहडोल में 54 वर्षीय अधेड़ ने 13 साल की बच्ची को अपनी हवस का शिकार बना लिया। आरोपी बच्ची से दुष्कर्म मामले में दस साल की सजा पा चुका है, और हाल ही में रिहा हुआ था। वहीं ये घटना पूर्व मंत्री के निर्माणाधीन मकान में अंजाम दी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार सुबह थाना कोतवाली इलाके के पांडव नगर स्थित निजी स्कूल में पढ़ने वाली 13 वर्षीय छात्रा घर से साइकिल से जा रही थी। तभी स्कूल के समीप पंकज पिता प्रकाश चंद्र कटारे (54) ने उसे रोका और उसे बहला ▶▶शेष पेज 6 पर

2 लाख रुपए की रिश्वत मांग रहा था रेंजर

## सड़क बनाने के बदले ठेकेदार से 3% कमीशन मांगा, 1 लाख लेते पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶इंदौर

प्रदेश में हर दूसरे दिन कहीं न कहीं लोकायुक्त रिश्वतखोर अधिकारी-कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों पकड़ रही है लेकिन इसके बावजूद रिश्वतखोर बाज आते नजर नहीं आ रहे हैं। अब धार जिले में लोकायुक्त ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक रेंजर को रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा है। धार जिले के वन परिक्षेत्र बाग के रेंजर वैभव उपाध्याय के खिलाफ मनावर के रहने वाले ठेकेदार जितेंद्र वास्केल ने शिकायत की थी।

■ इंदौर लोकायुक्त की धार में कार्रवाई



फरियादी के मुताबिक उसने बाग रोड से पांडु गुफा तक 3 किलोमीटर रोड के निर्माण का ठेका लिया है। इसमें से लगभग 2 किलोमीटर रोड वन विभाग एरिया में आती है। इसकी अनुमति भी उसने वन विभाग से ली है। लेकिन रेंजर वैभव उपाध्याय ने काम रुकवा दिया ▶▶शेष पेज 6 पर

**टीकमगढ़: राशन दुकान संचालक से मांगे 50 हजार**

जिले के बल्देवगढ़ में पदस्थ सहायक खाद्य अधिकारी पंकज करौलिया को बुधवार को लोकायुक्त सागर की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगेहथों पकड़ा है। करौलिया ने राशन दुकान संचालक विजय सिंह ठाकुर निवासी गांव पिपरा से उनकी दोनों दुकानों की पीओएस मशीन में जीरोईंग करने के लिए 50 हजार की रिश्वत मांगी थी। फरियादी ने सागर लोकायुक्त ऑफिस में शिकायत की थी। 10 हजार रुपए रिश्वत की रकम लेकर सहायक खाद्य अधिकारी ने फरियादी विजय को अपने घर पर बुलाया था जैसे ही घर पर करौलिया ने रिश्वत ली तो लोकायुक्त टीम ने उसे रंगेहाथों पकड़ लिया।

जलसंकट: पत्नी चली गई मायके

### पति की गुहार पर शुरू हुआ पाइप लाइन का काम

**डिंडोरी।** जिले के ग्राम देवरा में जितेंद्र सोनी की पत्नी लक्ष्मी सोनी यह कहकर मायके चली गई कि उसके गांव में पानी की भारी किल्लत है। ऐसे में लंबी दूरी से पानी लाना और हैंडपंप पर घंटों खड़े रहना उसके बस की बात नहीं है। जब इस गांव में पानी की समस्या का समाधान हो जाए तभी मुझे मायके लेने आना। लक्ष्मी से बात से पति जितेंद्र सदमें में आ गया। उसने बिना देरी के कलेक्टर की जनसुनवाई में आवेदन दे दिया। प्रशासन ने शिकायत ▶▶शेष पेज 6 पर



■ कलेक्टर की जनसुनवाई में गुहार, प्रशासन ने सुनी पीड़ा

फ्लाइट दिल्ली से बैंकॉक जा रही थी

## एयर इंडिया की फ्लाइट में फिर पेशाब कांड निजी कंपनी के अधिकारी पर कर दी टॉयलेट

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली से बैंकॉक जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2336 के बिजनेस क्लास में एक पुरुष यात्री ने एक निजी कंपनी के बड़े अधिकारी पर पेशाब कर दी। एयर इंडिया ने भी इस घटना की पुष्टि की है और बताया है कि क्रू ने पीड़ित यात्री के लिए शिकायत दर्ज करवाने में मदद की भी पेशकश की।

■ यात्री ने पीड़ित से माफी मांगी तो नहीं की शिकायत




हालांकि, उसने मना कर दिया। यह घटना तब हुई, जब फ्लाइट बैंकॉक में लैंड कर रही थी। इससे पहले नवंबर, 2022 में भी एयर इंडिया की फ्लाइट में पेशाब करने का मामला सामने आ चुका है। मामला बढ़ने के ▶▶शेष पेज 6 पर

**एयर इंडिया ने कहा सहायता की पेशकश की गई**

कंपनी ने आगे कहा कि अनियंत्रित यात्री को चेतावनी देने के अलावा, हमारे क्रू ने पीड़ित यात्री को बैंकॉक में अधिकारियों के साथ शिकायत करने में सहायता करने की पेशकश की, जिसे उस समय अस्वीकार कर दिया गया था। घटना का आकलन करने और अनियंत्रित यात्री के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई, यदि कोई हो तो, निर्धारित करने के लिए स्थायी स्वतंत्र कमेटी बुलाई जाएगी। एयर इंडिया ऐसे मामलों में डीजीसीए द्वारा निर्धारित किए गए एसओपी का पालन करेगा।

गोवंश के लिए 'कब्रगाह' बनी नगर निगम की अरवलिया गोशाला!

गायों की मौत पर हिंदू संगठन का हंगामा, खुले मैदान में मृत गायों का वीडियो वायरल

## भूख-प्यास से तड़पकर मर गईं 15 गाय, न खाने को चारा और न ही पीने के लिए पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

अरवलिया गोशाला में बुधवार को हुई 15 गायों की मौत के बाद हंगामा शुरु हो गया। इन मवेशियों की मौत भूख की वजह से होने का अनुमान लगाया जा रहा है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि 15 बेसहारा गोवंश की मौत भूख-प्यास और गर्मी से हुई है, जबकि नगर निगम महज दो बेसहारा गोवंश की मौत हीट स्ट्रोक से होने की बात कह रहा है।

बुधवार को गायों की मौत का वीडियो वायरल होने के बाद नगर निगम का अमला सक्रिय हुआ। वीडियो में बताया जा रहा है कि शेड और खुले मैदान में कई मृत गायें पड़ी नजर ▶▶शेष पेज 6 पर



**बीमार गायों को यहां किया जाता है शिफ्ट**

नगर निगम के गोवर्धन परियोजना अधिकारी समुंदर शर्मा का कहना है कि यहां बीमार मवेशियों को भेजा जाता है, जिनकी हालत पहले से ही खराब होती है। रोजाना 10 बीमार मवेशियों को पकड़ा जाता है और गोशाला भेजा जाता है, जहां वे बीमारी से मर जाते हैं।

**दो गायों की हुई मौत**

मामले की सूचना मिलते ही पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची। जांच में दो गायों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि सात-आठ बीमार गायों को उपचार के लिए भेजा गया।

रणवीर सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम

**500 की क्षमता 700 गायें रखीं**

इस गोशाला की क्षमता 500 मवेशियों की है, लेकिन यहां 700 से ज्यादा मवेशी रखे गए हैं। जगह की कमी की वजह से सैकड़ों मवेशियों को तीखी धूप में खुले मैदान में रहना पड़ता है और वहां छांव के लिए एक भी पेड़ नहीं है। इधर, हुजूर के नायब तहसीलदार संतोष दुबे का कहना है कि सूचना के बाद मौके पर जांच की गई है। तीन गायों की मौत होने की पुष्टि हुई है। अन्य गाय बीमार हैं।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 10 अप्रैल 2025



महावीर जयंती की मंगलकामनाएं




भारत की एक मल्टी-एजेंसी टीम पहले ही अमेरिका में ताकि उसे भारत लाया जा सके

# पाकिस्तान का नापाक चेहरा होगा उजागर, 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की वापसी से होंगे खुलासे

## पाकिस्तान के सरकारी एजेंटों की संलिप्तता का पर्दाफाश हो सकेगा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई में हुए 26/11 आतंकवादी हमलों के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को जल्द ही अमेरिका से भारत लाया जा सकता है। भारतीय जांच एजेंसियों का मानना है कि उसकी वापसी से इस भयावह आतंकी हमले में पाकिस्तान के सरकारी एजेंटों की संलिप्तता का पर्दाफाश हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, राणा अमेरिका में अपनी सभी कानूनी अपीलें हार चुका है और अब उसकी भारत को प्रत्यर्पण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। भारत की एक मल्टी-एजेंसी टीम पहले ही अमेरिका पहुंच चुकी है ताकि उसे भारत लाया जा सके। आरोपी तहव्वुर राणा ने अमेरिका की अदालतों में अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए कई बार अपील की।

लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में उसकी अंतिम अपील खारिज कर दी। जस्टिस एलेना केगन और फिर चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स की अदालत में उसकी अर्जी अस्वीकार कर दी। इसका मतलब है कि अब राणा को भारत लाने में कोई कानूनी अड़चन नहीं बची है।



### सह-साजिशकर्ता के रूप में चार्जशीट

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तहव्वुर राणा को 26/11 हमलों के सह-साजिशकर्ता के रूप में चार्जशीट किया है। आरोप है कि उसने डेविड हेडली को भारत में ठहरने और घूमने के लिए लॉजिस्टिक सपोर्ट दिया। मुंबई, दिल्ली, कोच्चि, आगरा, हापुड़ और अहमदाबाद में उसके साथ यात्रा की। चाबड़ हाउस और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज जैसे ठिकानों की रेकी में मदद की। आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हरकत-उल-जिहादी-इस्लामी (एचयूजेआई) से संबंध बनाए रखे। जांच एजेंसियों का मानना है कि तहव्वुर राणा की गवाही से उन पाकिस्तानी सरकारी अधिकारियों की भूमिका उजागर हो सकती है जो 26/11 की साजिश में शामिल थे। इनमें पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के अधिकारी जैसे मेजर इकबाल और मेजर समीर अली शामिल हैं। इसके अलावा हाफिज सईद (लश्कर-ए-तैयबा का मुखिया), जकी-उर-रहमान लखवी, साजिद मजीद, इलियास कश्मीरी, अब्दुर रहमान हाशिम सईद उर्फ मेजर अब्दुर रहमान (पासा) के नाम भी इस हमले की साजिश में सामने आए हैं।

### राणा से होगी गहरी पूछताछ

*भारत में तहव्वुर राणा को लाकर पहले एनआईए की हिरासत में रखा जाएगा, ताकि उससे पूछताछ की जा सके। जांच एजेंसियां यह जानने की कोशिश करेंगी कि उसने किन-किन ठिकानों की रेकी की? किस पाकिस्तानी अधिकारी से उसका सीधा संपर्क था? हेडली और अन्य आतंकियों के साथ उसकी बातचीत में क्या योजनाएं बनीं?*


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### भूस्खलन पीड़ितों का ऋण माफ नहीं होगा



**कोच्चि।** केंद्र सरकार ने केरल उच्च न्यायालय को बताया कि पिछले साल जुलाई में वायनाड में हुए भूस्खलन से प्रभावित लोगों के ऋण माफ नहीं किए जाएंगे। उच्च न्यायालय ने पूछा था कि क्या प्रभावित व्यक्तियों के ऋण माफ किए जा सकते हैं। यह दलील वायनाड भूस्खलन के मद्देनजर न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका में दी गई।

### नवजात के रोने से मां ने कर दी हत्या



**अहमदाबाद।** यहां 22 वर्षीय एक महिला को अपने नवजात बेटे को भूमिगत पानी की टंकी में फेंक कर कथित रूप से हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि वह उसके लगातार रोने से परेशान थी। मेघानीनगर पुलिस में महिला के पति ने शिकायत की थी कि उसका तीन महीने का बच्चा कहीं मिल नहीं रहा है।

### अनंत के जन्मदिन से पहले मथुरा में अनुष्ठान



**मथुरा।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के पुत्र अनंत अंबानी के जन्मदिन से एक दिन पहले बुधवार को पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के प्रमुख केंद्र मथुरा के द्वारकाधीश मंदिर में उनकी ओर से अनुष्ठान और प्रसाद का आयोजन किया गया। अनंत अंबानी के जन्मदिन गुरुवार को है उस उपलक्ष्य में उनके परिवार की ओर से मनोरथ का आयोजन किया गया है।

**चीन-अमेरिका में टैरिफ महायुद्ध : दोनों महाशक्तियां अपने-अपने हित के लिए झुकने को तैयार नहीं**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किए दो बड़े ऐलान

# चीन पर 125% टैरिफ लगाया, 75 देशों को टैरिफ से 90 दिन की राहत

*अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार युद्ध गहराता जा रहा है। ट्रंप ने अब चीन के खिलाफ टैरिफ दर को तत्काल प्रभाव से 125% तक बढ़ाने की घोषणा की है। ट्रंप ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने चीन पर वैश्विक बाजारों के प्रति 'असम्मान' दिखाने का आरोप लगाया*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वॉर रुकने का नाम नहीं ले रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब चीन के खिलाफ टैरिफ दर को तत्काल प्रभाव से 125 प्रतिशत तक बढ़ाने की घोषणा की है। ट्रंप ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने चीन पर वैश्विक बाजारों के प्रति 'असम्मान' दिखाने का आरोप लगाया। साथ ही ट्रंप ने कई देशों के लिए टैरिफ पर 90 दिनों की छूट अवधि की घोषणा की है।

ट्रंप ने कहा कि चीन ने जिस तरह से विश्व बाजारों का सम्मान नहीं किया है, उसे देखते हुए, मैं अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए जा रहे टैरिफ को तत्काल प्रभाव से 125% कर रहा हूं। उम्मीद है कि जल्द ही चीन समझेगा कि अमेरिका और अन्य देशों का शोषण अब न तो स्वीकार्य है और न ही टिकाऊ। हालांकि, ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका के प्रति 75 से अधिक देशों की सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए उन्होंने एक 90 दिनों की छूट अवधि की घोषणा की है। इस दौरान अमेरिका की ओर से 'रिसिप्रोकल टैरिफ ' को घटाकर 10% कर दिया गया है। हालांकि ट्रंप के गैर चीनी मुल्कों पर टैरिफ स्थगन की विस्तृत जानकारी अभी ▶▶ शेष पेज 6 पर

***चीन ने कहा था कि वह अमेरिकी वस्तुओं 84% तक टैरिफ लगाएगा***



चीन पर 'असम्मान' दिखाने का आरोप लगाया

### चीन बोला- ट्रंप टैरिफ वार भड़काएंगे तो चीन अंत तक लड़ेगा

इससे पहले अमेरिकी 104 प्रतिशत टैरिफ पर चीन के विदेश मामलों के प्रवक्ता ने कहा कि चीनी लोगों के विकास के वैध अधिकार को उसके सामानों पर शुल्क लगाकर वंचित नहीं किया जाना चाहिए। लिन जियान ने अमेरिका पर धमकाने का आरोप लगाया, और ट्रम्प के प्रशासन से बातचीत के माध्यम से विवाद को हल करने के लिए समानता, आपसी सम्मान और पारस्परिकता का रवैया प्रदर्शित करने की अपील की। साथ ही चीन के विदेश मामलों के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि अगर ट्रंप व्यापार युद्ध को भड़काने पर जोर देते हैं, तो चीन अंत तक लड़ने के लिए मजबूर हो जाएगा। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

### ड्रेगन को अब याद आई भारत की 'दोस्ती'

चीन अमेरिकी टैरिफ से त्रस्त है, उसे भारत की याद भी आ गई है। वो भारत को अपना करीबी दोस्त बता रहा है। चीनी एबेंसी ने एक जारी बयान में कहा कि भारत और चीन के ट्रेड रिश्ते आपसी सहमति और लाभ पर टिके हुए हैं। इस समय जब अमेरिकी टैरिफ की वजह से कई देशों को नुकसान हो रहा है, दो सबसे बड़े विकासशील देशों को साथ आना चाहिए, साथ आकर इस ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अमेरिका ने कहा चीन कर रहा भारी गलती, खामियाजा भुगतना होगा

*व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिना लेविट ने चीन द्वारा अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई को एक गलती करार दिया। उन्होंने कहा कि जब अमेरिका को चुनौती दी जाती है तो जवाब सशक्त और अडिग होता है। लेविट ने कहा- चीन द्वारा जवाबी कार्रवाई करना एक गलती थी। जब अमेरिका पर हमला होता है तो वह और भी जोरदार तरीके से पलटवार करता है। चीन ने वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन को दिए गए एक बयान में कहा कि प्रभावित सदस्यों में से एक के रूप में, चीन इस लापरवाह कदम पर गंभीर चिंता और विरोध व्यक्त करता है। रेसिप्रोकल टैरिफ व्यापार असंतुलन का समाधान नहीं है और कभी नहीं होगा। इसके बजाए, वे उलटे असर करेंगे, जिससे अमेरिका को ही नुकसान होगा।*

### पुडुचेरी के कॉलेज से कार्डियोलॉजिस्ट का फर्जी सर्टिफिकेट बनवाया



# कुंवारा है डॉ. कैम, दस्तावेज में पत्नी और बच्चों के नाम भी फर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह का फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर एन जॉन कैम उर्फ नरेंद्र विक्रमादित्य यादव पुलिस रिमांड पर है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपनी निजी जिंदगी और डिग्रियों को लेकर कई खुलासे किए हैं। आरोपी ने मेडिकल कम्युनिटी में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए विदेशी नाम रखा था। आरोपी का दावा है कि उसकी एमबीबीएस की डिग्री असली है, जो उसने नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज से की थी। अब, पुलिस की टीम इसे लेकर जानकारी जुटा रही है। पूछताछ में आरोपी ने खुद को अविवाहित बताया है। उसने फर्जी दस्तावेज बनाने के लिए पत्नी ▶▶ शेष पेज 6 पर

■ जांच करने दिल्ली से आई राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम वापस लौटी

◆ एमबीबीएस की डिग्री नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज की बताई



### 2013 में बनवाया था फर्जी सर्टिफिकेट

आरोपी एन जॉन कैम ने पुलिस को बताया कि उसके पास एमबीबीएस की डिग्री थी। इसी बीच वह यूके गया और उसने एमडी एमआरसीपी का कोर्स करने के बाद एक-दो साल वाले कुछ और मेडिकल कोर्स किए। इसके बाद जब वह भारत लौटा तो उसके सामने एक और समस्या आ गई कि यहां प्रैक्टिस करने के लिए उसे भारत की डिग्री की ही जरूरत थी। भारत की एमडी कार्डियोलॉजिस्ट की डिग्री के बिना वह प्रैक्टिस नहीं कर सकता था। ऐसे में उसने साल 2013 में पुडुचेरी के एक मेडिकल कॉलेज ▶▶ शेष पेज 6 पर

**बोनट पर लटकाकर घसीटने वाला गैंग पकड़ाया**

पुलिस को 26 अलग अलग बैंकों के एटीएम कार्ड मिले

# आरोपी दिल्ली में कैब चलाने और सब्जी बेचने का काम करने लगते

चोर प्रोफेशनल गैंग के सदस्य,जो यूपी के प्रतापगढ़ जिले के





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर में एक पुलिसकर्मी से लूट कर फरार हुए बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया है। वारदात उस वक्त हुई, जब सिविल ड्रेस में मौजूद हवलदार ने एटीएम से कैश निकाला और चार बदमाशों ने मिलकर न सिर्फ उससे 30 हजार रुपए लूटे, बल्कि भागते समय उसे टक्कर मारकर कार के बोनट पर लटका लिया और करीब एक किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गए। जांच में पता चला है कि यह कोई साधारण चोर नहीं, बल्कि प्रोफेशनल गैंग के सदस्य हैं, जो यूपी के प्रतापगढ़ जिले से हैं और फिलहाल दिल्ली के शाहीन बाग, ओखला इलाके से गैंग चला रहे हैं। पकड़े गए दो आरोपियों के पास से पुलिस को 26 अलग-अलग बैंकों के एटीएम कार्ड मिले हैं। यह गैंग वारदातों को अंजाम देने के बाद खुद को बचाने के लिए दिल्ली में ओला कैब ड्राइवर और सब्जी विक्रेता बनकर छिप जाते हैं। सीएसपी मनीष यादव ने बताया वाहन चालक नरेन्द्र पालिया के साथ लूट की सूचना पर सभी पॉइंट्स को अलर्ट किया गया था। जल्द ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनसे पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं।

**अनूपपुर में बस और ऑटो की भीषण टक्कर**

स्टेट हाईवे अमरकंटक मार्ग पर हुआ हादसा

# ऑटो रिक्शा के उड़े परखच्चे तीन की मौत और 5 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अनूपपुर

बुधवार को स्टेट हाईवे अमरकंटक मार्ग में किरार घाटी के पहले सजहा के पास एक यात्री बस ने सवारी बैठे एक ऑटो को टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिला और एक पुरुष शामिल है। पांच घायलों को जिला अस्पताल अनूपपुर में इलाज के लिए भेजा गया है। शहडोल से डिंडोरी जा रही बस जैसे ही सजहा गांव के समीप पर मोड़ पर पहुंची सामने से आ रहे आटो से टकरा गई। घटना इतनी भीषण थी की ऑटो के परखच्चे उड़ गए। मौके पर ही आटो में सवार तीन की मौके पर ही मौत हो गई।




मृतकों में मोहवती पती जगन्नाथ सिंह (40), रामकुमार पिता दशरथ सिंह (40) और सूरजवती पति सुरेश सिंह (40) की मौके पर मौत हो गई है सभी निवासी ग्राम बड़हर खोह के हैं जो अनूपपुर जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान, कलेक्टर हर्षल पंचोली घायलों को देखने जिला अस्पताल पहुंचे।

### बुरहानपुर में कार पेड़ से टकराई महाराष्ट्र के 2 लोगों की मौत

**बुरहानपुर।** इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर बुधवार दोपहर एक बेकाबू कार पेड़ से जा टकराई। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक महाराष्ट्र के रहने वाले थे। अभी तक उनकी पहचान नहीं हो पाई है। घटना शाहपुर में हनुमान मंदिर के पास दोपहर 12 से 1 बजे के बीच की है। हादसे के दौरान कार बेकाबू होकर केले के खेत में जा घुसी।

**राहुल ने गुजरात अधिवेशन में कहा- ये देश हर जात, धर्म और भाषा का है, ये हमारी विचारधारा**

आर्थिक तूफान आने वाला है, कोरोना में मोदी ने थाली बजवाई थी, अब वे कहां?

# वक्फ संशोधन विधेयक धार्मिक स्वतंत्रता व संविधान पर हमला

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



कांग्रेस वर्किंग कमेटी के गुजरात अधिवेशन में लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, उनकी (आरएसएस) विचारधारा संविधान के खिलाफ है। वे लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। वे भारत की सभी संस्थाओं पर नियंत्रण करना चाहते हैं और देश का पैसा अंबानी-अडाणी को सौंपना चाहते हैं। राहुल गांधी ने वक्फ ▶▶ शेष पेज 6 पर

## आरएसएस की विचारधारा संविधान के खिलाफ

### भाजपा का जवाबः राहुल को क्या दिक्कत है?



**नई दिल्ली।** भाजपा ने एकबार फिर वक्फ कानून पर कांग्रेस को घेरा है। वक्फ कानून को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वक्फ पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी खुद इस मुद्दे को लेकर कंफ्यूज हैं और असमंजस में हैं कि उन्हें वक्फ पर क्या स्टैंड लेना है। प्रसाद ने कहा कि राहुल ने यह दावा किया है कि वक्फ बिल असंवैधानिक है, ▶▶ शेष पेज 6 पर

**दादी का किस्सा सुनाया**

### कहा-दुनिया मेरे मरने के बाद मुझे भूल भी जाए तो वो भी मुझे मंजूर

राहुल ने अपने बचपन का किस्सा सुनाते हुए बताया कि मैंने एक बार अपनी दादी इंदिरा गांधी से एक बार एक सवाल पूछा कि दादी मरने के बाद आपके बारे में लोगों को क्या कहना चाहिए? इंदिरा गांधी ने जवाब दिया कि राहुल, मैं अपना काम करती हूं। मरने के बाद लोग मेरे बारे में क्या सोचें, क्या न सोचें मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं सिर्फ अपने काम में दिलचस्पी रखती हूं। अगर पूरी दुनिया मेरे मरने के बाद मुझे भूल भी जाए तो वो भी मुझे मंजूर है। यही मेरी भी सोच है। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

**इंदौर पहुंचे सीएम डॉ. यादव ने कांग्रेस पर बोला हमला**

# वोटों के चक्कर में आप बहुसंख्यकों के साथ लगातार 'अन्याय' करते हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को इंदौर पहुंचे। विमानतल पर उन्होंने कांग्रेस के अब सरदार पटेल के सिद्धांतों पर चलने के सवाल पर कहा कि चलिए देर आए, दुरुस्त आए। कांग्रेस को अब समझ में आ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने तो ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार करते हुए अतीत में राहुल गांधी के पूर्वज नेहरू को इसके लोकार्पण के लिए आमंत्रित किया था और उन्होंने मना कर दिया था। कहना पड़ रहा है कि आज भी वह राम मंदिर के दर्शन करने से बच रहे हैं। वोटों के लिए आप (कांग्रेस) कुछ भी कहो लेकिन जनता आपको देख रही है। जनता आपको माफ नहीं करती है। आप वर्ग विशेष के वोटों के चक्कर में बहुसंख्यक ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ममता सहित सभी विपक्षी दल माफी मांगेंगे

यादव ने कहा कि कांग्रेस का षड्यंत्र बेनकाब हुआ है। हम कह रहे थे कि यह (वक्फ बिल) गरीब मुसलमानों के हक की लड़ाई थी, इसलिए पूरे देश के मुस्लिम समाज ने इन विसंगतियों को जाना पहचाना। उम्मीद करता हूं कि कांग्रेस और उनके सहयोगी दल ममता बेनर्जी सहित सभी लोग माफी मांगेंगे। वक्फ की भावना समझ कर गरीब और कमजोर तबके के मुसलमान भाइयों के साथ न्याय में साथ देंगे।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार | भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण | लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन

# सड़क निर्माण से मध्य प्रदेश हो रहा समृद्ध



डॉ.मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

''हमारी सरकार सुगम सम्पर्क, तेज विकास, बेहतर सुरक्षा और सबकी समृद्धि सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के साथ नेक्स्ट जनरेशन इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए लगातार कदम उठा रही है।''

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## ₹ 5800 करोड़ से अधिक के निवेश से कुल 328 किमी लम्बी 10 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

### लोकार्पण

**उज्जैन-बदनावर खंड पर 4 लेन सड़क**
NH- 752D(SPUR), लम्बाई: 69 कि.मी., लागत: ₹1353 करोड़

**उज्जैन-गरोठ कॉरीडोर में खेड़ा खजुरिया से सुहागड़ी तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाईवे**
NH- 752D, लम्बाई: 48 कि.मी., लागत: ₹876 करोड़

**उज्जैन-गरोठ कॉरीडोर में सुहागड़ी से बर्डिया अमरा तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाईवे**
NH- 752D, लम्बाई: 46 कि.मी., लागत: ₹823 करोड़

**जीरापुर-सुसनेर-मध्य प्रदेश/राजस्थान बॉर्डर रोड खंड पर 2 लेन पेव्ड शोल्डर सड़क**
NH- 752B, लम्बाई: 46 कि.मी., लागत: ₹241 करोड़

**बाकानेर घाट पर पेव्ड शोल्डर के साथ अतिरिक्त 3 लेन सड़क**
NH- 52, लम्बाई: 09 कि.मी., लागत: ₹209 करोड़

### शिलान्यास

**संदलपुर-नसरुल्लागंज खंड पर 4-लेन सड़क**
NH- 146B, लम्बाई: 43 कि.मी., लागत: ₹1536 करोड़

**चंदेरी-पिछोर खंड पर 2 लेन पेव्ड शोल्डर सड़क**
NH- 346, लम्बाई: 56 कि.मी., लागत: ₹415 करोड़

**इंदौर-गुजरात खंड पर 7 फ्लाइओवर व अंडरपास**
NH- 59, लम्बाई: 05 कि.मी., लागत: ₹217 करोड़

**शाजापुर, कनासीया एवं MIDC इंडस्ट्रीयल एरिया में 3 फ्लाइओवर व अंडरपास**
NH- 52, लम्बाई: 05 कि.मी., लागत: ₹111 करोड़

**रसलपुर जंक्शन पर फ्लाइओवर**
NH- 52, लम्बाई: 01 कि.मी., लागत: ₹52 करोड़

### परियोजनाओं से होने वाले लाभ

- दिल्ली, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र की उज्जैन से हाई स्पीड कनेक्टिविटी, श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की यात्रा सुगम, श्रद्धालुओं को सुविधा
- दिल्ली एवं मुंबई का मालवा क्षेत्र से सुगम संपर्क, लॉजिस्टिक लागत में कमी
- संदलपुर-नसरुल्लागंज चौड़ीकरण से जबलपुर इंदौर की सीधी कनेक्टिविटी में सुधार
- कृषि उपज एवं स्थानीय उत्पादों की वैश्विक बाजारों तक पहुँच आसान, रोजगार के नए अवसरों का सृजन
- बाकानेर घाट के रिअलाइनमेंट से सुगम एवं सुरक्षित यात्रा
- बेहतर कनेक्टिविटी के कारण निवेश में वृद्धि, आर्थिक विकास को बल
- उज्जैन से बदनावर तक यात्रा का समय 2 घंटे से घट कर 45 मिनट हुआ, समय और ईंधन की बचत
- इंदौर-गुजरात एवं ब्यावरा देवास खंड पर फ्लाइओवर निर्माण से ट्रैफिक जाम से राहत
- चंदेरी किला एवं पिछोर जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल तक पहुंचना आसान, पर्यटन को बढ़ावा

## नितिन गडकरी
केन्द्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग
भारत सरकार
के द्वारा

एवं

## डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश
की अध्यक्षता में

**गुरुवार, 10 अप्रैल 2025, प्रात: 11.30 बजे | स्थल: खेड़ा, बदनावर (जिला-धार)**

### गरिमामयी उपस्थिति

**शिवराज सिंह चौहान** – कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार | **ज्योतिरादित्य सिंधिया** – केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री, भारत सरकार

**अजय टम्टा** – राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय | **हर्ष मल्होत्रा** – राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय | **सावित्री ठाकुर** – महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार | **जगदीश देवड़ा** – उप मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश | **कैलाश विजयवर्गीय** – मंत्री, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्य प्रदेश शासन | **राकेश सिंह** – मंत्री, लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन

**बालयोगी उमेश नाथ महाराज** – राज्य सभा सदस्य | **बंशीलाल गुर्जर** – राज्य सभा सदस्य | **अनिल फिरोजिया** – सांसद, उज्जैन-आलोट | **सुधीर गुप्ता** – सांसद, मंदसौर | **शंकर लालवानी** – सांसद, इंदौर | **रोडमल नागर** – सांसद, राजगढ़ | **गजेंद्र सिंह पटेल** – सांसद, खरगोन | **महेंद्र सिंह सोलंकी** – सांसद, देवास

### परियोजना क्षेत्र से जुड़े विधायक गण

अनिल जैन कालूहेड़ा | चन्दर सिंह सिसोदिया | जीतेन्द्र पंड्या | आशीष शर्मा | नीना विक्रम वर्मा | कालूसिंह ठाकुर | गायत्री राजे पवार | रमाकांत भार्गव | अरुण भीमावद | मनोज पटेल | जगन्नाथ सिंह रघुवंशी
राजकुमार मेव | रमेश प्रसाद खटीक | प्रीतम लोधी | माधव सिंह | कालूराम मेघवाल | हजारीलाल दांगी | हरदीप सिंह डंग | भंवर सिंह शेखावत | प्रताप ग्रेवाल | भैरो सिंह बापू | महेश परमार | दिनेश जैन

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

FOR LIVE STREAMING : www.facebook.com/nitingadkary | https://twitter.com/nitin_gadkari | www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

cbc 37107/15/0001/2526

# ग्लोबल स्किल पार्क की सभी सीटें भरी जाएंगी, हर विकासखंड में होंगे आईटीआई

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्लोबल स्किल पार्क की ब्रांड वैल्यू को स्थापित करते हुए यहां की सभी सीटें भरना सुनिश्चित किया जाएं। स्किल पार्क में संचालित सभी तकनीकी पाठ्यक्रमों, उनकी उपयोगिता और रोजगारपरक क्षमता पर केंद्रित प्रचार-प्रसार अभियान का संचालन व्यापक स्तर पर किया जाए। प्रदेश में विद्यमान उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में निजी क्षेत्र का भी सहयोग लिया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग की समीक्षा में यह निर्देश दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

युवाओं के व्यवहारिक प्रशिक्षण और अनुभव के लिए तकनीकी विशेषज्ञता वाले विश्वविद्यालयों और निजी औद्योगिक इकाइयों को शैक्षणिक संस्थाओं से जोड़ा जाएगा



**तकनीकी शिक्षा कौशल विकास और रोजगार विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता और रोजगार के लिए प्रशिक्षित करने में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विभाग में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति के प्रति असंतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास और उनके लिए रोजगारपरक कार्यक्रमों के लक्ष्य और समय-सीमा निर्धारित कर परिणाममूलक गतिविधियां संचालित की जाए।

### जर्मन और जापानी भाषाओं में दक्ष व्यक्तियों के लिए रोजगार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जर्मन और जापानी भाषाओं में दक्ष व्यक्तियों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन भी भाषाओं में रोजगार के अवसरों की अधिक संभावना है, उनके प्रशिक्षण की प्रदेश में उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने तकनीकी रूप से दक्ष विश्वविद्यालयों और निजी क्षेत्र के औद्योगिक इकाइयों को जोड़ते हुए युवाओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

**भाषा रोजगार के लिए प्रदेश में प्रशिक्षण की उचित व्यवस्था के निर्देश**

### स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर विकासखंड में आईटीआई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई और पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय स्तर पर विद्यमान औद्योगिक इकाइयों के समन्वय से गतिविधियां संचालित की जाएं। इससे युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### जरूरत के अनुरूप कुशल और दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध होंगे

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इससे प्रदेश के उद्योगों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप कुशल और दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध होंगे तथा युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सकेगा। बैठक में कौशल विकास नीति, रोजगार कार्यालयों और कौशल विकास के विलय, स्थानीय एवं परम्परागत पद्धतियों की पहचान के लिए आरंभ श्रुति कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई।*

---

**खबर संक्षेप**

### मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री गडकरी का माना आभार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के उन्नयन की स्वीकृति और अन्य विकास कार्यों की बहुमूल्य सौगात प्रदान करने पर केंद्रीय राजमार्ग एवं सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार माना। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास की गति को और अधिक बढ़ाने के लिए रोड और हाईवे का विशाल नेटवर्क आकार ले रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन से क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### भाजपा कर्मचारी विरोधी नहीं छिपेगा सचः जीतू

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में सरकारी कर्मचारियों के लिए आठ साल बाद पदोन्नति का रास्ता साफ होने की खबर को भाजपा अपनी उपलब्धि बताकर वाहवाही लूटने की कोशिश कर रही है। यह आरोप बुधवार को कांग्रेस की तरफ से लगाते हुए पलटवार किया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि यह न तो कोई उपलब्धि है और न ही सरकार की संवेदनशीलता का परिचायक, बल्कि यह उसकी कर्मचारी विरोधी नीतियां और लंबे समय तक चली आ रही उपेक्षा का नतीजा है। उन्होंने कहा कि 2016 से 2025 तक का समय मध्यप्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए एक काला अध्याय रहा है। इस दौरान एक लाख से अधिक कर्मचारी बिना पदोन्नति के रिटायर हो गए।

---

### आत्मनिर्भर मप्र बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका

**मुख्यमंत्री कुक्षी में स्व सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़े कार्यक्रम में हुए शामिल**

# स्व-सहायता समूह से बहनों के जीवन में नए सूर्य का उदय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूह महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध भी हो रही है। आत्मनिर्भर मप्र बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका है। सशक्त नारी ही समृद्ध प्रदेश का आधार है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार जिले के कुक्षी में आयोजित स्व-सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की बहनों को निकाय चुनाव में 50% आरक्षण दिया जा रहा है। साथ ही 2029 तक लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33% आरक्षण के प्रयास भी किए जा रहे हैं। जमीन या मकान की रजिस्ट्री महिला के नाम पर करने पर पंजीयन शुल्क में छूट दी जा रही है। लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। महिला स्व-सहायता समूह की बहनों ने हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर अपना सामर्थ्य दिखाया है।

*बहनों को निकाय चुनाव में 50% आरक्षण दिया*

*लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को सशक्त किया*




### भरपूर पोषण मिले तो वह सशक्त बनेंगे

*केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने बताया कि बाल्यावस्था में बच्चों को भरपूर पोषण मिले तो वह सशक्त बनेंगे और राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने में समर्थ होंगे। हमारा दायित्व है कि हम भारत के भविष्य को पोषण दें। वर्तमान सरकार महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।*

### कपड़ा कारखानों में काम करने वाली महिलाओं को 5 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार कपड़ा कारखानों में काम करने वाली बहनों को 5 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में अलग से देगी। कंपनी मालिक भी 8 हजार रुपए मेहनताना देंगे। इस प्रकार उनकी मासिक आय 14 हजार 250 रुपए सुनिश्चित हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए 24 घंटे काम कर रही है। राज्य सरकार ने एक लाख शासकीय पदों पर भर्ती का अभियान शुरू किया है।

### 5 साल में ढाई लाख नौकरी के अवसर

*सरकार अगले 5 साल में ढाई लाख नौकरी के अवसर प्रदान करेगी। हमारी सरकार में हर बेरोजगार के हाथ में रोजगार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार के बदनावर में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 10 अप्रैल को धार को देवास से जोड़ने वाली 4 लेन का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही 5 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की नई सौगातें मिलेंगी। 30 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लोकार्पण की सौगात भी मिलेगी। शुक्रवार 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी श्री आनंदपुर धाम आ रहे हैं। इसके बाद रविवार 13 अप्रैल को केन्द्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह सहकारी सम्मेलन में भोपाल आएंगे। सहकारिता कार्यों को गति प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ अनुबंध करेंगे।*

### स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने साझा किए अपने अनुभव

समारोह में ग्राम पिपलिया सरपंच श्रीमती अनीता लोकेश पांचाल ने मंच से जल गंगा संवर्धन अभियान में किए गए बावड़ी जीर्णोद्धार कार्य के अनुभव साझा कर बताया कि पहले बावड़ी बहुत गंदी थी। जनसहयोग एवं जन भागीदारी से बावड़ी का पानी पीने योग्य हो गया है। ग्राम झड़दा निवासी सुखली बाई ने स्व-सहायता समूह के अनुभव साझा करते हुए बताया कि पूर्व में उनके घर की स्थिति खराब थी लेकिन श्री सांई स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद ऋण प्राप्त किया।

---

**भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हरदा के ग्राम पोखरनी पहुंचे**





# वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर हितानंद ने किया गोशाला में श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी के स्थापना दिवस के अंतर्गत गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत बुधवार को हरदा जिले के टिमरनी विधानसभा के करताना मंडल के ग्राम पोखरनी में बूथ समिति की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया एवं गोशाला में श्रमदान कर शोभायात्रा में शामिल हुए।

प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने बूथ समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत व परिश्रम से दो सांसदों से देश सेवा का सफर शुरू करने वाली भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुकी है। भाजपा राष्ट्र प्रथम व अंत्योदय के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी गरीब, युवा, महिला व किसान कल्याण के साथ भारत को विकसित राष्ट बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं।



### भाजपा ने अपने विचारों से कभी समझौता नहीं किया

*भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचार आधारित दल है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अपने विचारों से कभी समझौता नहीं करता। राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भाजपा का हर कार्यकर्ता देश और समाज की सेवा कर रहा है और जरूरत पड़ने पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को भी तैयार रहता है। पार्टी का स्थापना दिवस हमें अपने संगठन के महापुरूषों के पथ पर चलते हुए देश और समाज की सेवा करने की प्रेरणा देता है।*

---

# एक मई से मप्र में लागू होगी स्मार्ट पीडीसी स्कीम, अब शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण ई-केवाईसी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में अब उसी हितग्राही को पीडीएस का खाद्यान्न मिलेगा, जिनका ई-केवाईसी हो चुका है। बगैर ई-केवाईसी के किसी भी हितग्राही को अब खाद्यान्न नहीं मिल सकेगा। राज्य शासन ने कहा कि मप्र में स्मार्ट पीडीएस एक मई से लागू किया जाना प्रस्तावित है। पीडीएस के सभी पात्र हितग्राहियों से हर हाल में ई-केवायसी 30 अप्रैल तक कराने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि इस कार्य में लगी टीम ग्राम, मोहल्ले में जाकर ई-केवायसी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी अभियान के दौरान राशन वितरण प्रभावित नहीं होना चाहिए। इस कार्य में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अमले का भी सहयोग लिया जाए। बैठक में आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा, एमडी नागरिक आपूर्ति निगम अनुराग वर्मा, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### गेहूं उपार्जन की प्रगति की जिलेवार समीक्षा

*एसीएस शमी ने गेहूं उपार्जन की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्र पर बारदाना एवं हम्माल, तुलावटी की समुचित व्यवस्था करें। स्लॉट बुकिंग अनुसार उपार्जन केन्द्रों में तौलकांटों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन किसानों की ओर से स्लॉट बुक कर लिया गया है, उनसे उपज विक्रय के लिए सम्पर्क करें। भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड के गेहूँ का ही उपार्जन करें। उपार्जित गेहूं के परिवहन पर विशेष ध्यान दें। असामयिक वर्षा से उपार्जित गेहूं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। किसानों को बैठने के लिए छायादार स्थल, पेयजल एवं जनसुविधा की व्यवस्था करें।*

### गेहूं उपार्जन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा की

अपर मुख्य सचिव (खाद्य) रश्मि अरूण शमी ने बुधवार को ई-केवायसी अभियान और न्यूनतम समर्थन मूल्य गेहूं उपार्जन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी कर दोहरे एवं मृत हितग्राहियों के नाम सूची से विलोपित करवाएं। ई-केवायसी की सुविधा पीओएस मशीन पर उपलब्ध है। मोबाइल एप से भी ई-केवाईसी किया जा सकता है।

---

# 'राज्य में जनता की सेहत भगवान भरोसे, सरकार को चिंता नहीं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर बुधवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राज्य में जनता की सेहत भगवान भरोसे हैं। लोग मर रहे, लेकिन सरकार को चिंता नहीं है। ब्लैकलिस्टेड कंपनी गुजरात की कंपनी रेडिएंट पैरेंटेरल्स लिमिटेड से इंजेक्शन खरीदकर मरीजों को लगाया गया, जिससे लोगों की याददाश्त जा रही है।



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के क्षेत्र रीवा के संजय गांधी मेडिकल कॉलेज का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यहां 5 प्रसूताओं को इंजेक्शन लगाने से उनकी याददाश्त चली गई है। सिंघार ने कहा कि कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के बावजूद भी 26 फरवरी को पांच प्रसुताओं को इसके इंजेक्शन लगाए, जो गंभीर बात है। सिंघार ने कहा कि हाल ही में एक फर्जी डॉक्टर का मामला सामने जो अभी थमा भी नहीं कि नया मामला सामने आ गया। उन्होंने कहा कि जबलपुर में भाजपा जिला चिकित्सा प्रकोष्ट के सह-संयोजक फर्जी डॉक्टर बनकर 1 साल तक अस्पताल में इलाज करते रहा। प्रदेश की ऐसी चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था चिंताजनक है।

---

**अंगुल चिन्ह विशेषज्ञों के लिए हुआ सेमिनार**

# एडीजी ने दिए नए शोध कार्यों के सुझाव, उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंगुल चिन्ह ब्यूरो, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा बुधवार को नवीन सभागार कक्ष में प्रदेश के समस्त जोनल और जिला अंगुल चिन्ह विशेषज्ञों के लिए एक दिवसीय सेमिनार एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो जयदीप प्रसाद द्वारा की गई।

सेमिनार में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा अंगुल चिन्ह विशेषज्ञों के पिछले विगत वर्ष के कार्यों की समीक्षा की गई तथा राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश अंगुल चिन्ह ब्यूरो द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों एवं के माध्यम से अपराधियों की पतारसी कर अपराध अन्वेषण में दिए गए महत्त्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा अंगुल चिन्ह क्षेत्र में व्यवसायिक दक्षता में वृद्धि करने के साथ-साथ नवीन शोध कार्य करने के सुझाव भी दिए गए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा हाल ही में 2024 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर जिला बैतूल में पदस्थ अंगुल चिन्ह विशेषज्ञ आबिद अहमद अंसारी को इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।




### मार्गदर्शन भी दिया

*समापन सत्र में उप पुलिस महानिरीक्षक हेमंत चौहान, द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशेषज्ञों को पुरस्कृत करने एवं समस्त अंगुल चिन्ह विशेषज्ञों को अपनी दक्षता में वृद्धि करने, जिला व जोनल इकाइयों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने एवं अपने कार्यों में सुधार के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया।*

---

## अखिल भारतीय कांग्रेस का दो दिवसीय अधिवेशन अहमदाबाद में आयोजित

# जिलाध्यक्षों की नियुक्ति निष्पक्ष तरीके से होगी, ताकि जमीनी स्तर पर संगठन मजबूत हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा अहमदाबाद (गुजरात) के साबरमती आश्रम में आयोजित दो दिवसीय पार्टी के 84वें अधिवेशन में बुधवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना पर जोर देते हुए कहा कि आरएसएस और भाजपा जातिगत जनगणना कराने के विरोध में हैं, क्योंकि पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली बनी हुई है। देश की सरकारी और गैर सरकारी संपत्तियों पर कब्जा कर लिया है और सरकारी संस्थाओं में संघ से जुड़े लोगों को पदाधिकारी बनाकर देश की संपत्ति को लूटने का काम किया जा रहा है।

राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने संबोधन में पार्टी नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि जो लोग संगठन के कार्यों में योगदान नहीं दे रहे हैं, उन्हें आराम करना चाहिए और जो जिम्मेदारी नहीं निभा सकते, उन्हें स्वेच्छा से रिटायर हो जाना चाहिए। खरगे के इस बयान पर कमलनाथ ने कहा- हां बिल्कुल, जो लोग सक्रिय नहीं हैं उनको आराम करना चाहिए।



**कांग्रेस की मजबूती के लिए हम सभी एकजुट होकर आगे आए: पटवारी**

खरगे ने कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए जिला अध्यक्षों की भूमिका को केन्द्र में रखने की बात कही। उन्होंने कहा जिलाध्यक्षों की नियुक्ति निष्पक्ष तरीके से होगी, ताकि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूती मिले। मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता से भाजपा-संघ की विचारधारा के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए आह्वान करते हुए कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की मजबूती के लिए हम सभी एकजुट होकर आगे आए, ताकि देश और मप्र के भविष्य को सदृढ़ बनाने में हमें शक्ति मिले।

### जिला अध्यक्षों को पावरफुल बनाने का प्रस्ताव

अधिवेशन में संगठन की मजबूती के लिए कई प्रस्ताव पारित किए गए, जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। एक मुख्य प्रस्ताव जिसमें जिला अध्यक्षों को और अधिक ताकतवर बनाने और संगठन को जिला स्तर पर केंद्रित करने का प्रस्ताव पारित किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। इस प्रस्ताव को शीघ्र ही संपूर्ण नियमावली के साथ संगठनात्मक ढांचे मजबूत बनाने सभी प्रतिनिधियों के समक्ष रखा जाएगा। डॉ. कामले ने बताया कि खरगे ने महाराष्ट्र में मतदाता सूची में हुई गड़बड़ियों से सीख लेने और उस पर सख्ती के साथ कार्य करने के निर्देश सभी प्रतिनिधियों को दिए।




## मेट्रो की ब्लू लाइन के लिए हटाए जाएंगे 531 दुकान-मकान

1121 करोड़ से तैयार होगा भदभदा से रत्नागिरी तक मेट्रो रूट

### जुलाई में शुरू हो जाएगी सुभाष नगर से एम्स तक मेट्रो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेट्रो के करोंद से एम्स रूट के काम के साथ ब्लू लाइन का काम भी शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत भदभदा से रत्नागिरी तक मेट्रो की ब्लू लाइन डाली जाएगी। इस रूट की जद में आने वाले 531 दुकान और मकान हटाए जाएंगे। जिसके लिए टीटी नगर और शहर एसडीएम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसकी जद में रोशनपुरा, चिकलोद रोड, बोगदा पुल आएगा। रत्नागिरी तिराहा और गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में भी कुछ निर्माण हटाए जाने हैं।



भदभदा से रत्नागिरी तक करीब 13 किमी लंबी ब्लू लाइन के लिए मेट्रो रेल कारेपोरेशन ने मिट्टी टेस्टिंग का काम कर लिया है। इधर, सुभाष नगर से एम्स तक के रूट पर जुलाई से मेट्रो शुरू कर दी जाएगी। ब्लू मेट्रो निर्माण के लिए तीन साल की समय सीमा तय है। इसके लिए यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक से लोन लेकर निर्माण होगा। बैंक से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद ही निर्माण एजेंसी को वर्कऑर्डर जारी किया जाएगा। जिसके तहत 2027 तक 30 किमी का मेट्रो नेटवर्क तैयार किया जाएगा। हालांकि पहले चरण में करोंद से एम्स तक करीब 16 किमी लंबी लाइन बनाई जा रही है, जिसके सेकंड फेस में अड़चनें होने की वजह से काम अटका हुआ है।

### मेट्रो की जद में आने वाले दुकानदारों को मिलेगी राशि

पुल बोगदा से करोंद तक बनाए जाने वाले मेट्रो के पहले रूट के सेकंड फेस का काम चल रहा है, लेकिन सिंधी कॉलोनी, भारत टॉकीज, नादिरा बस स्टैंड और सिंधी कॉलोनी चौराहे के बीच में आने वाली अड़चनों को अब तक दूर नहीं किया गया है, जिसकी वजह से मेट्रो का काम अटका हुआ है।

### जल्द होगी आरा मशीनों की शिफ्टिंग

बरखेड़ी फाटक से भारत टॉकीज तक मेट्रो के रूट पर 108 आरा मशीनें हैं। करीब 48 साल में इन मशीनों की शिफ्टिंग पर 50 से ज्यादा बार चर्चाएं हो चुकी हैं। आठ लोकेशन भी देखी जा चुकीं हैं। लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार छोटा रातीबड़ में 18 एकड़ जमीन अलॉट की गई थी। जहां साढ़े 5 करोड़ रुपए से सड़क, बिजली और पानी की सुविधाएं दी जाएगी, जिसको लेकर यहां काम शुरु कर दिया गया है।

## हीट स्ट्रोक: अस्पताल अलर्ट पर
# सरकारी, निजी अस्पताल में आरक्षित हों 5-5 बेड



स्थान: लिंक रोड नं. एक
समय: दोपहर 3.30 बजे

### मरीजों को सुबह 9 बजे से पहले या 4 बजे के बाद ही करें डिस्चार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गर्मी तेवर दिखाने लगी है। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने एडवाइजरी जारी की है। सरकारी और निजी अस्पतालों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में हीट स्ट्रोक मरीजों के लिए 5-5 बेड आरक्षित किए गए हैं। वार्डों को ठंडा रखने कूलर या अन्य उपाय करने के लिए कहा गया हैं। ओपीडी में लू के लक्षणों की जांच की जा रही है। मरीजों को सुबह 9 से पहले या शाम 4 बजे के बाद डिस्चार्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। हीट स्ट्रोक से जुड़ी बीमारियों की निगरानी के लिए सभी संस्थाओं को आईएचआईपी पोर्टल पर रिपोर्टिंग करने को कहा है।

#### बनाए जिंक कॉर्नर

स्वास्थ्य संस्थाओं में ओआरएस जिंक कॉर्नर बनाए गए हैं। यहां ओआरएस और जिंक की उपलब्धता के साथ घोल बनाने की विधि और फायदे बताए जा रहे हैं। ओआरएस शरीर में पानी की कमी को दूर करता है और दस्त की अवधि को कम करता है।

#### ये हैं लू के लक्षण

लू लगने के लक्षणों में तेज बुखार, मुंह का सूखना, पसीना न आना, चक्कर आना, उल्टी, कमजोरी, शरीर में दर्द, सिर दर्द, अधिक प्यास लगना, पेशाब कम आना, भूख कम लगना और बेहोशी शामिल हैं।

#### ऐसे करें बचाव

तेज धूप में ज्यादा देर तक रहने से शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है। इससे बचने के लिए धूप में सीधे संपर्क से बचें। ज्यादा पानी पिएं। सिर और कान को कपड़े से ढकें। हल्के सूती कपड़े पहनें। चश्मा, छाता, टोपी और जूते का उपयोग करें। पसीना ज्यादा आने पर ओआरएस घोल, लस्सी, मट्ठा और फलों का रस पिएं। चक्कर या मितली आने पर छायादार जगह पर रुकें और आराम करें। खाली पेट बाहर न निकलें। चाय, कॉफी, मीठे और गैस वाले पेय पदार्थों से बचें।

## खबर संक्षेप

### स्व. लाल सिंह की आंखों से रोशन होगा दृष्टिबाधितों का जीवन

**भोपाल।** एम्स संस्थान के हॉस्पिटल कॉर्नियल रिट्रीवल प्रोग्राम (एचसीआरपी) के तहत मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के बुदनी निवासी 61 वर्षीय स्वर्गीय लाल सिंह चौहान ने मरणोपरांत अपनी दोनों आंखों की पुतलियां दान की। एम्स भोपाल के नेत्र विज्ञान विभाग के आई बैंक की टीम ने स्व. चौहान के परिजनों के साथ परामर्श किया, जिसके बाद परिवार ने सहमति प्रदान की। उनकी इस उदारता से स्व. लाल सिंह चौहान की मृत्यु के उपरांत भी उनकी दृष्टि दूसरे दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन में रोशनी लाएगी। इस अवसर पर एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि नेत्रदान एक ऐसा अमूल्य कार्य है, जो मृत्यु के बाद भी किसी के जीवन में रोशनी फैलाने का अवसर देता है। स्व. चौहान एवं उनके परिवार द्वारा लिया गया यह निर्णय न केवल दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन में उजाला लाएगा, बल्कि पूरे समाज को प्रेरणा देगा।

### कॉलेजों के चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के लिए जरूरत अनुसार दी जाएगी वर्दी

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर में सरकारी कॉलेजों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से उनकी आवश्यकता के अनुसार वर्दी मद के लिए मांग पत्र मांगा है। इसके लिए बुधवार को उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी सरकारी कॉलेजों के प्राचार्यों को आदेश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि सरकारी कॉलेजों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए बीते वर्षों से समय समय पर उनकी वर्दी के लिए विभाग द्वारा वर्दी मद में बजट प्रदान किया जाता रहा है। इस सत्र 2025-26 में भी वर्दी मद के तहत यह व्यवस्था रहेगी। इसके लिए प्रदेश के जिन कॉलेजों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी के लिए बजट की आवश्यकता है, वे कर्मचारी आवश्यकता के अनुसार दिए गए फार्मेट में एक सप्ताह के अंदर आवेदन प्रस्तुत करें।

## ऐसे चल रहा है आशिमा मॉल में यूआईडीएआई का 'आधार सेंटर'

# बुजुर्ग ने कहा- क्या मरने के लिए खड़े हैं ? स्टाफर चांदनी चंदेल बोली- मरे तो नहीं ?

**हंगामा :** चार घंटे तक खड़े रहे करीब 250 से ज्यादा लोग, एसी बंद, टोकन डिस्प्ले बोर्ड ठप, स्टाफ हाथ पर हाथ रखे बैठा रहा, आवेदन इधर से उधर घूमते रहे



- जब सब्र का बांध टूटा तो लोगों ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को 'एक्स' पर बताया हाल
- दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक दो चेंबरों में बैठने वाले दोनों अफसर गायब रहे
- एमपी नगर व आशिमा मॉल केंद्र के सेंटर मैनेजर इबरार अहमद ने बदसलूकी पर जताया दुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूआईडीएआई के आशिमा मॉल स्थित आधार सेंटर में बुधवार को चार घंटे तक हंगामा चलता रहा। दोपहर 12 बजे से आधार में संशोधन कराने आए करीब 250 से ज्यादा लोगों को शाम तक इंतजार करना पड़ा। इस दौरान लोग गर्मी में तपते रहे। क्योंकि, केंद्र का एसी बंद रहा। डिस्प्ले बोर्ड ठप रहा। अनाउंसमेंट सिस्टम भी बंद रहा। काम ठप रहने से आवेदकों ने हंगामा कर दिया। एक बुजुर्ग जब काउंटर पर तैनात महिला कर्मचारी चांदनी सिंह चंदेल के पास पहुंचे और बोले, पिछले 3 घंटे से इंतजार कर रहा हूं, मैं बीमार हूं। कब तक खड़ा रहूं? क्या मैं मरने के लिए खड़ा हूं? चांदनी सिंह चंदेल ने बेहद अमानवीयता बरतते हुए जवाब दिया- मरे तो नहीं? इस जवाब और बदतमीजी पर वहां मौजूद महिलाएं भी भड़क गईं और अधिकारी को बुलाने की मांग करने लगीं। महिलाओं ने कहा कि ऐसी महिला कर्मचारी को केंद्र में काम करने का कोई अधिकार नहीं है। इसे तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए। इस पर सारा स्टाफ बगलें झांकने लगा और सबको समझाने पर उतर आया। इस दौरान हंगामा होता रहा। मैनेजरों के केबिन खाली होने से एक महिला ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को को एक्स पर पूरा हाल बता दिया। केंद्र के मैनेजर अभिनव शर्मा व वीरेंद्र सिंह से 'हरिभूमि' ने भी बात करने की कोशिश की लेकिन, वे रात तक उपलब्ध नहीं हुए। बताया जाता है कि ये दोनों अक्सर केंद्र से गायब रहते हैं। एमपी नगर व आशिमा मॉल केंद्र के सेंटर मैनेजर इबरार अहमद ने 'हरिभूमि' को बताया, बुजुर्ग की उम्र 90 से ऊपर थी। उनकी हालत न बैठ पाने की थी न खड़े हो पाने की थी। उनसे बदसलूकी की घटना बहुत दुखद है। जिस महिला ने उनसे बदसलूकी की, वह वेरिफायर है। उस पर हम एक्शन लेंगे। वे केंद्र के सिस्टम के 4 घंटे तक ठप रहने का कोई कारण नहीं बता पाए। उन्होंने दावा किया कि शाम 4 बजे के बाद 397 आधार अपडेट किए गए।



### इधर, दावे के उलट आधे से ज्यादा आवेदक लौटे

*इस केंद्र पर प्रबंधन और कर्मचारियों का आवेदकों के साथ बदसलूकी करने का यह नया मामला नहीं है। यहां आए दिन कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर हंगामा होता रहता है। बुधवार सुबह 11 बजे से ही यहां करीब 250 से अधिक लोग पहुंच गए थे, लेकिन 12 बजे तक काम शुरू नहीं होने पर लोगों ने पूछताछ शुरु कर दी। लेकिन चार बजे तक काम शुरू नहीं किया जा सका। जिसको लेकर आधे से अधिक लोगों को बिना आधार संशोधन कराए लौटना पड़ा। आधार सेंटर पर सुबह से ही टोकन बांटने का काम शुरु कर दिया गया था। जिसके बाद यहां आने वाले लोग डिस्प्ले बोर्ड पर अपने नंबर का इंतजार करने लगे। दोपहर 12 बजे तक जब काम शुरु नहीं हुआ तो लोगों ने काम शुरु करने की बात कही, लेकिन कर्मचारियों ने काम शुरु नहीं किया। जिसको लेकर लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया।*

#### काउंटर छोड़कर बाहर निकले कर्मचारी

जब दोपहर 2 बजे तक आधार का काम शुरू नहीं हो सका, तो आवेदकों ने कर्मचारियों से काम शुरू करने की बात कही। लगातार बहस के बाद कर्मचारी अपने काउंटर छोड़कर आधार सेंटर से बाहर आ गए।

#### ये भी मनमानी: एक बार में एक ही अपडेशन

शाम चार बजे जब इस आधार सेंटर पर काम शुरू किया गया, तो कर्मचारियों ने नाम, पता, फोटो, बायोमीट्रिक और जन्मतिथि में से एक में ही संशोधन कराने की बात कही। जिसको लेकर भी यहां पहुंचे आवेदकों ने विरोध दर्ज कराया। बताया जा रहा है कि एक बार में दो अपडेशन कराए जा सकते हैं, लेकिन कर्मचारी मनमानी करते हुए सिर्फ एक ही अपडेशन कर रहे हैं।

## अंगूर, सेब, तरबूज की भी जांच करेगी खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम
# साल में मूंग की तीन फसलें ले रहे किसान पेस्टीसाइड की जांच करने लिए 15 सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंगूर, सेव और तरबूज के मीठा होने की वजह से इनको सुरक्षित रखने के लिए किसान पेस्टीसाइड का उपयोग करते हैं, जिसका असर इन फलों में भी आ जाता है। बुधवार को इसकी जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बावड़िया कला, बिट्टन मार्केट, नयापुरा करोंद और नीलबड़ स्थित फल विक्रेताओं से अंगूर, सेव, तरबूज के 15 सैंपल लिए गए। इनकी जांच के लिए सैंपल जांच के लिए लेबोरेटरी भेजे गए हैं।



### यहां मिला था पेस्टीसाइड

राजधानी में किसान मूंग की साल में तीन फसल ले रहे हैं, जिसके लिए पेस्टीसाइड का अधिक उपयोग किया जाता है। दरअसल, पिछले साल रायसेन में मूंग दाल के सैंपल में पेस्टीसाइड की अधिक मात्रा मिली थी। इसलिए सैंपलिंग की गई है।

**कोर्ट में पेश करेंगे रिपोर्ट** मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि लेबोरेटरी से रिपोर्ट आने के बाद एडीएम कोर्ट में केस पेश किया जाएगा। इसके पहले भी छह महीने पहले फलों के सैंपल लिए गए थे, हालांकि उनमें पेस्टीसाइड नहीं मिला था।

## आयुष विभाग की फर्जी वेबसाइट बनाई, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुष विभाग की फर्जी वेबसाइट बनाने वाले अज्ञात आरोपी पर एमपी नगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने फर्जी वेबसाइट बनाने के बाद नौकरी का विज्ञापन डाला था।

वेबसाइट ई-औषधि के नाम से बनाई है, जो हूबहू असली वेबसाइट की तरह लग रही है। वेबसाइट मार्च महीने में बनी थी। जिस पर ढाई हजार से ज्यादा पदों पर बेरोजगारों ने आवेदन भी किया था। आयुष विभाग और पुलिस ने कहा है कि अब तक कोई भी ठगी की शिकायत उनके पास नहीं पहुंची है। मप्र पब्लिक हेल्थ कॉर्पोरेशन के एमडी मयंक अग्रवाल ने बताया कि ई-औषधि का इस्तेमाल उनका विभाग खरीदी के लिए करता है और जब उनके विभाग को फर्जी वेबसाइट का पता चला तो विभाग ने एमपी नगर पुलिस, साइबर सेल में शिकायत की थी। जांच के बाद एमपी नगर पुलिस ने मामले में फर्जी वेबसाइट बनाने को लेकर एफआईआर दर्ज की है।

## जिपं सीईओ ने किया निरीक्षण
# कोलांस नदी पर बनेगा घाट स्कूल निर्माण में देरी करने पर पंचायत सचिव सस्पेंड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईटखेड़ी छाप स्थित कोलांस नदी किनारे घाट का निर्माण किया जाएगा। घाट के आसपास पौध रोपण भी किया जाना है, जिसके लिए जल्द काम शुरू किया जाए। यह बात बुधवार को जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने नदी के निरीक्षण के दौरान कही। वह यहां से भानपुर केकड़िया भी पहुंचीं, जहां आंगनबाड़ी भवन निर्माण, खेल मैदान, प्राइमरी और मिडिल स्कूल के लिए कांक्रीट निर्माण में लापरवाही पर पंचायत सचिव अनार सिंह को सस्पेंड कर दिया है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्य देखे

ग्राम पंचायतों के निरीक्षण के दौरान सीईओ ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यो के साथ निर्माणाधीन पंचायत भवन, प्रधानमंत्री आवास के शेड निर्माण के कामों का जायजा लिया। इस दौरान ग्राम पंचायत, ईंटखेडी छाप में कोलांस नदी पर घाट निर्माण, गेवियन संरचना के निर्माण के साथ-साथ साफ-सफाई व वृक्षारोपण के माध्यम से नदी के सौंदर्यीकरण की बात कही। इस मौके पर एसीईओ शंकर पांसे, सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित सचिव और रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

## सोनोग्राफी में पता चलते ही लगातार मॉनिटर कर रहीं थी काटजू की डॉक्टर

भोपाल की ज्योति की थी पहली गर्भावस्था

# राजधानी में एक साथ हुआ चार बच्चों का जन्म, सभी स्वस्थ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के डॉ. कैलाशनाथ काटजू सिविल चिकित्सालय में एक प्रसूता द्वारा एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया है। प्रसूता की डिलीवरी सिजेरियन ऑपरेशन के द्वारा की गई।

अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार प्रसूता का नाम ज्योति है, वह भोपाल की रहने वाली है। उनकी यह पहली गर्भावस्था थी। डॉक्टर को जब सोनोग्राफी के जारी गर्भ में चार बच्चों की जानकारी मिली, तब से ही महिला को लगातार मॉनिटर किया जा रहा था। महिला के साथ बच्चों की भी सतत निगरानी की गई। यही कारण है कि चारों बच्चे डिलीवरी के बाद स्वस्थ हैं। हालांकि अभी उन्हें कड़ी निगरानी में रखा गया है। चार बच्चों में दो मेल और दो फीमेल चाइल्ड है। अस्पताल के अधीक्षक कर्नल प्रवीण सिंह ने बताया कि अच्छी बात यह है कि चारों बच्चे और प्रसूता पांचों स्वस्थ हैं। सोनोग्राफी के माध्यम से चार बच्चों को जानकारी मिलने के बाद महिला की सेहत का पूरा ख्याल रखा जा रहा था।




### लेट मैरिज भी वजह

महिला रोग विशेषज्ञ डॉ विमला सिंह ने बताया कि ट्रिप्लेट्स, क्वाड्रूप्लेट्स की स्थिति चार प्रमुख कारणों से होती है। इनमें पहला एक से अधिक अंडाणु का निषेचित होना। दूसरा एक निषेचित अंडाणु का अंदर से कई भागों में बंट जाना। तीसरा परखनली शिशु के माध्यम से दो या तीन शिशुओं का जन्म, लेकिन कॉमन भी माना जाता है। चौथा लेट डिलीवरी, लेट मैरिज से ऐसी स्थिति बनती है।



# 'ज्वेल थीफ' का नया गाना रिलीज...



**मुंबई।** सैफ अली खान जल्द ही 'ज्वेल थीफ' फिल्म से नेटफ्लिक्स पर लौट रहे हैं। इस बार वह इस फिल्म में एक लुटेरा बन कर आ रहे हैं। 'ज्वेल थीफ' का निर्देशन कूकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल ने किया है। फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'ज्वेल थीफ' 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का पहला लुक फरवरी में जारी किया गया था। नेटफ्लिक्स ने समय-समय पर फिल्म के बारे में अपडेट दी हैं, ताकि इस पर चर्चा होती रहे। अब फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना जारी किया है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के गाने के रिलीज के बारे में मंगलवार को ही बताया था। इसके बाद आज 'ज्वेल थीफ' का गाना 'जादू' रिलीज हुआ है। गाने को यूट्यूब पर देखा जा सकता है।

# 'कृष-4' में ट्रिपल रोल अदा करेंगे ऋतिक




**मुंबई।** ऋतिक रोशन 'कृष 4' में ट्रिपल रोल अदा करेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में प्रीति जिंटा, रेखा और विवेक ओबेरॉय भी इस फिल्म में अदाकारी करते हुए नजर आएंगे। बताया जाता है कि फिल्म में भूतकाल और भविष्यकाल भी दिखाया जाएगा, ताकि दर्शकों को कहानी समझ में आए। फिल्म में नई तकनीकि के इस्तेमाल किए जाने की उम्मीद है। हालांकि, फिल्म रिश्तों और भावनाओं पर ही आधारित होगी। काफी समय से इस बात पर चर्चा हो रही थी कि कृष फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म का निर्देशन कौन करेगा। इस पहेली से राकेश रोशन ने पर्दा उठा दिया है। उन्होंने बताया कि 'कृष 4' का निर्देशन खुद ऋतिक रोशन करेंगे। राकेश रोशन ने इंटाग्राम पर एक तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा 'दुग्गू 25 साल पहले मैंने तुम्हें एक अभिनेता के तौर पर लॉन्च किया था।

## पेज एक का शेष

### तेज गर्मी का 'असर'...

का ध्यान रखते हुए कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों की कक्षाएं दोपहर 12 के बाद नहीं लगेंगी। इसके साथ ही रतलाम और शिवपुरी में भी स्कूलों का समय बदला गया है। जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल एनके अहिरवार ने इसके आदेश बुधवार को जारी कर दिए हैं। इधर, मौसम केंद्र ने गुरुवार को दो दर्जन जिलों में लू और तेज गर्मी के बीच कुछ जिलों में ओले बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में सिस्टम सक्रिय होने से भीषण गर्मी के साथ ओले बारिश का दौर जारी रहेगा। बुधवार को टीकमगढ़, सागर, धार, गुना और रतलाम में लू चली। रतलाम में सर्वाधिक पारा 44.2 डिग्री रहा।

### सीएसपी के माता...

पास किसी तरह की परमिशन नहीं पाई गई। गैस जैसे-जैसे फैलती गई तो आसपास के क्षेत्र सहित पुलिस कॉलोनी के रहवासी भी इसकी चपेट में आ गए, जिसमें जावरा सीएसपी दुर्गेश आर्मो और उनका परिवार भी शामिल है। जावरा सीएसपी दुर्गेश आर्मो जब रात को टहल रहे थे। तभी उनकी आंखों में आंसू आने लगे और जलन होने लगी, जिसके बाद उन्हें जानकारी मिली कि आइस फैक्ट्री से अमोनिया गैस का रिसाव हो रहा है। गैस रिसाव के कारण सीएसपी के माता-पिता और भाई भी इसकी चपेट में आ गए, जिसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

### सड़क बनाने के बदले...

और लागत का 3 प्रतिशत रिश्वत के रूप में मांगा है। कुछ समय पहले वो 96 हजार रुपए रिश्वत में दे चुका था लेकिन इसके बावजूद उससे 2 लाख रुपए और रिश्वत मांग रहे थे। रेंजर वैभव उपाध्याय के द्वारा 2 लाख रिश्वत मांगे जाने की शिकायत इंदौर लोकायुक्त ऑफिस में की । लोकायुक्त टीम ने शिकायत की जांच की और शिकायत सही पाए जाने पर रिश्वत के 1 लाख रुपए लेकर फरियादी जितेंद्र वास्कले को रेंजर वैभव उपाध्याय के पास भेजा। जैसे ही रेंजर वैभव उपाध्याय ने रिश्वत के रुपए लिए तो लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगेहाथों पकड़ लिया। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा-7 के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

### पति की गुहार पर...

को गंभीरता से लिया और तत्काल पाइपलाइन बिछाने के निर्देश दिए। दूसरे ही दिन यानी बुधवार को इसका काम शुरु हो गया। पीएचई अधिकारी अफजल अमानुल्ला ने बताया कि उन्होंने समस्या के समाधान के लिए काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, गांव में एक बोरवेल है जिसे नल, जल योजना के तहत खोदा गया है, लेकिन जल स्तर गिरने से लोगों को देवरा गांव में पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उन्हें पड़ोसी गांव की पानी की टंकी से पानी का कनेक्शन दिया जाए। अमानुल्ला ने कहा कि देवरा में पुरानी पाइपलाइन को पानी की टंकी से जोड़ने का काम बुधवार से शुरू किया गया है। सोनी ने कहा कि उन्होंने अपनी पत्नी लक्ष्मी को गांव में ही रहने के लिए मनाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी। उन्होंने कहा कि मैंने उससे कहा कि हमारे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी, लेकिन उसने कहा कि पानी की समस्या के कारण गांव में कोई भविष्य नहीं है। सोनी ने दावा किया कि उनके गांव की कई अन्य महिलाएं पानी की कमी के कारण गांव छोड़ने को तैयार हैं। मैं एक बेरोजगार मजदूर हूं और मेरे लिए अपने दम पर पानी की व्यवस्था करना संभव नहीं है। सोनी ने कहा कि उसके गांव में एक हैंडपंप है और 2,000-2,500 लोग इस पर निर्भर हैं। सुबह से लेकर रात तक हैंडपंप पर भारी भीड़ रहती है। लोगों को वहां से बमुश्किल ही पानी मिल पाता है।

### रेप केस में 10 साल ...

फुसलाकर अपने साथ पूर्व मंत्री के पांडव नगर स्थित निर्माणाधीन मकान में ले गया और तीसरी मंजिल पर उसके साथ उसने दुराचार किया। आरोपी पंकज कटारे पूर्व में भी दुराचार व पॉक्सो एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। उसे 10 वर्ष के कारावास से दंडित किया जा चुका है।

### एयर इंडिया की फ्लाइट...

बाद यात्री ने पीड़ित से माफी भी मांगी है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि एयर इंडिया इस बात की पुष्टि करता है कि 9 अप्रैल को दिल्ली से बैंकॉक जाने वाली फ्लाइट एआई 2336 को कंट्रोल करने वाले केबिन क्रू को एक अनियंत्रित यात्री के व्यवहार की सूचना दी गई थी। क्रू ने सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया और मामले की सूचना अधिकारियों को दे दी गई है।

### भूख-प्यास से तड़पकर...

आ रही हैं। बजरंग दल के कार्यकर्ता शुभम द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में फीडिंग ट्राफ पूरी तरह खाली हैं और आसपास कचरा फैला हुआ है। वीडियो में वह एक-एक कर सात मरी हुई गायों को दिखाया जा रहा है। शुभम का दावा है कि कुछ बेसहारा गायों के शव पास के तालाब के किनारे फेंक दिए गए हैं।

## पेज दो का शेष

### चीन पर 125% टैरिफ ...

साझा नहीं की गई है। इससे पहले ट्रंप के 104 प्रतिशत वाले टैरिफ के जवाब में चीन ने भी करारा जवाब दिया है। चीन ने अब अमेरिकी सामानों पर 84 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया है। चीन के कॉमर्स मंत्रालय ने इस बात की घोषणा की। चीनी मंत्री के अनुसार यह टैरिफ गुरुवार से लागू होगा। मालूम हो कि बीते दिनों अमेरिका ने चीन पर 104 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। जिसके जवाब में आज चीन ने घोषणा की कि वह गुरुवार से अमेरिकी वस्तुओं पर 84 प्रतिशत तक टैरिफ लगाएगा, जो पहले से घोषित 34 प्रतिशत से काफी ज्यादा है।

**क्या अब ट्रेड वार और तेज होगा?:** चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ की यह लड़ाई अब और भी तेज हो गई है। दोनों देश एक-दूसरे पर टिट-फॉर-टैट (आंख के बदले आंख) की नीति अपना रहे हैं, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है।

### ड्रैगन को अब याद...

मुश्किल स्थिति से निकलना चाहिए। एबेंसी ने इस बात पर भी जोर दिया है कि टैरिफ वॉर कोई एक जीतता नहीं है। सभी को इसका नुकसान उठाना पड़ता है।

### कुंवारा है डॉ. कैम...

और बच्चों के फेक नाम लिख थे। कैम को कोर्ट ने पांच दिन की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया था। जिसके बाद से पुलिस की टीम उससे पूछताछ कर रही है। मामले की जांच करने दिल्ली से दमोह आई राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम का काम भी पूरा हो गया है। बुधवार को आयोग की टीम दिल्ली लौट गई है। दमोह एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी के अनुसार पूछताछ में आरोपी एन जॉन कैम ने कहा कि वह कानपुर का रहने वाला है। उसके पास असली नाम (नरेंद्र विक्रमादित्य यादव) का एक पुराना पासपोर्ट था, जिससे वह विदेश गया था।

### 2013 में बनवाया...

के नाम से उसने कार्डियोलॉजिस्ट का फर्जी सर्टिफिकेट बना लिया। कैन ने कहा कि वह देश-विदेश की क्रिश्चियन कम्युनिटी में शामिल होना चाहता था। इसलिए उसने अपना नाम बदल लिया था। उसे लगता था कि वह एक बड़े विदेशी डॉक्टर के रूप में भारत में प्रैक्टिस करेगा तो उसे काफी पहचान मिलेगी। इसलिए ही उसने यह सब किया था।

### वक्फ संशोधन...

विधेयक पर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक धार्मिक स्वतंत्रता और संविधान पर हमला है। हमारे दलित नेता टीका राम जूली के मंदिर जाने के बाद, भाजपा नेताओं ने मंदिर की सफाई करवाई। यह हमारा धर्म नहीं है। राहुल ने कहा कि हमारी विचारधारा कहती है कि ये देश हर जात, धर्म और भाषा का है। इस देश की संस्थाएं किसी एक संगठन के नहीं हैं, ये कांग्रेस पार्टी के नहीं हैं। ये जनता के हैं इसलिए जनता का उन पर कंट्रोल होना चाहिए। यही लड़ाई चल रही है। राहुल ने कहा कि कुछ समय पहले भाजपा ने लोकसभा में वक्फ बिल पास किया। ये फ्रीडम ऑफ रिलीजन और संविधान पर आक्रमण है। इसके कुछ दिन बाद उनके न्यूजपेपर में लिखा गया कि अब जो ईसाई कम्यूनिटी की जमीन है, उस पर वे आक्रमण करने जा रहे हैं। अब वो सिखों के पास भी जाएंगे। आप ये मत सोचिए कि ये आप पर आक्रमण नहीं है। अहमदाबाद में 84 वां दो दिवसीय कांग्रेस अधिवेशन का बुधवार को दूसरा दिन था। मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली। बुधवार को आखिरी दिन कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

**जातिगत जनगणना का कानून बनाएंगे:** राहुल गांधी ने एक बार फिर से जाति जनगणना को लेकर आवाज उठाई है। तेलंगाना में हमने एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। हमने जाति जनगणना करायी है। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार आने पर लोकसभा में, राज्यसभा में हम कानून पास करेंगे। जाति जनगणना यहीं से निकालेंगे। अमेरिकी टैरिफ के मुद्दे पर राहुल ने कहा कि पहले मोदी अमेरिका जाते थे। राष्ट्रपति ट्रंप के गले मिलते थे। अब आपने ट्रंप से गले मिलने वाली फोटो देखी। ट्रंप ने नए टैरिफ लगा दिए। मोदी जी की आवाज तक नहीं निकली। जनता का ध्यान वहां न जाए, संसद में ड्रामा करवाया। सच ये है कि आर्थिक तूफान आने वाला है। कोरोना में मोदी जी ने थाली बजवाई थी। अब कहां छिप गए हैं?

### भाजपा का जवाबः राहुल को...

क्या वो बता सकते हैं कि एक कानून कैसे असंवैधानिक है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी को वक्फ पर बोलने की कोशिश करने के लिए अहमदाबाद का इंतजार करना पड़ा। मैं कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी 12-13 घंटे सदन में बहस हुई आप खुद बैठे थे, वक्फ पर आपने क्यों नहीं बोला। ये दिखाता है कि क्या बोलना चाहिए, क्या नहीं बोलना चाहिए, इसके बारे में उनकी (राहुल गांधी) सोच में स्पष्टता नहीं होती है। प्रसाद ने आगे कहा कि इससे पता चलता है कि राहुल को समझ नहीं आ रहा है कि वक्फ के बारे में क्या बोलना है। मैं पूरे अधिकार से कह रहा हूं कि राहुल के पास इस बात की स्पष्टता नहीं है कि उन्हें किस मुद्दे पर और कब क्या रुख अपनाना चाहिए। उन्हें इन तीन सवालों का जवाब देना चाहिए। क्या आपको यह सही लगता है या गलत कि वक्फ की 8 लाख रुपये से अधिक कीमत वाली संपत्ति पर गरीब मुसलमानों और बेटियों के लिए कोई अस्पताल, स्कूल, अनाथालय या कौशल केंद्र नहीं बनाया गया है? क्या आपको इस बात से परेशानी है कि मुस्लिम समुदाय की विधवाओं की तरक्की के लिए वक्फ में सुधार किया जा रहा है? राहुल गांधी जब ओबीसी की बात करते हैं तो सबसे पहले ये बताइए कि कांग्रेस पार्टी के सबसे उच्च निर्णय लेना में ओबीसी को जगह है क्या? यही कांग्रेस पार्टी की सच्चाई है।

### जातिगत जनगणना ...

ट्रंप के गले मिलते थे। अब आपने ट्रंप से गले मिलने वाली फोटो देखी। ट्रंप ने नए टैरिफ लगा दिए। मोदी जी की आवाज तक नहीं निकली। जनता का ध्यान वहां न जाए, संसद में ड्रामा करवाया। सच ये है कि आर्थिक तूफान आने वाला है। कोरोना में मोदी जी ने थाली बजवाई थी। अब कहां छिप गए हैं?

### वोटों के चक्कर...

वर्ग के साथ लगातार अन्याय करते हो। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ - सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास के आधार पर हमारी सरकारें देश भर में जनता की सेवा कर रही है।


**In The Court Of VII Civil Judge Class-I, District Court, Bhopal**
Presiding Officer: करनाल सिंह श्याम
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MIC SUC/0000005/2025)
रमाकांत ध्यानी ....................आवेदक
VS
सर्वसाधारण ...................... अनावेदक
Process Id-/2025 पेशी दिनांक : 09/05/2025
प्रेषिती
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमाकांत ध्यानी पता ने मृतक श्रीमती स्व. विनिता ध्यानी निवासी म.न. ए. 34. हेमु कालोनी रोहित नगर फेस। बाबाडियाकला की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक- संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 09 May 2025 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 09 May 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 08 April 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
(करनाल सिंह श्याम)
सप्तम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड
भोपाल (म.प्र.)

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1 भदभदा रोड भोपाल
**प्रेस विज्ञप्ति**
क्र./493/तशा/प.यं./2025 दिनांक : 07.04.2025
इस कार्यालय द्वारा SITC OF PREPAID ENERGY METER AT 80+160 QUARTER PIPLANI BHOPAL ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2025_MPPHC_415119_1 **दिनांक 22.04.2025 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक** खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/119611/2025 परियोजना यंत्री

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of The Dy. General Managaer (STM-STC) Division, Narmadapuram
Mobile No. : 6232914003, Website : https://portal.mpcz.in
**NOTICE INVITING E-TENDER**
E-tender is invited from eligible bidders (A-4 and above Current Registration Certificate) for carrying out the following works on semi turn key basis.

| T.S. No. | Name of Work | Approx. cost of work (in Lakhs) | Bid Opening Date |
|---|---|---|---|
| 1 Date 09.04.2025 | 33 KV Line Shifiting Lilo SPM Feeder Pipal Moholla Itarsi under O&M Division Itarsi. | 8.47 | 17.04.2025 at 15:30 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on Company website **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/119634/2025 DGM (STM-STC)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी शाखा), भोपाल**
क्रमांक 1645/ यॉं.वि./25 निविदा आमंत्रण सूचना भोपाल, दिनांक 09/04/2024
निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_410197_2 | CONSTRUCTION OF SHED, FIXING OF FALSE CELING AND OTHER WORKS IN ACHARYA NARENDRA DEV YOGA HALL WARD 24 ZONE 21second call | 953298 | 16.04.2025 | 05:30 |
| 2. | 2025_UAD_369784_5 | CONSTRUCTION OF NAALA NEAR IRSHAD BHAI HOUSE NEAR MADARSA, BLUE STAR SCHOOL WARD 24 ZONE 21Fifth CALL | 407388 | 16.04.2025 | 05:30 |

नोट- संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।
कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम, भोपाल
नि.क्र. 1645/025/026

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यकता
नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238 R- 14-4-2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना @ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm अन्य साईज में @ Rs.40 sq.cm 1 अप्रैल 2024 से लागू

आवश्यक सूचना
वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे। 18 से 75 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। ब्रेस्ट टोनर क्रिम लाभ नही तो पैसे वापिस। 09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि भोपाल बाजार विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910
Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद सफेद दाग गारंटेड इलाज Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

- **मेष:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।
- **वृष:** मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।
- **मिथुन:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।
- **कर्क:** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।
- **सिंह:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।
- **कन्या:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।
- **तुला:** वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।
- **वृश्चिक:** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।
- **धनु:** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।
- **मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।
- **कुंभ:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।
- **मीन:** मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5832

**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

**शब्द पहेली- 5831 का हल**

## सूडोकु नवताल - 5842

मध्यम

**सूडोकु नवताल - 5841 का हल**

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## आरबीआई के फैसले से मकानों की बिक्री को मिलेगा दम, अर्थव्यवस्था की बढ़ेगी रफ्तार

# आरबीआई ने नीति को 'न्यूट्रल' से बदलकर 'एकोमोडेटिव' बना दिया

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

हरिभूमि चर्चा

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर इसे 6 फीसदी पर लाए जाने के फैसले का रियल एस्टेट सेक्टर सहित व्यापारिक संगठनों ने स्वागत किया है। डेवलपर्स और विशेषज्ञों का कहना है कि इस कदम से होम लोन सस्ते होंगे, जिससे मकानों की बिक्री को मिलेगा दम और अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ेगी। क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज सिंह मीक ने कहाकि रेपो दर में इस दूसरी कटौती से कर्ज लेना सस्ता हो सकता है।

इससे मौजूदा और नए मकान खरीदार दोनों को लाभ होगा। ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की कटौती का रियल एस्टेट सेक्टर पर अच्छा असर पड़ेगा। वहीं आराध्य भूमिका कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर विकास शर्मा ने कहाकि आरबीआई ने अपनी नीति को 'न्यूट्रल' से बदलकर 'अकोमोडेटिव' बना दिया है। इसका मतलब है कि अब आरबीआई अर्थव्यवस्था में ज्यादा पैसा डालेगा। इससे देश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिलेगी और खर्च बढ़ेगा।



### अनिश्चितता बढ़ने के बीच रेपो दर में कटौती महत्वपूर्ण

लोहा व्यवसायी एवं निर्माता संघ के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने कहाकि अमेरिका द्वारा शुल्क लगाए जाने के बाद वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ने के बीच रेपो दर में कटौती महत्वपूर्ण है। बेंचमार्क उधार दरों में लगातार कमी से घर खरीदारों की भावनाओं को बढ़ावा मिलेगा और परिणामस्वरूप किफायती और मध्यम आय वाले क्षेत्रों में आवास की मांग में सुधार होगा।

### घरेलू वृद्धि को बढ़ावा में मदद मिलेगी

उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई ) के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी बनर्जी ने कहा कि आरबीआई की उदार मौद्रिक नीति और सरकार की वृद्धि-केंद्रित राजकोषीय नीति से वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच घरेलू वृद्धि को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

### उपभोक्ता धारणा में सुधार और मांग को बूस्ट

क्रेडाई के पदाधिकारी और द्रौपदी कंस्ट्रक्शंस के डायरेक्टर अजय शर्मा ने कहा कि वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और शुल्क बढ़ोतरी की चुनौतियों के बीच यह फैसला सही समय पर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे उधार लेने की क्षमता बढ़ेगी, जिससे मध्यम आय और किफायती आवास क्षेत्रों में मांग को जबरदस्त समर्थन मिलेगा।

### बिना बिके मकानों की संख्या में कमी की उम्मीद

वेस्टर्न ग्रुप के डायरेक्टर पी.राजू ने कहा कि ब्याज दर में कटौती से सभी आय वर्गों में आवास की मांग बढ़ सकती है। इससे न केवल रिहायशी बिक्री में वृद्धि होगी, बल्कि बाजार में नकदी प्रवाह बेहतर होगा और डेवलपर्स नई परियोजनाओं की ओर प्रेरित होंगे।

### राजधानी डेवलपर्स ने कही यह बातें

*रियल एस्टेट को स्थायी समर्थन मिलेगा । यह फैसला घर खरीदने वालों की भावना को बढ़ावा देगा। सस्ती ब्याज दरें रियल एस्टेट मांग को बढ़ावा देंगी। मासिक किस्तें कम होंगी, जिससे लोग खरीदारी को लेकर प्रोत्साहित होंगे। बाजार में खरीदारों की सतर्कता खत्म होगी और डेवलपर्स को कर्ज लेना आसान होगा। यह फैसला कई संभावित खरीदारों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है।सरकार रियल एस्टेट गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध दिख रही है।*

## सरस्वती स्कॉलरशिप और एआईसीटीई की अन्य योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



उच्च शिक्षा तक सबकी पहुंच बढ़ाने के प्रति अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की ओर से जीआईटीएएम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, विशाखापत्तनम में सरस्वती स्कॉलरशिप स्कीम और एआईसीटीई की अन्य वित्तीय योजनाओं पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसका उद्देश्य छात्रों, शैक्षिक पेशेवरों और संस्थानों को एआईसीटीई द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न वित्तीय सहायता योजनाओं से अवगत कराना था। कार्यशाला में छात्रों, शिक्षकों और प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य रूप से सरस्वती स्कॉलरशिप योजना पर चर्चा की गई जो आर्थिक रूप से पिछड़ी पृष्ठभूमि से आने वाली प्रतिभाशाली छात्राओं को एआईसीटीई से अनुमोदन प्राप्त संस्थानों से बीबीए/बीसीए/बीएमएस जैसी डिग्रियां प्राप्त करने में सहायता प्रदान करती है। कार्यशाला में शामिल लोगों को परिषद द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न अनुदानों और स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। इंटरएक्टिव सत्र में इन योजनाओं के बारे में छात्रों और शिक्षकों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए। एआईसीटीई के सदस्य सचिव प्रो. राजीव कुमार ने कहा कि परिषद द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता योजनाओं, विशेष रूप से सरस्वती स्कॉलरशिप के बारे में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### रिलायंस जनरल इंश्योरेंस 'कैंपेन' शुरू

**मुंबई।** रिलायंस जनरल इंश्योरेंस अपने लैटेस्ट अभियान हेल्थ इंश्योरेंस मतलब रिलायंस जनरल इंश्योरेंस को लांच करने के लिए उत्साहित है, जिसमें कस्टमाइज करने योग्य हेल्थ प्लान, बीमा राशि का अनलिमिटेड रिफिल, महिलाओं और बच्चियों को छूट समेत कई अन्य सुविधाएं शामिल हैं। रिलायंस जनरल इंश्योरेंस है आपके कवरेज का राइट च्वाइस- क्योंकि आपका हेल्थ सर्वश्रेष्ठ हासिल करने का हकदार है। हेल्थ इंश्योरेंस सिर्फ सुरक्षा कवच से कहीं बढ़कर होता है, यह ऐसी जरूरी वित्तीय सुरक्षा है जो आपको चिकित्सा की आपात स्थितियों में भारी खर्चों से बचाती है।

### एमएसडीई की वर्ल्ड इकोनॉमिक से साझेदारी

**नई दिल्ली।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने नई दिल्ली के कौशल भवन में आयोजित उच्च स्तरीय गोलमेज चर्चा के दौरान वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के सहयोग से 'इंडिया स्किल्स एक्सेलरेटर' पहल पर विचार विमर्श किया। इंडिया स्किल्स एक्सेलरेटर राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक-निजी साझेदारी के रूप में काम करेगा, यह मुश्किल चुनौतियों के समाधान के लिए विभिन्न आधुनिक विचारों एवं प्रगति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सेक्टरों के प्रयासों को सक्षम बनाएगा। इसमें सार्वजनिक एवं निजी सेक्टरों के हितधारक शामिल होंगे।

### एक्सिस बैंक की 'इन-एप मोबाइल ओटीपी' सुविधा

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने अपने मोबाइल ऐप 'ओपन' पर एक अभिनव सुविधा 'इन-ऐप मोबाइल ओटीपी' पेश की है। उद्योग में पहली बार शुरू की गई इस सुविधा का उद्देश्य ओटीपी से जुड़ी धोखाधड़ी और घोटालों से ग्राहकों की सुरक्षा करना और प्रमाणीकरण सुरक्षा को मजबूत करना है। यह सुविधा एसएमएस के जरिए ओटीपी भेजने की बजाय ऐप के भीतर ही टाइम-बेस्ड वन-टाइम पासवर्ड जनरेट करती है, जिससे टेलिकॉम नेटवर्क पर निर्भरता समाप्त हो जाती है। इससे प्रमाणीकरण तेज, सुरक्षित और धोखाधड़ी के जोखिम को काफी हद तक कम करता है।

### जीसीपीएल ने पेश किया 'गुडनाइट अगरबत्ती'

**मुंबई।** गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) ने अभूतपूर्व और उपयोगी नवाचारों और श्रेणी विस्तार के माध्यम से अपने नेतृत्व को मजबूत करने का सिलसिला जारी रखा है। 2024 की शुरुआत में, जीसीपीएल ने भारत को पहली और एकमात्र सरकारी तौर पर मंजूर मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती, 'गुडनाइट अगरबत्ती' पेश की। इस गति को आगे बढ़ाते हुए, कंपनी ने जुलाई 2024 में 'रेनोफ्लुथ्रिन' के विकास के साथ एक और महत्वपूर्ण कामयाबी हासिल की, जो भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित और पेटेंट किया गया मौलिक्यूल है, जो बेहतर मच्छर नियंत्रण के लिए सबसे प्रभावी तरल वेपोराइजर फॉर्मूलेशन प्रदान करता है।

## क्रूड ऑयल में बड़ी गिरावट

# कच्चा तेल 52 डॉलर प्रति बैरल तक आ सकता, मंदी की आशंका

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली




दुनिया एक बार फिर वैश्विक मंदी की चपेट में आने की कगार पर है। इसका प्रमुख कारण है अमेरिका-चीन के बीच बढ़ता टैरिफ युद्ध और सऊदी अरब द्वारा तेल कीमतों में कटौती का ऐलान, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है।

ब्रेंट क्रूड चार साल के निचले स्तर पर आ चुका है, जिससे वैश्विक मंदी का खतरा एक बार फिर मंडराने लगा है।ब्रेंट क्रूड की कीमत 3.5 फीसदी गिरकर 60.60 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 57.28 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिका-चीन के बीच तेज होता व्यापार युद्ध वैश्विक मांग पर दबाव डाल रहा है। साथ ही सऊदी अरब द्वारा तेल उत्पादन बढ़ाने और कीमतें कम करने की घोषणा ने बाजार में गिरावट को और तेज कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो कच्चा तेल 52 डॉलर प्रति बैरल तक लुढ़क सकता है। मई में 411,000 बैरल प्रतिदिन उत्पादन बढ़ाने का निर्णय भी कीमतों में गिरावट की एक बड़ी वजह बना है।

## केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा

# महिंद्रा और एयरबस के साथ आने से 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा मिलेगा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू की उपस्थिति में बुधवार को भारत में एच-130 हेलीकॉप्टर के मुख्य भाग (फ्यूजलेज) के निर्माण के लिए महिंद्रा एयरोस्ट्रक्चर और एयरबस के बीच एक बड़े सहयोग की घोषणा की गई। महिंद्रा एयरोस्ट्रक्चर्स और एयरबस के बीच महत्वपूर्ण समझौते के तहत एयरबस एच-130 हेलिकॉप्टर का मुख्य भाग अब भारत में तैयार किया जाएगा। यह साझेदारी 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत की एयरोस्पेस निर्माण क्षमताओं को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।



### एयरबस भी विमानों के लिए टॉप निर्माताओं में से एक

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया कि एयरबस और महिंद्रा का एक साथ आना एक बेहतरीन सहयोग है और देश के विमानन उद्योग में एक ऐतिहासिक निर्णय है। 'महिंद्रा' को देश में टॉप कार निर्माताओं में से एक और देश के टॉप टेक्नोलॉजी दिग्गजों में से एक के रूप में जाना जाता है। वहीं एयरबस भी विमानों के लिए टॉप निर्माताओं में से एक है। इसी कारण दोनों का एक साथ आना एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक सहयोग है।

### यह कदम देश में विमानन मैन्युफैक्चरिंग को बल देगा : नायडू

*केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि यह कदम देश में विमानन मैन्युफैक्चरिंग को बल देगा। उन्होंने कहा कि हम इस सेक्टर के सभी महत्वपूर्ण प्लेयर्स को अपना समर्थन देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, ताकि वे वैश्विक स्तर पर अपने काम से अपनी नई पहचान बना सकें। केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू के अनुसार, वर्तमान में 2 बिलियन डॉलर की इस इंडस्ट्री को 4 बिलियन डॉलर की इंडस्ट्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है। एच-130 एक सिंगल इंजन हेलीकॉप्टर है।*

# ऑलेक्ट्रा ग्रीनटेक को इलेक्ट्रिक बसों के लिए बड़ा ऑर्डर मिला

एजेंसी ▶▶हैदराबाद

ऑलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने (एचआरटीसी) हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन द्वारा 297 इलेक्ट्रिक बसों की सीधी खरीद के लिए आदेश पंजीकृत किया गया है। टेंडर प्रक्रिया के बाद इन बसों की आपूर्ति की जिम्मेदारी ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड को दी गई है और इस संबंध में कंपनी को एलओए जारी कर दिया गया है।



ये सभी ई-बसें 9 मीटर लंबी हैं और नॉन-एसी प्रकार की हैं। यह ऑर्डर भारत में किसी भी राज्य परिवहन निगम द्वारा इलेक्ट्रिक बसों की अब तक की सबसे बड़ी खरीद है। इन्हें विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के चुनौतीपूर्ण पहाड़ी इलाकों में काम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन इलेक्ट्रिक बसों में 30 लोगों के बैठने की क्षमता है और बस एक बार चार्ज करने पर 180 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकती है। यह ऑर्डर 424 करोड़ रुपए का है और इस पर एचआरटीसी के कार्यकारी निदेशक डॉ. मुरारी लाल (एचपीएएस) द्वारा औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए हैं। ओलेक्ट्राला ग्रीनटेक लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक केवी प्रदीप ने कहा कि इतना बड़ा ऑर्डर हमारे लिए सम्मान और गौरव की बात है।

## टू-व्हीलर्स के बाद 118008 ट्रैक्टर्स की हुई सर्वाधिक बिक्री

# मप्र 16.61 लाख 525 वाहन तो देशभर में बिकी 2.61 करोड़ से अधिक गाड़ियां

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) मध्यप्रदेश के अध्यक्ष आशीष पांडे ने मध्यप्रदेश राज्य में वित्त वर्ष 2025 और मार्च 2025 के वाहनों कुल खुदरा बिक्री का डाटा जारी किया है, तो फाडा अध्यक्ष सीएस विग्नेश्वर ने देशभर में बिके वाहनों की डाटा जारी किया है। फाडा मध्यप्रदेश अध्यक्ष पांडे ने बताया कि मध्यप्रदेश में कुल वाहनों की बिक्री में 8.88 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। उनके अनुसार वित्त वर्ष 2025 के दौरान मध्यप्रदेश में कुल 1661525 वाहनों की बिक्री हुई। जिसमें टू-व्हीलर 1252669, थ्री-व्हीलर 51279, वाणिज्यिक वाहन 40638, यात्री वाहन 198831 और 118008 ट्रैक्टर्स बिके । जो गत वित्तीय वर्ष 2024 में 1526024 वाहन बिके थे अतः मध्यप्रदेश में वाहन सेक्टर में वाहनों की कुल बिक्री में 8.88 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जबकि मार्च 2025 के दौरान मध्यप्रदेश में कुल 134272 वाहनों की बिक्री हुई । जो कि वर्ष 2024 के मार्च महीने में बिके 131854 वाहनों से 1.83 प्रतिशत अधिक है।

फाडा मध्यप्रदेश अध्यक्ष आशीष पांडे ने बताया कि मार्च 2025 में 92 हजार 347 टू व्हीलर, 4 हजार 18 थ्री व्हीलर, 3 हजार 646 वाणिज्यिक वाहन, 23 हजार 977 यात्री वाहन और 10 हजार 284 ट्रैक्टर्स की बिक्री हुई। वहीं फाडा अध्यक्ष सीएस विग्नेश्वर द्वारा जारी देशभर के वाहन बिक्री के आंकड़ों के मुताबिक भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के कारण 2024-25 में 2.61 करोड़ से अधिक गाड़ियां बिकीं, जो उससे पिछले साल से फीसदी



अधिक है। यात्री और दोपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि हुई, जबकि वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टर की बिक्री में गिरावट आई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा कि 2024-25 में यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि देखी गई। हालांकि वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टर के पंजीकरण में गिरावट रही। संगठन के आंकड़ों के मुताबिक, यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 2023-24 के 39,60,602 की तुलना में बीते वित्त वर्ष पांच फीसदी बढ़कर 41,53,432 इकाई पहुंच गई।

### दोपहिया वाहनों की बिक्री में 8 फीसदी की उछाल

दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 2024-25 में सालाना आधार पर 8 फीसदी बढ़कर 1,88,77,812 इकाई पहुंच गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री पांच फीसदी बढ़कर 12,20,981 इकाई हो गई। हालांकि ट्रैक्टर की बिक्री एक फीसदी घटकर 8,92,410 इकाई रह गई।

### एसबीआई ने बदले एटीएम से पैसे निकालने के नियम

**नई दिल्ली।** एसबीआई ने एटीएम से पैसे निकालने और बैलेंस चेक करने के नियमों में बदलाव किया है। अब सभी ग्राहकों के लिए फ्री ट्रांजेक्शन की संख्या एक जैसी हो गई है, चाहे वे मेट्रो शहर में रहते हों या किसी छोटे गांव में। एसबीआई के एटीएम से हर महीने 5 बार और दूसरे बैंकों के एटीएम से 10 बार फ्री ट्रांजेक्शन मिलेंगे। यानी कुल 15 ट्रांजेक्शन हर महीने बिना किसी चार्ज के कर सकते हैं। अगर खाते में 1 लाख रुपए, या उससे ज्यादा का औसत बैलेंस है, तो अनलिमिटेड फ्री ट्रांजेक्शन की सुविधा मिलेगी। अगर फ्री ट्रांजेक्शन लिमिट से ज्यादा बार पैसे निकालते हैं, तो एसबीआई के एटीएम पर 15 रुपए प्लस जीएसटी और दूसरे बैंक के एटीएम पर 21 रुपए प्लस जीएसटी देना होगा। वहीं, अगरबैलेंस चेक या मिनी स्टेटमेंट के लिए एसबीआई के एटीएम का इस्तेमाल करते हैं, तो कोई चार्ज नहीं लगेगा। लेकिन दूसरे बैंक के एटीएम पर ऐसा करने पर 10 रुपए प्लस जीएसटी देना होगा। इसके अलावा अगर खाते में पैसे कम हैं और ट्रांजैक्शन फेल हो जाता है, तो एसबीआई 20 रुपए प्लस जीएसटी जुर्माना वसूल करेगा। ये नियम पहले से लागू है और इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

Form No. URC-2
Advertisement giving notice about registration under Part I of Chapter XXI
[Pursuant to section 374(b) of the companies Act, 2013 and rule 4(1) of the companies (Authorised to Register) Rules, 2014]

1. Notice is hereby given that in pursuance of sub-section (2) of section 366 of the Companies Act, 2013, an application has been made to the Registrar at Central Registration Centre (CRC), Indian Institute of Corporate Affairs (IICA), Plot No. 6,7,8, Sector 5, IMT, Manesar, District Gurgaon (Haryana), Pin Code- 122050 that M/s Pranjal Constructions, a partnership firm may be registered under Part I of Chapter XXI of the Companies Act 2013, as a company limited by shares.
2. The principal objects of the company are as follows: To carry on the business of building, developing, constructing, erecting, designing, commissioning, executing, operating, managing, and maintaining bridges of all types including but not limited to road bridges, railway bridges, flyovers, foot overbridges, underpasses, and viaducts, either independently or In collaboration with government bodles, private entities, or public-private partnerships.

A copy of the draft memorandum and articles of association of the proposed company may be Inspected at the office at Plot No. 231, Trimurti Complex, Zone-I, M.P. Nagar, Bhopal 462011, Madhya Pradesh.

3. Notice Is hereby given that any person objecting to this application may communicate their objection in writing to the Registrar at Central Registration Centre (CRC), Indian Institute of Corporate Affairs (IICA), Plot No. 6,7,8, Sector 5, IMT, Manesar, District Gurgaon (Haryana), Pin Code- 122050, within twenty-one days from the date of publication of this notice, with a copy to the company

For and on behalf of M/s Pranjal Constructions at its registered office.

Sd/-
Rakesh Saxena
Partner

Sd/-
Suresh Saxena
Partner

आवश्यकता

उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन से मान्यता प्राप्त एवं बरकतउल्लाह विवि, भोपाल से संबद्ध
लाल बहादुर शास्त्री व्यावसायिक अध्ययन महाविद्यालय, हरदा
में Code-28 के तहत नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र दिनांक 20 अप्रैल 2025 तक आमंत्रित है।

| पद | विषय | रिक्त पद | पात्रता एवं वेतनमान |
|---|---|---|---|
| सहायक प्राध्यापक | शिक्षा संकाय | 01 पद | यूजीसी मानक अनुसार |

पताः एल.बी.एस. कॉलेज कैम्पस, हंडिया रोड, हरदा
Whatsapp: 94259-28813, 70005-67268, Email : lbsharda@gmail.com

आवश्यकता

उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन से मान्यता प्राप्त एवं बरकतउल्लाह विवि, भोपाल से संबद्ध
लाल बहादुर शास्त्री व्यावसायिक अध्ययन महाविद्यालय, हरदा
में Code-28 के तहत नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र दिनांक 20 अप्रैल 2025 तक आमंत्रित है।

| पद | विषय | रिक्त पद | पात्रता एवं वेतनमान |
|---|---|---|---|
| सहायक प्राध्यापक | हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, भौतिक शास्त्र, गणित, रसायनशास्त्र, माइक्रोबायो, वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, बायोटेक, सीड टेक, प्रबंधन, वाणिज्य, कम्प्यूटर साइंस, लायब्रेरी साइंस, समाज कार्य | प्रत्येक विषय में 01 पद | यूजीसी मानक अनुसार |

पताः एल.बी.एस. कॉलेज कैम्पस, हंडिया रोड, हरदा
Whatsapp: 94259-28813, 70005-67268, Email : lbsharda@gmail.com

## बिजनेस न्यूज

### न्यू भोपाल सराफा एसो.के आनंद तीसरी बार बने निर्विरोध अध्यक्ष



**भोपाल ।** राजधानी के पॉश कालोनी के दस नंबर मार्केट के ज्वेलरी व्यापारी की संस्था न्यू भोपाल सराफा एसोसिएशन के चुनाव संपन्न हुए। इस चुनाव में सोनी ज्वेलर्स के संचालक और पूर्व सरपंच आनंद सोनी तीसरी बार सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात उन्होंने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यकारिणी में संरक्षक बृजभूषण जौहरी, राकेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, राम पंजवानी, मनोज जैन, अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष रविंद्र साहू,सुमित अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, शशांक बजाज, सचिव प्रसेनजीत सोनी, कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, महामंत्री नितेश अग्रवाल, प्रवक्ता सुमंत सोनी, कार्यकारिणी सदस्य अंशुल अग्रवाल, सतीश सोनी, सुबोध साहू , अनूप राजपूत, शाह शामिल हुए। इस मौके पर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सराफा व्यापारी मनोज जैन की दुकान पर हुई लूट के मामले में व्यापारी द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर चोर को पुलिस के हवाले किए जाने के अदभ्य साहस के लिए उनका शाल श्रीफल से सम्मान किया।

### नवाचार को बढ़ावा देने आईआईएम और एनएडीटी में समझौता

**रायपुर ।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) ने हाल ही में नेशनल एकेडमी ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (एनएडीटी), नागपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। रणनीतिक रूप से तैयार किया गया यह समझौता कराधान, कानून प्रवर्तन, सार्वजनिक नीति, प्रबंधन और संबंधित क्षेत्रों में शैक्षणिक सहयोग, अनुसंधान उत्कृष्टता, क्षमता निर्माण और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। इस सहयोग में संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, फैकल्टी विकास कार्यक्रमों, छात्रों के लिए इंटर्नशिप और प्रोजेक्ट्स, और व्यावहारिक अनुभव जैसे प्रमुख कदम शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, इस समझौते के तहत संयुक्त सेमिनार, कार्यशालाओं और सम्मेलनों का आयोजन भी किया जाएगा ताकि सतत शिक्षा और विचारों के आपसी आदान-प्रदान को प्रोत्साहित किया जा सके। प्रोफेसर राम कुमार काकानी, निदेशक, आईआईएम रायपुर ने कहा कि यह साझेदारी अकादमिक दृष्टिकोण और व्यावहारिक शासन आवश्यकताओं का एक रणनीतिक मेल है। इस प्रकार की सार्थक साझेदारियां युवाओं के ज्ञान की सीमाओं को विस्तृत करती हैं और उन्हें नई और उपयोगी सोच के लिए प्रेरित करती हैं।

### संस्कृति यूनिवर्सिटी में पलक मुछाल की सुरमयी प्रस्तुति

**मथुरा।** संस्कृति यूनिवर्सिटी ने स्पार्क 2025 में बॉलीवुड की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका पलक मुछाल ने अपनी सुरीली आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। उनकी प्रस्तुति ने माहौल को जीवंत बना दिया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृति यूनिवर्सिटी के चांसलर सचिन गुप्ता और सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद जैसे ही पलक मुच्छल ने मंच संभाला, दर्शकों में उत्साह और उमंग का माहौल छा गया। संस्कृति यूनिवर्सिटी के चांसलर सचिन गुप्ता ने इस अवसर पर कहाकि संस्कृति यूनिवर्सिटी हमेशा ऐसे आयोजनों के जरिए छात्रों को कला, संस्कृति और संगीत के प्रति प्रेरित करती है।

### पीएम मुद्रा योजना के कार्यान्वयन में बैंक ऑफ इंडिया की अहम

**भोपाल।** प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ने 10 वर्ष पूर्ण किया है। यह योजना भारत में एमएसएमई वित्तपोषण परिदृश्य को बदलने में सहायक रही है। पिछले एक दशक में, पीएमएमवाई ने सूक्ष्म उद्यमों के लिए ऋण तक पहुंच के विषय में बैंक ऑफ इंडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। योजना की स्तरीय संरचना शिशु, किशोर और तरुण ने बैंक को उद्यमियों के लिए किफायती, संपार्श्विक-मुक्त ऋण संवितरित करने में सक्षम बनाया है। पीएमएमवाई ने सूक्ष्म उद्यम क्षेत्र में हमारे बैंक की पहुंच का काफी विस्तार किया है। योजना के पहले पांच वर्षों के दौरान, हमने इस योजना के तहत 11,59,636 उधारकर्ताओं को कुल रु. 18,923 करोड़ की ऋण सुविधाएं संवितरित की हैं। 10 वर्षों की अवधि के दौरान संचयी संवितरण 43,65,580 उधारकर्ताओं को रु. 71,364 करोड़ है, अर्थात मात्रा के साथ-साथ मूल्य के संदर्भ में लगभग 300 फीसदी की वृद्धि हुई।

न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल
प्रकरण क्रमांक 5602/अ-6/24-25

उद्‌घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री विवेक कुमार गुप्ता आ. आर.एस. गुप्ता निवासी जी-83, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल म0प्र0 भू0रा0 सहिंता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. 1639(2) दिनांक 10/09/2010 प0ह0न0---- स्थित भूमि खसरा नंबर 84,94,95,96,98, 100, 101,102/2 एवं अन्य रकबा 87.82 वर्गमीटर भूखण्ड Bs-10 भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। 2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 23/04/25 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 09/04/2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील-कोलार भोपाल

न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल
प्रकरण क्रमांक 5602/अ-6/24-25

उद्‌घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री विवेक कुमार गुप्ता आ. श्री रामशरण गुप्ता एवं रामशरण गुप्ता आ. स्व. श्री गगन प्रसाद गुप्ता निवासी म.नं. 10 सेक्टर-04 ग्लोबल पार्क सिटी कटरा हिल्स, भोपाल म0प्र0 भू0रा0 सहिंता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. MP 059702017 A111862 दिनांक 16/03/2017 ग्राम- कटारा प0ह0न0 --- स्थित भूमि खसरा नंबर 69/1/क, 69/2 रकबा 64.40 वर्गमीटर फ्लैट नं.डी-13 भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। 2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 23/04/25 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 09/04/2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील-कोलार भोपाल

न्यायालय तहसीलदार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल
प्रकरण क्रमांक 5601/अ-6/24-25

उद्‌घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री विवेक कुमार गुप्ता आ. श्री रामशरण गुप्ता एवं रामशरण गुप्ता आ. स्व. श्री गंगा प्रसाद गुप्ता निवासी बी3- 10 पार्क सिटी कटारा हिल्स, भोपाल म0प्र0 भू0रा0 सहिंता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. 2523(2) दिनांक 04/01/2014 ग्राम- कटारा प0ह0न0 --- स्थित भूमि खसरा नंबर 60,61,62,63, 64/1,66 रकबा 71.69 वर्गमीटर फ्लैट नं.205 ब्लाक ए-4 भूमि का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवदेक के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया है। 2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 23/04/25 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 09/04/2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील-कोलार भोपाल

## चिंतन

# रेपो दर में दूसरी कटौती से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी

एक तरफ जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था में टैरिफ वार की दहशत है, अमेरिका के जवाबी शुल्क के साथ आयात पर नए टैरिफ के 9 अप्रैल से प्रभावी होने व चीन के साथ टैरिफ युद्ध के बाद से विश्व स्तर पर आपूर्ति संतुलन के चरमराने का खतरा पैदा हो गया है, वहीं भारत ने इस विषम वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में घरेलू खपत को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। भारत के खिलाफ भी अमेरिका के जवाबी शुल्क व आयात पर नए टैरिफ दर को लेकर पैदा हुई चिंता के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के मकसद से बुधवार को लगातार दूसरी बार प्रमुख ब्याज दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले इस साल फरवरी में मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर 6.25 प्रतिशत किया गया था। यह मई, 2020 के बाद पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था। मुद्रास्फीति में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच इस कदम से नवंबर, 2022 के बाद से कर्ज की लागत सबसे कम स्तर पर आ गई है। रेपो रेट में कटौती से उद्योग जगत व उपभोक्ता दोनों को फायदा होगा। उद्योग को कर्ज सस्ते में मिलेंगे, इससे निवेश प्रवाह बढ़ेगा। ब्याज घटने से होम, ऑटो और अन्य तरह के कंज्यूमर लोन भी सस्ते होंगे, जिससे खपत बढ़ाने में मदद मिलेगी। हाल के महीनों में सरकार ने घरेलू खपत बढ़ाने के कई उपाय किए हैं। जिनमें बजट में आयकर छूट सीमा बढ़ाने व कॉरपोरेट कर में कमी जैसी कई योजना के साथ महंगाई भत्ता में बढ़ोत्तरी व आठवें वेतन आयोग का ऐलान व शामिल हैं। रिजर्व बैंक ने फरवरी के बाद अप्रैल में भी चौथाई फीसदी की कटौती कर तीन महीने में नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में आधा फीसदी की कटौती कर दी है। अब रेपो रेट 6 फीसदी हो गया है। केंद्रीय बैंक ने आगे भी कटौती का संकेत दिया है। यह मौके पर उठाया गया सही आर्थिक कदम है। इसी के साथ सरकार को नए निवेश करने होंगे और अपने योजनागत खर्च बढ़ाने होंगे, जिससे घरेलू खपत व आर्थिक गतिविधियों में तेजी आए। भारत के पास वैश्विक आपूर्ति सिस्टम में भी भरपूर अवसर है, लेकिन इसके लिए प्रतिस्पर्धात्मक रहना जरूरी है। रिजर्व बैंक ने जीडीपी दर का अनुमान भी 6.7 फीसदी से घटा कर 6.5 फीसदी कर दिया है, इससे साफ है कि इस वर्ष भी भारतीय अर्थव्यवस्था सुस्ती की जद में रहेगी। पिछले दो तिमाही से भारतीय जीडीपी की चाल मंथर है, जो राष्ट्र के ग्रोथ व विकसित भारत के लक्ष्य के लिए माफिक नहीं है। निजी व सरकारी नए निवेश व सार्वजनिक खर्च बढ़ाने होंगे, आम लोगों को टैक्स राहत देनी होगी, अप्रत्यक्ष टैक्सेशन को और सरल बनाना होगा, कच्चे तेल के सस्ता होने के अनुरूप पेट्रोल व डीजल पर करों में कटौती करनी होगी, तभी घरेलू अर्थव्यवस्था गति पकड़ेगी। जीएसटी व पेट्रोलियम पर उच्च टैक्स दर के भरोसे राजस्व हासिल करने की प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा और इसे तर्कसंगत बनाना होगा। आयात पर निर्भरता कम करनी होगी व निर्यात के लिए नए बाजार देखने होंगे। अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लागू होने से वृद्धि और मुद्रास्फीति को लेकर अनिश्चितताएं बढ़ी हैं। डॉलर कमजोर हुआ है, बॉन्ड वैल्यू में नरमी आई है, स्टॉक मार्केट बेहाल है, कच्चे तेल तीन साल के निचले स्तर पर हैं। ऐसे में रिजर्व बैंक का 'रेपो कदम' भारतीय अर्थव्यस्था को गति देगा। आरबीआई का रेपो दर घटाने का निर्णय आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने का रणनीतिक कदम है।



दिवस विशेष
डा. अदिति अरुण

# होम्योपैथी भी सुरक्षित चिकित्सा विकल्प

ऑटोइम्यून डिसॉर्डर्स, जीवनशैली के लाइलाज कहे जाने वाले रोग, मानसिक बीमारियां, चर्मरोग, जोड़ों के रोग, पेट संबंधी बीमारियां, आदि में होम्योपैथी ने भरोसेमंद इलाज के कई नए आयाम जोड़ दिए हैं। आधुनिक रोगों में होम्योपैथी की सीमा के बावजूद आधुनिक चिकित्सा अपने सामने किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति को विकसित होते नहीं देख पा रही है। आधुनिक चिकित्सा की इसी सुपरमेसी का शिकार होम्योपैथी के समक्ष अनेक लाइलाज और जटिल रोगों की चुनौतियां भी हैं। सन् 2017 में अमेरिका में हुए 'नेशनल हेल्थ इंटरव्यू सर्वे' में पाया गया कि लोग तेज़ी से होम्योपैथिक चिकित्सा को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में स्वीकार करने लगे हैं।

होम्योपैथी के लिए 10 अप्रैल का दिन बेहद ख़ास है। इस वर्ष तो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ. सैमुएल हैनिमैन की 270वीं जयन्ती भी है। दुनिया आज के दिन को "विश्व होम्योपैथिक दिवस" के रूप में मनाती है। इस विशेष दिवस के बहाने मैं होम्योपैथी के प्रशंसकों को यह बताना चाहती हूँ कि वैश्विक स्वास्थ्य की चुनौतियों के मद्देनज़र होम्योपैथी में उपचार का दायरा अब उन रोगों तक पहुंच चुका है जिसे दुनिया में आज भी लाइलाज बताया जा रहा है। ऑटोइम्यून डिसॉर्डर्स, जीवनशैली के लाइलाज कहे जाने वाले रोग, मानसिक बीमारियां, चर्मरोग, जोड़ों के रोग, पेट संबंधी बीमारियां, आदि में होम्योपैथी ने भरोसेमंद इलाज के कई नए आयाम जोड़ दिए हैं।

कहते हैं विज्ञान और तकनीक में आपसी प्रतिस्पर्धा की हद बेहद ख़तरनाक होती है। आधुनिक रोगों में होम्योपैथी की सीमा के बावजूद आधुनिक चिकित्सा पद्धति अपने सामने किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति को विकसित होते नहीं देख पा रही है। आधुनिक चिकित्सा की इस सुपरमेसी का शिकार होम्योपैथी के समक्ष अनेक लाइलाज और जटिल रोगों की चुनौतियां भी हैं। सन् 2017 में अमेरिका में हुए 'नेशनल हेल्थ इंटरव्यू सर्वे' में पाया गया कि लोग तेज़ी से होम्योपैथिक चिकित्सा को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में स्वीकार करने लगे हैं। उस वर्ष अमेरिका में 39 लाख वयस्क तथा 9 लाख बच्चों ने होम्योपैथिक चिकित्सा ली। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा विधि है जो शुरू से ही चर्चित, रोचक और आशावादी पहलुओं के साथ विकसित हुई है। सन् 1810 में इसे जर्मन यात्री और मिशनरीज़ अपने साथ लेकर भारत आए। फिर तो इन छोटी मीठी गोलियां ने भारतीयों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा कर अपना सिक्का ज़माना शुरू कर दिया। सन् 1839 में पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह की गंभीर बीमारी के इलाज के लिए फ्रांस के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. जॉन मार्टीन होनिंगबर्गर भारत आए थे। डॉ. होनिंगबर्गर के उपचार से महाराज को बहुत लाभ मिला था। बाद में 1849 में पंजाब पर जब सर हेनरी लारेंस का क़ब्ज़ा हुआ तब डॉ. होनिंगबर्गर अपने देश लौट गए। सन् 1951 में एक अन्य विदेशी चिकित्सक जॉन हंटर लिटर ने कलकत्ता में एक होम्योपैथिक चिकित्सालय की स्थापना की। सन् 1881 में कलकत्ता में पहले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। होम्योपैथिक चिकित्सा और उपचार का दायरा अब काफ़ी बढ़ चुका है। बहुत से ऐसे सर्जिकल रोग हैं जिसमें एलोपैथी सर्ज़री की ज़रूरत पड़ती है लेकिन होम्योपैथिक दवाओं से इन रोगों में भी अच्छा लाभ मिल रहा है। उदाहरण के लिए किडनी या गॉल ब्लैडर की पथरी, हर्निया ट्यूमर, पाइल्स, मस्से आदि रोगों में होम्योपैथी अच्छा उपचार दे रही है। होम्योपैथी को आप भविष्य की एक मुकम्मल चिकित्सा पद्धति भी कह सकते हैं। जीवनशैली से जुड़े रोग, ऑटोइम्यून डिसऑर्डर्स एवं लाइलाज बता दिए गए रोगों में तो होम्योपैथी बेहतर सिद्ध हो रही है। होम्योपैथी में भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों से निबटने की पूरी क्षमता है। लेकिन स्वास्थ्य संकट की गंभीरता और रोगों की जटिलता के मद्देनज़र यह भी ज़रूरी है कि होम्योपैथी का गंभीर अध्ययन हो और इसे बाज़ार के प्रभाव से बचाकर पीड़ित मानवता की सेवा के चिकित्सा माध्यम के रूप में



प्रोत्साहित किया जाए। इन दिनों हम वैश्विक महामारियों और लाइलाज बीमारियों के दौर में जी रहे हैं। लगभग हर उम्र और वर्ग में जटिल बीमारियों का लाइलाज होना जहां चिंता की बात है वहीं होम्योपैथिक उपचार ने न केवल इसे सहज बनाया है बल्कि बेहद कम ख़र्च में इलाज को आम लोगों के लिए सुलभ कर दिया है। अभी कुछ वर्ष पूर्व ही दुनिया भर में फैले कोरोना वायरस संक्रमण के दौर को याद कीजिए।

उपचार के नाम पर पूरी दुनिया में अफ़रातफ़री थी। लोग परेशान थे और मर रहे थे। ऐसे में होम्योपैथी के रोगनिरोधी दवाओं ने बहुत काम किया। भारत वर्ष में सरकारी और निजी तौर पर बड़ी तादाद में होम्योपैथी की रोग प्रतिरोधी दवा बांटी गई और उसका असर भी हुआ कि कोरोना संक्रमण काफ़ी हद तक कम हो गया और लोग दहशत से बाहर आ गए थे। गंभीर बीमारियों और महामारियों में होम्योपैथी की भूमिका को समझने के लिए जर्नल ऑफ हिस्ट्री ऑफ मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज की 1997 के अंक में दर्ज सन् 1832 एवं 1854 में युरोप में फैले एशियाटिक कालरा महामारी की स्थिति का अध्ययन करना चाहिए। उस समय के जाने माने जनस्वास्थ्य वैज्ञानिक डॉ. जान स्नो ने ब्रिटेन के किंग जॉर्ज (छठे) की मदद से रॉयल लंदन होम्योपैथिक अस्पताल के चिकित्सकों की सेवाएं ली और लाखों लोगों को असमय मरने से बचा लिया था। आज कल वैश्विक स्तर पर होम्योपैथी खूब चर्चा में है। विभिन्न लोगों एवं समूहों में आलोचनाओं के बाद भी होम्योपैथी की स्वीकार्यता बढ़ी ही है। आधुनिक चिकित्सा के कई बड़े चिकित्सक भी न केवल होम्योपैथिक उपचार को अपना रहे हैं बल्कि वे अपने मरीज़ों को होम्योपैथी उपचार लेने की सलाह भी दे रहे हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि होम्योपैथी के लाभकारी गुणों को वैज्ञानिकता की कसौटी पर परख कर उसे जनसुलभ बनाया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी "ट्रेडिशनल मेडिसिन इन एशिया" नाम से एक मोनोग्राफ प्रकाशित कर होम्योपैथी एवं अन्य आयुष पद्धतियों की प्रासंगिकता को स्वीकार किया है। संगठन ने इस वर्ष (2025) विश्व स्वास्थ्य दिवस के संदेश के रूप में "स्वस्थ शुरुआत- आशापूर्ण भविष्य" की बात की है। संगठन भी मान रहा है कि सभी तार्किक एवं वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धतियों का समन्वय करके ही दुनिया को रोगमुक्त करने की दिशा में सोचा जा सकता है। हम होम्योपैथी की प्रासंगिकता और वैज्ञानिकता को लेकर नियमित चर्चा करें, इसकी कमियों को दूर करने का प्रयास करें साथ ही इसे जनसुलभ बनने के लिए भी पहल करें। वैश्वीकरण के दौर में जब स्वास्थ्य और शिक्षा बाजार की भेंट चढ़ गए हों, तब इस सहज और सस्ती वैज्ञानिक उपचार प्रणाली का महत्त्व वैसे ही बढ़ जाता है। होम्योपैथी में नियमित अनुसंधान की सख़्त ज़रूरत है। हम होम्योपैथिक चिकित्सकों को भी नये रोगों की चुनौतियों और उसके सफल होम्योपैथिक उपचार का अध्ययन करते रहना चाहिए। इन लाइलाज रोगों की चुनौतियाँ तथा आम लोगों में बढ़ती ग़रीबी के मद्दे नज़र भी होम्योपैथी जैसी सहज और सुलभ चिकित्सा पद्धति को और बढ़ाया जाना चाहिए। देखा जा रहा है कि महँगे इलाज का बोझ आम लोगों को कंगाल बना रहा है।देश की एक बड़ी आबादी कुपोषण का शिकार है। हमें यह भी सोचना होगा कि एक तार्किक चिकित्सा प्रणाली को मज़बूत और ज़िम्मेदार बनाने के प्रयासों के बजाए वे कौन लोग हैं जो इसे झाड़ फूंक,प्लेसिबो या सफ़ेद गोली के जुमले में बाँधे रखना चाहते हैं? यदि ये एलोपैथी की दवा और व्यापार की लॉबी है तो कहना होगा कि उनका स्वार्थ महँगी और बेतुके इलाज के नाम पर लूट क़ायम करना और भ्रम खड़ा करना है। हमें उनसे सावधान रहना होगा। नहीं तो आप उपचार की एक सहज, सरल, सस्ती और प्रामाणिक चिकित्सा विधि से महरूम रह जाएंगे।

(लेखिका होम्योपैथिक चिकित्सक एवं पोषणविज्ञानी हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## बैंकॉक सम्मेलन

अरविंद जयतिलक



# बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की पहल

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को एक मंच पर लाने वाला 'बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन संपन्न हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन के जरिए क्षेत्र में सहयोग और समन्वय बढ़ाने की पहल के साथ बैंकॉक विजन 2030 तक का रोडमैप खींच दिया। उन्होंने आर्थिक एकीकरण और कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए व्यापार बाधाओं को कम करने, डिजिटल व्यापार एवं ई-कामर्स का विस्तार करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने सीमा पार लेन-देन को सुव्यवस्थित करने के लिए बिम्सटेक डिजिटल व्यापार मंच की सार्थकता को भी रेखांकित किया। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने भारत के यूपीआई को बिम्सटेक सदस्य देशों की भुगतान सिस्टम से जोड़ने का आह्वान किया ताकि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई दी जा सके। अगर सदस्य देश इसमें दिलचस्पी दिखाते हैं तो निःसंदेह इस क्षेत्र में व्यापार, व्यवसाय और पर्यटन को पंख लगना तय है। जिस तरह दुनियाभर में व्यापारिक तनाव बढ़ रहा है और टैरिफ वार चल रहा है उस परिप्रेक्ष्य में बिम्सटेक क्षेत्र में स्थानीय मुद्रा में व्यापार की संभावनाएं अर्थव्यवस्था को नई गति दे सकती है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी व्यवहारिकता को समझने-परखने के लिए एक अध्ययन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने आतंकवाद निरोध और समुद्री सुरक्षा पर बल देते हुए मानव संसाधन अवसंरचना के संगठित विकास के लिए बिम्सटेक (बोधि) पहल का भी एलान किया। इसका उद्देश्य भारत में प्रत्येक वर्ष तीन सैकड़ा युवाओं को प्रशिक्षित करना है। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस के साथ बैठक कर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का भी सवाल उठाया। देखना दिलचस्प होगा कि मुहम्मद यूनुस इसे कितनी गंभीरता से लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी देश म्यांमार को भी आश्वस्त किया कि वहां आए भीषण भूकंप से निपटने में भारत का सहयोग जारी रहेगा। गौर करें तो इस शिखर सम्मेलन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की हर संभव पहल की है। ध्यान देना होगा कि मौजूदा समय में वैश्विक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में बिम्सटेक को प्रभावी बनाना न सिर्फ दक्षिण व पूर्वी एशिया के हित में है बल्कि यह क्षेत्रीय मंच समूचे विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन सकता है। शिखर सम्मेलन में बनी सहमति के इन प्रभावी सुझावों को मूर्त रूप दिया जाता है तो निःसंदेह बिम्सटेक की उपादेयता बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि बिम्सटेक यानी बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम की स्थापना 1997 में हुई। यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है। गौर करें तो बिम्सटेक क्षेत्र प्राकृतिक साधनों, जनशक्ति तथा प्रतिभा से भरपूर है। विश्व की 22 फीसद आबादी इस क्षेत्र में रहती है और इसका संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद 2500 अरब डॉलर है। अगर सदस्य देश सामंजस्य बनाकर कार्य करते हैं तो इससे इस क्षेत्र में व्याप्त गरीबी, अशिक्षा और कुपोषण से लड़ने में मदद मिलेगी। अच्छी बात है कि बिम्सटेक ने अपने हर सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय लिए हैं। इन निर्णयों का ही प्रतिफल है कि आज बिम्सटेक देशों के बीच आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं। आज नेपाल के कुल पूंजी निवेश में लगभग 36 फीसद पूंजी निवेश भारत करता है। भारत सरकार औसतन वार्षिक बजट का लगभग 60 से 75 करोड़ रुपये नेपाल को पर्याप्त सहायता पैकेज के रूप में देती है। बिम्सटेक के सदस्य देश भूटान की कृषि, सिंचाई, सड़क परियोजनाओं में भारत निरंतर सहयोग कर रहा है। भूटान की चुक्ख हाईडिल परियोजना एवं पेनडेना सीमेंट संयंत्र खोलने के लिए भारत ने बड़ी धनराशि मुहैया करायी है। भूटान के सचिवालय के निर्माण तथा पुराने मठों तथा विहारों के जीर्णोद्धार में भी भारत मदद कर रहा है। इसके अलावा भारत उसे केरोसिन और तेल की सब्सिडी भी देता है। बिम्सटेक के अन्य सदस्य देश म्यांमार, श्रीलंका और थाइलैंड के साथ भी भारत के गहरे रिश्ते हैं। म्यांमार में लोकतंत्र के उदय में भारत की अहम भूमिका रही है। पूंजी प्रवाह में उतार-चढ़ाव और विकसित देशों की मौद्रिक नीतियों में बदलाव के इस दौर में बिम्सटेक के लिए आवश्यक है कि वह आपसी मतभेदों को भुलाकर अर्थव्यवस्था के विकास को उत्प्रेरित करने, निवेश आकर्षित करने, उच्च आर्थिक वृद्धि बनाए रखने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने से जुड़ी नीतियों को अमलीजामा पहनाएं।

(लेखक विदेशी मामलों के विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## धोखेबाज डॉक्टर समूची मानवता पर कलंक

# सजा से ज्यादा जरूरी है कि पहले व्यवस्था में सुधार हो



डॉ. प्रमोद शंकर सोनी

चिकित्सा को सेवा और डॉक्टर को ईश्वर का स्वरूप माना गया है। वह व्यक्ति जो किसी के जीवन को बचाता है, समाज में सम्मान और श्रद्धा का पात्र होता है। किंतु जब यही पवित्र पेशा धोखाधड़ी और आपराधिक प्रवृत्तियों के दलदल में धंसने लगे, तो यह केवल चिकित्सा व्यवस्था पर नहीं, समूची मानवता पर कलंक बन जाता है। दमोह के मिशन अस्पताल में जो हुआ, वह इसी शर्मनाक गिरावट का ताजा उदाहरण है। एक फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. जॉन केम उर्फ नरेंद्र यादव, न केवल हृदय जैसी संवेदनशील शल्य क्रियाएं करता रहा, बल्कि प्रशासन की नाक के नीचे 8 लाख रुपए मासिक वेतन भी पाता रहा और बेतरतीब सर्जरियों में 7 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। यह सोचने वाली बात है कि क्या नियुक्ति से पहले उसके दस्तावेजों का सत्यापन नहीं हुआ? अस्पताल प्रशासन, मेडिकल काउंसिल और सरकार की निगरानी एजेंसियां ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। आश्चर्य की बात है कि अस्पताल प्रबंधन ने भी उसकी योग्यता जांचने में कोताही बरती, और स्थानीय प्रशासन इस घपले को पकड़ने में नाकाम रहा। यह मामला न केवल लापरवाही है, बल्कि एक संगठित भ्रष्ट तंत्र का प्रतिबिंब भी है। कल्पना करिए यदि यह दोषी पकड़ा न जाता तो न जाने और कितनी जानें चली गई होंती। दुर्भाग्य से इस घटना ने योग्य और समर्पित डॉक्टरों की छवि पर भी प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। अब हर मरीज के मन में यह डर बैठ गया है कि कहीं उनका डॉक्टर भी फर्जी तो नहीं। यह भरोसा टूटना, वास्तव में चिकित्सक और मरीज के संवेदनशील संबंध को गहरी खाई के मुहाने पर खड़ा कर देता जहां 'जॉन एन केम' जैसे फर्जी सर्जन, पीछे से बेतरतीब ऑपरेशन रूपी ऐसी लात मारते हैं कि वह मासूम मरीज ,जो उसे साक्षात ईश्वर मान अपना शरीर सौंप देता है सीधे मौत के घाट उतार ईश्वर से ही मिला देते हैं। बहरहाल, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है, और नरेंद्र यादव प्रयागराज से गिरफ्तार हो चुका है।

लेकिन सजा से ज्यादा जरूरी है व्यवस्था में सुधार। चिकित्सा संस्थानों की नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी, तकनीकी और जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। कठोर सत्यापन, नियमित निरीक्षण और पारदर्शिता बेहद अनिवार्य होनी चाहिए। साथ ही ,यह घटना हमें चेताती है कि अगर स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया, तो ऐसे शैतान लगातार अबोध जिंदगियां लीलते रहेंगे जिन्हें समाज के सामने नंगा कर कठोर दंड दिलवाना बेहद आवश्यक है।

(स्वतंत्र लेखक व होम्योपैथिक चिकित्सक)

## सटाका




## आज की पाती

### महंगाई को मिलकर नकेल दें सरकारें

देश के लोग इस वक्त महंगाई से त्रस्त हैं। सरकार को महंगाई रोकने के अपने वादों को पूरा करना चाहिए। अकसर यह देखा जाता है कि चुनाव के दौरान भारी भरकम वादे किए जाते हैं, लेकिन उन वादों को निभाया नहीं जाता है। केंद्र की वर्तमान सरकार ने भी चुनाव के दौरान महंगाई पर नकेल कसने का वादा किया था, लेकिन वह इस वादे को पूरा नहीं कर पाई है। प्रायः हर प्रदेश में खाद्य पदार्थों के दाम ऊपर ही जा रहे हैं। आटा, चावल, सब्जियां, तेल, दालों आदि के भाव अपनी ऊंचाई पर हैं। फलों के दाम भी बढ़ते ही जा रहे हैं। महंगाई को बढ़ने से रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों को भी कदम उठाने चाहिए। यह एक सामूहिक दायित्व है।

*- लखन चतुर्वेदी, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# अमेरिका ने खाद्य सहायता कार्यक्रम में मदद बंद की


ट्रंप प्रशासन ने अफगानिस्तान, सीरिया, यमन और 11 अन्य गरीब देशों में लाखों लोगों के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम को वित्तीय सहायता देना बंद कर दिया है, जबकि इनमें से कई देश संघर्ष का सामना कर रहे हैं। संगठन और अधिकारियों ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को यह जानकारी दी। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिका से इस फैसले को वापस लेने की अपील की। दो अमेरिकी अधिकारियों और एसोसिएटेड प्रेस के पास मौजूद दस्तावेजों के अनुसार इस सहायता को बंद कर 'यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' द्वारा संचालित कुछ बचे मानवीय कार्यक्रमों को भी बंद किया जा रहा है। डब्ल्यूएफपी ने 'एक्स' पर कहा, 'यह कटौती अत्यधिक भूख और भुखमरी का सामना कर रहे लाखों लोगों के लिए मौत की सजा के बराबर हो सकती है।" एजेंसी ने कहा कि उसने इस तरह के कार्यक्रमों के 'लगातार समर्थन का आग्रह करने के लि" ट्रंप प्रशासन से बात की है और पहले के योगदान के लिए अमेरिका और अन्य मददगारों को धन्यवाद दिया।




## ऑफ बीट

# पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है

अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं।



लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं-आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है। यूं तो बिल्लियों के शरीर में एलर्जी के लिए जिम्मेदार आठ कण का उत्पादन होता है, लेकिन विभिन्न अध्ययनों में 'फेल डी 1' को इनमें सर्वाधिक घातक पाया गया है। 'फेल डी 1' एक सूक्ष्म प्रोटीन है, जो कपड़ों और अन्य सतहों से आसानी से चिपक जाता है। यह हवा में भी लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, जिससे इसके श्वास के रास्ते शरीर में प्रवेश करने की आशंका रहती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 'फेल डी 1' उन घरों में भी मौजूद हो सकता है, जहां बिल्लियां नहीं होतीं।

## ट्रेंड

### रामसहाय के निधन से दुख



सुप्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री रामसहाय पांडे जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उन्होंने अपनी अद्भुत कला, लगन और परिश्रम से बुंदेलखंड के लोकनृत्य राई को अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों और प्रशंसकों को संबल प्रदान करें। ओम शांति!

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### समृद्ध राजधानी दिल्ली



हमारा लक्ष्य केवल शासन करना नहीं, बल्कि प्रत्येक दिल्लीवासी को नीति निर्धारण और विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाना है। दिल्ली को एक समावेशी, सशक्त और समृद्ध राजधानी बनाने के संकल्प के साथ हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### संविधान की सुरक्षा जरूरी



बीजेपी लगातार दलितों को अपमानित और संविधान पर आक्रमण करती आ रही है। इसलिए संविधान का सिर्फ सम्मान नहीं, सुरक्षा भी ज़रूरी है। देश संविधान और उसके आदर्शों से चलेगा, मनुस्मृति से नहीं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### रचनात्मक सामग्री



भारत रचनात्मक सामग्री का सबसे बड़ा निर्माता और उपभोक्ता है। यदि संगठित और असंगठित रचनात्मक अर्थव्यवस्था को एक साथ रखते हैं तो हम पहले से ही एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# पारंपरिक धोती-कुर्ता धारण कर नंगे पांव पहुंचे मोदी, 108 देश के लोगों ने किया जाप

## 'नवकार महामंत्र दिवस': यह आतंकवाद, युद्ध और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों से पार पाने में मददगार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नवकार महामंत्र दिवस' पर आयोजित 'नवकार महामंत्र' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिना जूते के पहुंचे। उन्होंने मंच पर नहीं बल्कि आम लोगों के साथ बैठकर कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने पारंपरिक धोती और कुर्ता धारण किया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि जैन धर्म ने भारत की पहचान स्थापित करने में अमूल्य भूमिका निभाई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसके मूल्य आतंकवाद, युद्ध और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों से पार पाने में मददगार हैं। पीएम मोदी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार इस प्राचीन धर्म की विरासत और शिक्षाओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि तीर्थंकरों की शिक्षाओं और मूर्तियों के जरिए इस धर्म का प्रभाव संसद भवन पर दिखाई देता है।

### तीर्थंकरों की शिक्षाओं और मूर्तियों के जरिए इस धर्म का प्रभाव संसद पर दिखाई दे रहा



### नवकार महामंत्र को प्रधानमंत्री ने बताया जीवन का आधार

#### अनेकांतवाद धर्म में गैर-निरपेक्षता को बढ़ावा देने वाला सिद्धांत

*अनेकांतवाद के सिद्धांत का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि दुनिया को इसकी बहुत जरूरत है क्योंकि इसके तहत विभिन्न दृष्टिकोणों की सराहना की जाती है। अनेकांतवाद जैन धर्म में गैर-निरपेक्षता को बढ़ावा देने वाला एक प्रमुख सिद्धांत है। इसके तहत यह माना जाता है कि अंतिम सत्य को अलग-अलग तरीके से देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में जीवन की पारस्परिक निर्भरता का खासा महत्व है और इसलिए इसमें मामूली हिंसा पर भी रोक है।*

### शांति, सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के लिए अच्छा माध्यम

*पीएम मोदी ने कहा कि यह शांति, सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के लिए सबसे अच्छा सबक है। मोदी ने कहा कि जैन साहित्य भारत की आध्यात्मिक भव्यता की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार इसे संरक्षित करने के लिए कई कदम उठा रही है, जिसमें इसके प्राचीन ग्रंथों का डिजिटलीकरण और पाली व प्राकृत को शास्त्रीय भाषा घोषित करने की हालिया योजना भी शामिल है।*



### 9 प्रतिज्ञाएं लेने का अनुरोध किया

मोदी ने लोगों से जल संरक्षण, अपनी मां की याद में एक पेड़ लगाना, स्वच्छता को बढ़ावा देना, स्थानीय लोगों के लिए मुखर होना, देश में यात्रा करना, प्राकृतिक खेती को अपनाना, मोटे अनाजों का अधिक सेवन कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाना और खाद्य तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत की कटौती करना, गरीबों की मदद करना और खेल तथा योग को दिनचर्या में सम्मिलित करने समेत 9 प्रतिज्ञाएं लेने का अनुरोध किया। उन्होंने लोगों से देश भर में एकता का संदेश ले जाने और 'भारत माता की जय' कहने वाले किसी भी व्यक्ति को गले लगाने को कहा।

---

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में कूड़े से हवा हुई और ज्यादा जहरीली



**नई दिल्ली।** दिल्ली में कूड़े में आग लगने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है, जो दिल्ली की हवा को प्रदूषित बना रही है। दमकल के आंकड़ों के अनुसार बीते माह सर्वाधिक 720 कूड़े में आग लगने की कॉल्स मिली थीं, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में 380 कॉल्स मिली थीं। कूड़े में आग लगने से इससे निकलने वाले धुएं से हवा प्रदूषित होती है।

### संजीव बने जेके-लद्दाख हाईकोर्ट के एक्टिंग सीजे



**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव कुमार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। नियुक्ति 10 अप्रैल से प्रभावी होगी। मुख्य न्यायाधीश ताशी रबस्तान 9 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए हैं। जब तक नए सीजे की नियुक्ति नहीं होती, तब तक वे जिम्मेदारी निभाएंगे।

### विधानसभा में भिड़े आप और पीडीपी विधायक



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा का सत्र मंगलवार को उस वक्त अशांत हो गया जब आपके विधायक मेहराज मलिक और पीडीपी विधायक वहीद पारा के बीच जमकर नोकझोंक हो गई। बहस ने ऐसा रूप लिया कि बात धक्कामुक्की और तीखी जुबानी जंग तक जा पहुंची। अन्य विधायकों को बीच में आना पड़ा।

### ट्रक से कुचलकर 3 बच्चों समेत 4 की मौत



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नैनी थाना इलाके में नए यमुना पुल के पास निर्माणाधीन रेलवे पावर हाउस के पास बुधवार तड़के 3:00 के आसपास यहां पर गिट्टी लादकर चालक ट्रक लेकर पहुंचा था।

---

## रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी ने दी कैबिनेट के फैसलों की जानकारी

# जीरकपुर बाइपास और पीएमकेएसवाई को दी मंजूरी, आंध्र-तमिलनाडु को भी मिली सौगात

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कई अहम फैसलों की जानकारी केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने रेल लाइन प्रोजेक्ट और बाइपास परियोजनाओं पर मुहर लगा दी है।

जीरकपुर बाइपास के निर्माण, तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन के दोहरीकरण और कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है पीएम मोदी की अध्यक्षता में बैठक में हाइब्रिड एन्युटी मोड पर पंजाब और हरियाणा में 1878.31 करोड़ की लागत से 19.2 किलोमीटर लंबाई वाले 6 लेन वाले एक्सेस कंट्रोल्ड जीरकपुर बाइपास के निर्माण को मंजूरी दी गई। इस परियोजना का उद्देश्य पटियाला, दिल्ली, मोहाली एरोसिटी से यातायात को डायवर्ट करके और हिमाचल प्रदेश को सीधा संपर्क देकर जीरकपुर, पंचकूला और आसपास के क्षेत्रों में भीड़भाड़ को कम करना है।

### यातायात को डायवर्ट कर और हिमाचल को सीधा संपर्क देकर भीड़ कम करेंगे



#### रेल लाइन परियोजना भी स्वीकृत

वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन (104 किमी) के दोहरीकरण को मंजूरी दी। इसकी लागत 1332 करोड़ होगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 400 गांवों और लगभग 14 लाख आबादी तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर से कनेक्टिविटी के साथ-साथ, यह परियोजना खंड श्री कालहस्ती शिव मंदिर, कनिपकम विनायक मंदिर और चंद्रगिरी किला जैसे अन्य प्रमुख स्थलों को रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

#### एम-सीएडीडब्ल्यूएम आधुनिक होगा

कैबिनेट ने 2025-2026 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की उप-योजना के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है। इसका आरंभिक परिव्यय 1600 करोड़ होगा।

#### दो रेल इंफ्रा प्रोजेक्ट से कई राज्यों को मिलेगा लाभ

वैष्णव ने कहा कि आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 104 किलोमीटर लंबे तिरुपति-पकाला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन के दोहरीकरण को भी मंजूरी दी, जिसकी लागत 1,332 करोड़ है, जो तिरुपति बालाजी और श्री कालहस्ती शिव मंदिर को जोड़ता है। यह परियोजना पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में शुरू की जा रही 23 प्रमुख रेलवे बुनियादी ढांचे की पहल का हिस्सा है, जिसमें 86,507 करोड़ के कुल निवेश से 2,869 किलोमीटर रेलवे लाइनें शामिल हैं।

#### आंध्र प्रदेश से वेल्लोर तक कई स्टेशन पुल और रोड ओवर ब्रिज बनेंगे

*आंध्र प्रदेश (चित्तूर, तिरुपति) से तमिलनाडु (वेल्लोर) तक जाने वाली रेलवे लाइन में 15 स्टेशन, 17 बड़े पुल, 327 छोटे पुल, 7 रोड ओवर ब्रिज , 30 रोड अंडर ब्रिज शामिल हैं। इस परियोजना में 113 किलोमीटर लंबी पटरी भी होगी और अधिक माल तथा मेल/एक्सप्रेस/यात्री ट्रेनों को चलाने की अतिरिक्त क्षमता भी होगी।परियोजना श्री कालहस्ती शिव मंदिर, कनिपकम विनायक मंदिर, चंद्रगिरी किला आदि जैसे अन्य प्रमुख स्थलों को रेल संपर्क प्रदान करेगी, साथ ही तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर को भी जोड़ेगी। इससे से लगभग 400 गांवों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और लगभग 14 लाख लोगों को लाभ मिलेगा।*

#### 1,600 करोड़ मंजूर किए

### कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट से अनेक किसान होंगे लाभान्वित

केंद्र ने किसानों के लिए एक बड़ी योजना को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ( पीएमकेएसवाई ) के तहत एक नई उप-योजना 'कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट को 025-26 के लिए लागू किया जाएगा। इसके लिए 1600 करोड़ का बजट तय किया गया है। इसका उद्देश्य देश में सिंचाई व्यवस्था को आधुनिक बनाना और जल प्रबंधन को बेहतर करना है। इसके तहत खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए पुराने नहरों या अन्य जल स्रोतों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जाएगा ताकि किसानों, को समय पर और पर्याप्त पानी मिल सके और वे इसका लाभ उठा सकें।

#### कृषि प्रणाली और टिकाऊ होगी

इस योजना में पानी के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने नई तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे खेत स्तर पर जल उपयोग दक्षता में वृद्धि होगी। एक हेक्टेयर तक के खेतों में भूमिगत दबावयुक्त पाइपलाइन प्रणाली स्थापित की जाएगी, जिससे सूक्ष्म सिंचाई को प्रोत्साहन मिलेगा और फसल उत्पादन भी बढ़ेगा। सिंचाई प्रणाली के प्रबंधन की जिम्मेदारी वॉटर यूजर सोसाइटियों को दी जाएगी। इसका उद्देश्य युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों की ओर आकर्षित करना भी है। इससे खेती को एक बेहतर, तकनीकी और लाभदायक व्यवसाय के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। यह योजना किसानों की आय बढ़ाने में उपयोगी साबित होगी।

---

## महुआ ने भाजपा पर लगाया आरोप

# क्या हम सिर्फ ढोकला खाएं और 3 बार जय श्रीराम बोलें?



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने आरोप लगाते हुए दावा किया है कि दिल्ली के चितरंजन पार्क में जबरन मछली की दुकानें बंद कराई जा रही हैं। उन्होंने इसका आरोप भाजपा के लोगों पर लगाया है। एक वीडियो में वे भाजपा पर भड़कती हुईं दिख रही हैं। उन्हें सुना जा सकता है कि दिनदहाड़े भाजपा के गुंडे दुकानदारों को धमका रहे हैं और उनसे कह रहे हैं कि वे यहां मछली की दुकानें नहीं चला सकते। मोइत्रा ने कहा कि क्या भाजपा हमें बताएगी कि हमें ढोकला खाना है और दिन में 3 बार 'जय श्री राम' बोलना है? भाजपा मुस्लिम विरोधी, हिंदू विरोधी और संविधान विरोधी है। मंदिर पर अब भाजपा के गुंडे दावा कर रहे हैं।

### दिल्ली पुलिस कराएगी मामले की जांच

दिल्ली पुलिस ने सांसद महुआ मोइत्रा के इस दावे की जांच करने का फैसला किया है कि दक्षिणपंथी विचारधारा से जुड़े कुछ लोगों ने दक्षिण दिल्ली के चित्तरंजन पार्क इलाके में मछली की दुकानों को जबरन बंद कराने की कोशिश की थी या नहीं। फिलहाल इस संबंध में उन्हें कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, लेकिन पुलिस सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़े तथ्यों की पुष्टि कर रही है। यह बाजार दिल्ली नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार लाइसेंस प्राप्त है। वीडियो पुराना प्रतीत होता है, लेकिन हम घटना की तारीख की पुष्टि कर रहे हैं।

### राजनीतिक फायदे के लिए वे बोल रहीं: सचदेवा

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि हर किसी को प्रार्थना स्थल की मर्यादा का सम्मान करना चाहिए और सीआर पार्क के मछली व्यापारी हमेशा से ऐसा करते आए हैं। मछली बाजार क्षेत्र की आवश्यकता हैं। व्यापारी इलाके में उच्च स्वच्छता मानक बनाए रखते हैं और नियमित रूप से सीआर पार्क की सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में भाग लेते हैं। मोइत्रा द्वारा साझा किया गया वीडियो राजनीतिक फायदे के लिए तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य सीआर पार्क के सामुदायिक सौहार्द को बिगाड़ना है।

---

## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने भारत का किया नेतृत्व

# भारत में कृषि सहयोग के लिए 'बिम्सटेक' उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना का रखा प्रस्ताव

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को नेपाल के काठमांडू में तीसरी बिम्सटेक कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का नेतृत्व किया। इसमें भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, म्यांमार, थाईलैंड और श्रीलंका जैसे बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ कृषि अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक ने कृषि विकास के क्षेत्र में अधिक क्षेत्रीय सहयोग का अवसर प्रदान किया है।

बिम्सटेक देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने के लिए भारत ने 'भारत में कृषि सहयोग के लिए



बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र' की स्थापना का प्रस्ताव रखा है। यह केंद्र सटीक कृषि, जलवायु जोखिम को कम करने, प्राकृतिक खेती, लैंगिक समानता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा, पोषण, सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ड्रोन, डिजिटल प्रौद्योगिकियों सहित उभरती प्रौद्योगिकियों पर ज्ञान और कौशल साझा करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। यह आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देगा।

### बिम्सटेक को एक बड़ा विकल्प बताया

चौहान ने कहा कि भारत के लिए 'पड़ोसी पहले' और 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' की प्रमुख विदेश नीति प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए बिम्सटेक एक स्वाभाविक विकल्प है। बिम्सटेक में दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया को जोड़ने की क्षमता है। हमारा साझा इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है जो स्वाभाविक साझेदार बनाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत किसानों को नकदी का सीधा हस्तांतरण, संस्थागत ऋण तक पहुंच में सुधार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड,खाद्य सुरक्षा मिशन, फसल बीमा, महिलाओं को ड्रोन प्रदान करने के लिए काम कर रहा है।

---

### आज लखनऊ पहुंची 'कन्नप्पा' की टीम योगी ने दीं शुभकामनाएं



**लखनऊ।** विष्णु मांचू की आने वाली फिल्म 'कन्नप्पा' लगातार चर्चाओं में है। मेकर्स फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म की कास्ट ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। अभिनेता विष्णु मांचू और कोरियोग्राफर प्रभुदेवा मौजूद रहे। इनके साथ मोहन बाबू विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मोहन बाबू और विनय माहेश्वरी भी थे। योगी ने 'कन्नप्पा' के पोस्टर पर हस्ताक्षर किए और फिल्म की सफलता के लिए टीम को शुभकामनाएं दीं। लोगों को इस फिल्म का इंतजार है।

---

## अनुबंध बाध्यकारी समझौता है, चाहे ताकत कुछ भी हो

सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

# विवादों को सुलझाने का अधिकार किसी भी पक्ष से अनुबंध से नहीं छीन सकते

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

निजी नियोक्ता कर्मचारी के नियुक्ति पत्र में यह प्रावधान शामिल कर सकते हैं कि रोजगार संबंधी किसी भी विवाद का समाधान किस विशेष अदालत या क्षेत्राधिकार में किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह बात कही है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि अनुबंध एक कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता है, चाहे इसमें शामिल पक्ष या उनकी ताकत कुछ भी हो। कानूनी तरीके से विवादों को सुलझाने का अधिकार किसी भी पक्ष की ओर से अनुबंध के माध्यम से नहीं छीना जा सकता है।

### दावा करना सीमित नहीं



न्यायालय ने कहा कि विवाद में यह धारा कर्मचारी से कानूनी दावा करने के अधिकार को नहीं छीनती, बल्कि उन्हें केवल मुंबई की अदालतों में ही दावा करने तक सीमित कर देती है। सर्वोच्च न्यायालय पटना में नियुक्त एचडीएफसी बैंक और दिल्ली में नियुक्त लॉर्ड कृष्णा बैंक के दो कर्मचारियों द्वारा दायर अपीलों पर सुनवाई कर रहा था।

### समाधान सक्षम न्यायालय में होना चाहिए

दोनों मामलों में बैंकों ने अपने नियुक्ति पत्रों में उल्लेख किया था कि पक्षों के बीच कोई भी विवाद जिसके कारण कानूनी कार्रवाई की नौबत आती है, उसका समाधान मुंबई स्थित सक्षम न्यायालय में किया जाना चाहिए। उन्होंने पटना और दिल्ली की संबंधित अदालतों में अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी।

---

## अहमदाबाद में एआईसीसी सत्र में खरगे ने केंद्र पर लगाया आरोप, वहीं अन्य ने कांग्रेस की खामियां भी उजागर की

# महाराष्ट्र चुनाव धोखाधड़ी से जीते गए, लोकतंत्र को धीरे-धीरे खत्म करने का प्रयास हो रहा

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

अहमदाबाद में एआईसीसी सत्र को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धोखाधड़ी से जीत दर्ज की। ऐसा फर्जीवाड़ा जो पहले कभी नहीं देखा गया। उन्होंने बैलेट पेपर पर चुनाव कराने की जोरदार वकालत की। खरगे ने मोदी सरकार पर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने और लोकतंत्र को धीरे-धीरे खत्म करने के लिए सरकारी संपत्ति बेचने का भी आरोप लगाया। पूरी दुनिया ईवीएम से बैलेट पेपर की ओर बढ़ रही है, लेकिन हम ईवीएम का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह सब धोखाधड़ी है। वे हमसे इसे साबित करने के लिए कहते हैं। आपने ऐसी तकनीकें तैयार की हैं, जिनसे सत्ताधारी पार्टी को फायदा होता है और विपक्ष को नुकसान होता है।



### सरकार कुछ छिपाना चाह रही

*उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों के मुद्दों पर बहस करने के बजाय सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के अपने एजेंडे के लिए देर रात तक संसद में बहस की। उनका इशारा वक्फ कानून के लिए लाए गए विधेयक पर लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही की ओर था। मणिपुर पर बहस सुबह 4 बजे हुई और उन्होंने निवेदन किया कि इसे अगले दिन आयोजित किया जाए, लेकिन सरकार सहमत नहीं हुई। खरगे ने आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि सरकार कुछ छिपाना चाहती है।*

### भाजपा ने 90 प्रतिशत सीटें जीतीं, ऐसा कभी नहीं हुआ

खरगे ने कहा कि भाजपा ने 90 प्रतिशत सीटें जीतीं और कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। खरगे ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र चुनाव में जो धोखाधड़ी हुई, वैसी कभी नहीं हुई, जिसका उद्देश्य लोकतंत्र को नष्ट करना था। उन्होंने कहा कि हम इसके बारे में पता लगाएंगे। चोर हमेशा पकड़ा जाता है। हमारे वकील और नेता इसके लिए काम कर रहे हैं। हम यही कोशिश कर रहे हैं।

### संविधान पर हमला कर रही सरकार

खरगे ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सत्तारूढ़ पार्टी संविधान पर हमला कर रही है। संवैधानिक संस्थाओं और सिद्धांतों पर हमला किया जा रहा है। हमें उनकी रक्षा के लिए लड़ना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने संसद के बजट सत्र को अपनी मर्जी से चलाया। अध्यक्ष ने विपक्ष के नेता का नाम लिया, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया।

### आरक्षण खत्म करने की साजिश हो रही

खरगे ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र खत्म हो रहा है। विपक्ष को अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाए जाने के मुद्दे को संसद में उठाने की अनुमति नहीं दी गई। संसाधनों को कुछ पूंजीपतियों को सौंपकर एकाधिकार स्थापित किया जा रहा है। निजीकरण के जरिए आरक्षण खत्म किया जा रहा है।

#### कानपुर के कांग्रेस नेता ने

### संगठन में नियुक्ति पर सवाल खड़े कर दिए



अधिवेशन का बुधवार को आखिरी दिन था। इस दौरान सदस्यों ने खुले मंच से संगठन की खामियों पर बात की और अपना पक्ष भी रखा। कानपुर से आने वाले नेता आलोक मिश्रा ने संगठन में नियुक्ति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आलोक ने दावा किया कि पार्टी ने एक ऐसा शहर अध्यक्ष बनाया है, जिसके बेटे भाजपा और सपा में हैं। उन्होंने कहा कि एक कार्यकर्ता आज कांग्रेस की दुहाई देता है और आपसे आह्वान करने आया है कि हम लोग भाजपा से बाद में लड़ते हैं, पहले कांग्रेसी आपस में ही लड़ते हैं।

#### थरूर ने दी 20 पर्सेंट की सलाह

### हमें निगेटिव नहीं रहना उन्हें जोड़ना चाहिए



अधिवेशन में कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कांग्रेस पार्टी को सलाह दी कि उसे उन लोगों को वापस जोड़ने पर काम करना होगा, जो बीते 3 लोकसभा चुनावों में पार्टी से दूर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ऐसे मतदाताओं को साथ लाना होगा, जिनके चलते वह सत्ता में आती थी। थरूर ने कहा कि यदि इन लोगों को वापस लाया गया तो फिर पार्टी उस 19-20 पर्सेंट वाले आंकड़े से ऊपर उठेगी, जिसमें अब तक वह उलझी हुई है। हालांकि थरूर पर पिछले काफी समय से भाजपा से नजदीकी बढ़ाने के आरोप भी लगते रहे हैं।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद हम एकमात्र देश हैं, जो वास्तव में सैद्धांतिक रूप से इस तरह की समझ तक पहुंच पाए हैं। आज दुनिया का हर देश अमेरिका से निपटने की रणनीति बना रहा है। भारत का फोकस ट्रंप प्रशासन के साथ व्यापार समझौता करना है

टैरिफ से जुड़ी चिंताओं पर विदेश मंत्री ने बताई रणनीति

# भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर यूएस से जल्द करेगा बातचीत, दोनों पक्ष बेहद रचनात्मक, वॉशिंगटन के साथ सहमति बनाने वाले हम एकमात्र देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी टैरिफ ने दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं में



उथल-पुथल मचा रखी है। भारत पर भी ट्रंप ने 26 फीसदी टैरिफ लगाया है। टैरिफ लगने के बाद बुधवार को पहली बार सरकार ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि टैरिफ से निपटने के लिए भारत की रणनीति इस साल के अंत तक वाशिंगटन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) करना है। फरवरी में वाशिंगटन में पीएम नरेंद्र मोदी और ट्रंप के बीच वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने 2025 तक बीटीए की पहली किस्त पर बातचीत करने का ऐलान किया था। विदेश मंत्री ने कहा कि वाशिंगटन के साथ सहमति बनाने वाला भारत शायद एकमात्र देश है। जयशंकर ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस बारे में सोचना संभव है कि इसका क्या असर होगा, क्योंकि हम नहीं जानते। हमारी रणनीति क्या है? मुझे लगता है कि यह बिल्कुल स्पष्ट है। हमने तय किया कि हम इन मुद्दों पर ट्रंप प्रशासन से जल्द ही बातचीत करेंगे। दोनों पक्ष बेहद रचनात्मक थे। हम इस बात पर सहमत हुए कि इस साल के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की कोशिश की जाएगी।

### फरवरी में दोनों देशों ने बीटीए पर बातचीत का किया था ऐलान

### बलूच लोगों से जुड़े मानवाधिकार उल्लंघनों से निपटने के कम प्रयास हुए

## मानवाधिकार हनन से जूझता बलूचिस्तान

*जयशंकर ने बलूचिस्तान का जिक्र करते हुए कहा कि वह क्षेत्र मानवाधिकार हनन की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। क्षेत्र में अशांति फैली हुई है, बलूच समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। उनका अपहरण किया जा रहा है। वे पीड़ित हैं और उन्हें बिना निष्पक्ष कानूनी प्रक्रियाओं के गंभीर पीड़ा दी जा रही है। विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के रवैये पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि वह भी उनकी स्थिति को अक्सर अनदेखा करता है। बूलच लोगों से जुड़े मानवाधिकार उल्लंघनों से निपटने के बहुत कम प्रयास हुए हैं, आबादी बेबस हो गई है।*

### पाक को भस्म कर देगा आतंकवादी उद्योग

जयशंकर ने कार्यक्रम में पाकिस्तान को लेकर कहा कि पाकिस्तान में लोग इस बात को खुलेआम गर्व से स्वीकार करते हैं कि उनके देश द्वारा भारत में आतंकवादी गतिविधियां संचालित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई देश आतंकवादी उद्योग शुरू करता है तो वह खुद भी उसमें भस्म हो जाएगा। जो आज हम खुद भी देख रहे हैं।

### चीन संग रिश्ते पहले से बेहतर हुए

जयशंकर ने चीन को लेकर कहा कि भारत-चीन के रिश्ते पहले से बेहतर हैं। एलएसी विवाद की समाप्ति के संदर्भ में उन्होंने कहा कि डेमचौक और देपसांग में दोनों सेनाओं को हटाना जरूरी था और ये हुआ भी है। लेकिन आज भी मामले से जुड़े हुए कुछ मुद्दे बाकी बचे हुए हैं। इलाके में सालों तक सैन्य तैनाती बढ़ती रही, जिससे तनाव बढ़ा। कोरोना महामारी के बाद से दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवाएं बंद हैं, कैलाश मानसरोवर यात्रा पर रोक जारी है। इन सभी को दुरुस्त करना पड़ेगा। जयशंकर ने दावा किया कि हम सही मार्ग पर हैं और अभी काफी काम किया जाना बाकी है।

## खबर संक्षेप

### म्यांमार मदद पर यूएन ने की भारत की तारीफ



**मांडले।** संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय के लिए कार्यालय (ओसीएचए) के म्यांमार प्रमुख सज्जाद मोहम्मद सज्जाद ने म्यांमार की मदद के लिए भारत की तारीफ की है। म्यांमार में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने जिस तेजी और प्रभावी तरीके से सहायता पहुंचाई है, उसने उसे एक प्रमुख मानवतावादी सहयोगी के रूप में स्थापित कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत तेजी से मदद पहुंचाई है।

### पाणिनि की जन्मस्थली 'देवभूमि' की मान्यता

**काठमांडू।** नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली ने बसुझाव दिया कि संस्कृत व्याकरणविद् पाणिनि की



जन्मस्थली को 'देव भूमि' के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। ओली ने अरघाखांची जिले के पाणिनी ग्रामीण नगरपालिका में पाणिनी तपोभूमि सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान कहा कि सरकार इस क्षेत्र को धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कदम उठाएगी। मान्यता है 400 ईसा पूर्व के आसपास आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए पाणिनि ने पाणिनि गांव में सिद्धेश्वर तालाब के पास 28 दिनों तक ध्यान किया था।

## पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने दी मंजूरी

# फ्रांस से 26 राफेल मरीन विमान खरीदे जाएंगे 63000 करोड़ के सौदे पर जल्द होंगे हस्ताक्षर

*इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर विमान मिलेंगे। यह सौदा भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों की क्षमताओं को भी अपग्रेड करने में मदद करेगा। राफेल-एम जेट को भारतीय नौसेना के विमानों के बेड़े में शामिल किया जाएगा*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की बैठक में भारतीय नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल मरीन (एम) लड़ाकू विमानों की खरीद से जुड़े हुए एक बेहद महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। इनकी खरीद पर कुल करीब 64 हजार करोड़ रुपए की लागत आएगी और विमानों की तैनाती देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत 'आईएनएस विक्रांत' पर की जाएगी। जिसे पीएम ने सितंबर-2022 में नौसेना और देश को समर्पित किया था। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, जल्द ही भारत और फ्रांस की सरकारों के बीच 26 राफेल (एम) विमानों की खरीद के लिए एक अंतर सरकारी समझौते (आईजीए) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। विमानों का उत्पादन रक्षा क्षेत्र की विश्व विख्यात और वास्तविक उपकरण निर्माता फ्रांसीसी कंपनी डेसॉल्ट एविएशन द्वारा किया जाएगा। राफेल-एम विमानों से जुड़ा यह समझौता वित्त वर्ष 2025-26 का सबसे बड़ा शुरुआती रक्षा सौदा है। उधर, रक्षा क्षेत्र के जानकारों की राय में राफेल-एम की नौसेना में तैनाती से हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में बल की रणनीतिक क्षमता में कई गुना का इजाफा होगा। खासतौर पर चीन की बढ़ती आक्रामकता पर आसानी से नकेल कसी जा सकेगी।

**स्वदेशी विमानवाहक पोतों पर होगी तैनाती**

**जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने दी थी मंजूरी**



### तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बियों पर हुई चर्चा

*सूत्रों ने बताया कि सीसीएस की बैठक में नौसेना के लिए ही की जाने वाली तीन स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों की अतिरिक्त खरीद से जुड़े हुए एक अन्य प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। जिसे जल्द ही सुरक्षा मामलों की देश की शीर्ष समिति की मंजूरी मिल सकती है। रक्षा मंत्रालय ने लगभग दो साल पहले इनकी खरीद के लिए स्वीकृति दे दी थी। नौसेना के जंगी बेड़े में वर्तमान में प्रोजेक्ट-75 के तहत फ्रांस के नेवल समूह के सहयोग से मुंबई स्थित मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) में बनाई गई 6 स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियां तैनात की जा चुकी हैं। इनमें कलवरी, खंडेरी, करंज, वेला, वागीर और वागशीर मुख्य हैं।*

### वायुसेना में राफेल की दो स्क्वाड्रन

*गौरतलब है कि नौसेना से पहले फ्रांसीसी कंपनी ने वायुसेना को कुल 59 हजार करोड़ रुपए में 26 राफेल लड़ाकू विमानों यानी उसकी दो स्क्वाड्रन की आपूर्ति की है। इनमें से एक स्क्वाड्रन पाकिस्तान सीमा के करीब अंबाला में और दूसरी चीन सीमा के निकट हाशिमारा एयरबेस पर तैनात की गई हैं। वायुसेना में फिलहाल यह चर्चा है कि राफेल की दो और स्क्वाड्रन फ्रांस से खरीदी जानी चाहिए। जिससे उसके कराह रहे जंगी बेड़े को कुछ राहत मिल सके। वायुसेना की युद्धक विमानों की एक स्क्वाड्रन में कुल करीब 16 से 18 विमान होते हैं।*

### भारत-फ्रांस के मजबूत होते संबंध

**26 में से 4 विमान ट्रेनर होंगे**

सूत्रों ने बताया कि 26 राफेल-एम में से 22 सिंगल सीटर 4 ट्विन सीटर ट्रेनर विमान होंगे। मूलरूप से यह ट्विन इंजन डेक बेस लड़ाकू विमान है। जिसे फ्रांस ने विशेष रूप से समुद्री अभियानों के लिए तैयार किया है। जुलाई-2023 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) बैठक में इन विमानों की खरीद से जुड़े प्रस्ताव को शुरुआती मंजूरी प्रदान की गई थी। इसमें फ्रांसीसी कंपनी के साथ की गई लंबी वार्ता और विमान के भारतीय वातावरण में किए गए व्यापक परीक्षण शामिल हैं। जिन्हें गोवा में टेस्ट सुविधा में पूरा किया गया।

*बीते कुछ सालों से भारत और फ्रांस के बीच रक्षा और सामरिक संबंधों में काफी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसमें 2023 काफी अहम साल रहा। जब दोनों देशों ने रक्षा सहयोग परियोजनाओं से संबंधित लड़ाकू विमानों और हेलिकॉप्टरों के इंजन के संयुक्त विकास पर आगे बढ़ने का रास्ता अपनाया। दोनों रणनीतिक भागीदार देशों ने उन्नत रक्षा तकनीकों के मामले में सह-उत्पादन और सह-विकास को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। इसमें तीसरी दुनिया के देशों को लाभ पहुंचाना शामिल है।*

### 2029 से शुरू होगी विमानों की डिलीवरी

राफेल-एम से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर के बाद भारत को विमानों की डिलीवरी पांच साल के अंदर यानी वर्ष 2029 से शुरू हो जाएगी। जिसके 2031 तक पूरा होने की संभावना है। भारत के पास दो विमानवाहक युद्धपोत हैं। पहला रूस में निर्मित आईएनएस विक्रमादित्य और दूसरा स्वदेशी विक्रांत है। यह दोनों अभी तक नौसेना के पुराने लड़ाकू विमान मिग-29के का ही इस्तेमाल कर रहे हैं।

भारत-यूएई रिश्तों में नई मजबूती

## आईआईएम अहमदाबाद और आईआईएफटी के कैंपस दुबई में खुलेंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। इनमें समग्र द्विपक्षीय संबंधों को प्रगति देने के प्रयासों के तहत दुबई में भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद (आईआईएमए) और भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) का एक परिसर खोलने का निर्णय शामिल है। अल मकतूम द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ अलग-अलग बैठकों के कुछ घंटों बाद इन निर्णयों की घोषणा की गई।

### दुबई में बनेगा भारत मार्ट कांप्लेक्स

*क्राउस प्रिंस ने दोपहर में भोज के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर भी चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि इस यात्रा के दौरान अनेक घोषणाएं की गई हैं। दुबई में भारत मार्ट कांप्लेक्स बनेगा। दुबई में यूएई-भारत फ्रेंडशिप अस्पताल के लिए जमीन आवंटन, कोच्चि एवं वडीनार में पोत मरम्मत केंद्रों की स्थापना, दुबई चेम्बर आफ कामर्स का भारत में आफिस खोलना शामिल है।*

### एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए

आईआईएम अहमदाबाद ने अपने एक्स प्लेटफॉर्म पर ट्वीट करते हुए लिखा कि यह बताते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है कि हम दुबई इंटरनेशनल एकेडमिक सिटी में आईआईएमएम दुबई ब्रांच कैंपस के साथ अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रहे हैं। आईआईएमए के निदेशक प्रोफेसर और दुबई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन विभाग के महानिदेशक हेलाल सईद आलमारी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

स्लोवाकिया पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## राष्ट्रपति महल में हुआ स्वागत, दो अहम समझौतों पर किए एमओयू

एजेंसी ▶▶ ब्रैटिस्लावा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बुधवार को स्लोवाक गणराज्य के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को अपनी दो-राष्ट्र राजकीय यात्रा के दूसरे चरण में यहां पहुंचीं, वह स्लोवाक गणराज्य की यात्रा करने वाली दूसरी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष बन गईं। राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ औपचारिक स्वागत किया। लोक परिधान पहने एक जोड़े ने उन्हें रोटी और नमक देकर पारंपरिक स्लोवाक स्वागत किया।

### व्यापार, रक्षा, शिक्षा पर सहयोग करने पर हुई चर्चा



*इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने भारत और स्लोवाकिया के बीच सहयोग के कई क्षेत्रों जैसे व्यापार, रक्षा, शिक्षा और विज्ञान-तकनीक पर चर्चा की। उन्होंने आपसी सहयोग को और आगे बढ़ाने की बात कही। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी हुई। इस दौरान दो अहम समझौतों (एमओयू) का आदान-प्रदान भी किया गया।*

### भारत-स्लोवाक के संबंध मजबूत

राष्ट्रपति मुर्मु ने राष्ट्रपति पेलेग्रिनी की दोस्ताना सोच और भारत-स्लोवाक संबंधों को मजबूत करने की उनकी कोशिशों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि दोनों देश लोकतंत्र और वैश्विक सहयोग जैसे मूल्यों को साझा करते हैं और कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे का समर्थन करते हैं।

जम्मू में उधपमुर और किश्तवाड़ में एनकाउंटर

## तीन आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेरा दोनों ओर से लगातार गोलीबारी जारी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू के उधमपुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच एनकाउंटर शुरू हो गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि किश्तवाड़ जिले के छात्रू क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई है। आतंकवादी और सुरक्षाबलों के बीच लगातार फायरिंग जारी है।

उधमपुर पुलिस ने 'एक्स' पर बताया कि पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान के दौरान उधमपुर के रामनगर थाना क्षेत्र के जोफर गांव में तीन



आतंकवादियों से मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी जारी है। उधमपुर-रियासी रेंज के डीआईजी मोहम्मद रईस भट ने कहा कि दो से तीन आतंकवादी हैं और रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। यह स्थान खब्बल के उत्तर में जोफर है। यह वही इलाका है जहां सुरक्षा बलों ने 3 अप्रैल को आतंकवादियों को देखा था।

चीन से नजदीकी पड़ी महंगी

## निर्यात में देरी बता, भारत ने बंद की बांग्लादेश की ट्रांसशिपमेंट सुविधा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन में बैठकर भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को जमीनी भूभाग से घिरा हुआ क्षेत्र बताकर चीन को व्यापारिक साझेदारी में बढ़ोतरी करने की अपील वाली गतिविधियों का बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को भारत ने करारा जवाब दिया है। जिसमें उसने (भारत) बांग्लादेश को दी गई ट्रांसशिपमेंट सुविधा (भारतीय भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों के इस्तेमाल) को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है।भारत के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने इस बाबत बीते 8 अप्रैल 2025 को एक परिपत्र (सर्कुलर) जारी इस निर्णय का ऐलान किया था। इस मामले पर बुधवार को विदेश मंत्रालय में आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह एक प्रकार की सुविधा है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2020 में की गई थी। लेकिन इसे लेकर बीते कुछ समय से आ रही परेशानियों जैसे आयात-निर्यात के मामलों में लॉजिस्टिक संबंधी देरी की वजह से लागत बढ़ रही थी। हमारे निर्यात में देरी खड़ी हो रही है, बैकलॉग खड़ा हो रहा था। इसलिए इसे खत्म करने का निर्णय लिया गया है।



### प्रभावित नहीं होगा नेपाल भूटान का निर्यात

जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश के भारतीय भूभाग से नेपाल और भूटान को किए जाने वाले निर्यात पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर उन्होंने कहा कि इस मामले पर हमारे पास कहने के लिए अभी कुछ नहीं है।

## दुनियाभर में चल रहे टैरिफ वार के बीच ट्रंप की एक और नई चेतावनी

# जल्द ही फार्मास्यूटिकल्स पर एक बड़ा टैरिफ लगाने की करेंगे घोषणा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

दुनियाभर में चल रहे टैरिफ वार के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि फार्मास्यूटिकल्स को रेसिप्रोकल टैरिफ से दी गई छूट जल्द समाप्त हो जाएगी। मंगलवार रात को ट्रंप ने कहा कि हम बहुत जल्द ही फार्मास्यूटिकल्स पर एक बड़ा टैरिफ लगाने की घोषणा करने जा रहे हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिका की ओर से लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ बुधवार से प्रभावी हो गए हैं। ट्रंप ने कहा कि जब फार्मा कंपनियों को टैरिफ की जानकारी मिलेगी, वे चीन और अन्य देशों को छोड़ देंगी, क्योंकि उन्हें अपने ज्यादा उत्पादन अमेरिका में बेचने हैं। टैरिफ के बाद सभी फार्मा कंपनियां पूरे देश के अगले हिस्सों में प्लांट खोलेंगी।

**ट्रेड वार का सर्वाधिक असर कमजोर देशों पर: गुटेरेस**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि ट्रेड वार बहुत नुकसानदायक होते हैं। इसमें कोई भी नहीं जीतता, सभी हारते हैं। मैं खासकर सबसे कमजोर विकासशील देशों को लेकर चिंतित हूं, क्योंकि इसका असर उन पर ज्यादा बुरा होगा। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की महासचिव रेबेका ग्रिनस्पैन ने कहा कि वैश्विक व्यापार नियमों को आज की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बदला जाना चाहिए, लेकिन इन बदलावों में यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वे सबसे कमजोर लोगों की रक्षा करें और विकास को बढ़ावा दें। यह एकजुट होने का समय है, न कि तनाव बढ़ाने का।

### रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा में फार्मास्यूटिकल्स पर छूट थी




जब राष्ट्रपति ट्रंप ने पिछले सप्ताह रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की तो उन्होंने फार्मास्यूटिकल्स, कॉपर, सेमीकंडक्टर, लकड़ी, बुलियन, एनर्जी और कुछ मिनरल को टैरिफ से छूट दी, क्योंकि यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। रेसिप्रोकल टैरिफ में फार्मास्यूटिकल्स को राहत इसलिए मिली क्योंकि आयातित दवाएं, विशेष रूप से भारत से आने वाली जेनेरिक दवाएं, अमेरिकी हेल्थ सिस्टम की लागत को कम रखने में मदद करती हैं, जो दुनिया में सबसे महंगे हेल्थ सिस्टम्स में से एक है। भारत अमेरिका को बड़ी मात्रा में फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात करता है। दरअसल भारत अमेरिका से आयात होने वाले फार्मा पर करीब 10 प्रतिशत का टैरिफ चार्ज वसूलता है जबकि अमेरिका देश भारत से आने वाले फार्मा आयात पर किसी भी प्रकार का टैरिफ नहीं वसूलता है।

### टैरिफ से निर्यात पर पड़ेगा असर आरबीआई गवर्नर का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद बताया कि दुनियाभर में चल रहे टैरिफ वार के कारण विभिन्न क्षेत्रों का आर्थिक परिदृश्य धुंधला पड़ गया है। इससे दुनिया में विकास दर और महंगाई से जुड़ी नई चुनौतियां पैदा होने का जोखिम बढ़ गया है। इससे देश के निर्यात पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण वस्तुओं के निर्यात पर दबाव दिख सकता है। वहीं सेवाओं के निर्यात में लचीलापन रहने की उम्मीद है। दुनियाभर के बाजार में गिरावट का जोखिम बढ़ाती रहेंगी। वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए विकास अनुमान को भी 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है।

अगले माह रूस जा सकते हैं पीएम मोदी

## पुतिन ने नौ मई को विजय दिवस परेड के लिए भेजा आमंत्रण पत्र

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस ने पीएम नरेंद्र मोदी को द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर नौ मई को आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। उप विदेश मंत्री आंद्रे रुदेंको ने यह जानकारी दी। रूस को पीएम मोदी के नौ मई की परेड के लिए आने की उम्मीद है। रुदेंको ने कहा कि निमंत्रण पहले ही भेजा जा चुका है और यात्रा की योजना बनाई जा रही है। रूस ने इस साल की विजय दिवस परेड में शामिल होने के लिए कई मित्र देशों के नेताओं को आमंत्रित किया है। जनवरी 1945



में, सोवियत सेना ने जर्मनी के खिलाफ एक आक्रामक अभियान शुरू किया था। नौ मई को 'कमांडर-इन-चीफ' ने जर्मनी के बिना शर्त आत्मसमर्पण से जुड़े अधिनियम पर हस्ताक्षर किए, जिसके साथ ही युद्ध समाप्त हो गया था। पीएम मोदी ने जुलाई 2024 में रूस का दौरा किया था, जो लगभग पांच वर्षों में देश की उनकी पहली यात्रा थी।

## खबर संक्षेप



### खेड़ापति माता मंदिर पर विशाल भंडारा

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के प्रचीन खेड़ापति माता मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष चतरनारायण साहू ने बताया कि वार्ड 13 स्थित प्राचीन खेड़ापति माता मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी बुधवार को नवरात्रि पर्व के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल, नपा उपाध्यक्ष पुष्पा प्रेमशंकर साहू ने मंदिर परिसर में कन्या पूजन किया।

### पोषण पखवाड़ा के तहत निकाली जागरुकता रैली



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में 8 से 22 अप्रैल तक मनाए जा रहे पोषण पखवाड़ा के तहत बुधवार को महिला बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आंगनबाड़ी कार्यकताओं, बालिकाओं तथा महिलाओं द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से नागरिकों को अपने दैनिक जीवन में पौष्टिक आहार को शामिल करने तथा जंक फूड से बचने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपक संकत, परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा महिलाएं उपस्थित रहीं।

### स्वतंत्रता सेनानी परब चंद्र जैन की पुण्यतिथि आज



**औबेदुल्लागंज।** पूर्व विधायक स्वतंत्रता सेनानी परब चंद्र जैन की पुण्यतिथि एवं महावीर जयंती गुरुवार को मनाई जाएगी। दिगंबर जैन मंदिर में सुबह शांति विधान, दोपहर 3 से 4 बजे तक भक्तांबर पाठ और रात को आरती का आयोजन रखा गया है। उनके बेटे संतोष, बसंत, अनुराग, रितु, नीति, वर्षा आदि ने लोगों से धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्म लेने की अपील की है।

### हनुमान जयंती पर भजन संख्या कल

**संतनगर।** बजरंग सेना समिति द्वारा श्रीराम भक्त श्रीहनुमान महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 11 अप्रैल शुक्रवार शाम 7 बजे सिंधु समाज स्कूल, संत हिरदाराम नगर में 'घनश्याम एण्ड पार्टी' द्वारा श्रीकृष्ण भगवान के भजन, श्रीराम जी एवं श्रीहनुमान महाराज जी के भजनों का गायन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद हनुमान महाराज जी की आरती कर महाप्रसादी का आयोजन होगा।

### पत्नी के मायके जाने से दुखी युवक ने फांसी लगाई

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित 50 क्वार्टर झुग्गीबस्ती में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। करीब चार माह से उसकी पत्नी मायके में रुकी हुई है। युवक अक्सर अपने पिता से कहता था कि कैसी जगह शादी करा दी है। पत्नी मायके से आती ही नहीं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पचास क्वार्टर झुग्गीबस्ती निवासी मकेश धनेरिया (35) प्राइवेट काम करता था। वह यहां अपने माता-पिता व पत्नी के साथ रहता था।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | 789 | 44 | 239 |
| रातः | 690 | 55 | 249 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 234 | 99 | 469 |
| रातः | 170 | 89 | 559 |

## 20 करोड़ की ब्लैकमनी को व्हाइट करने एनजीओ संचालक से हुआ था सौदा क्राइम ब्रांच की कार्रवाई

# 20 करोड़ रुपए के डोनेशन के नाम पर 18 लाख की ठगी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार, सरगना समेत 6 आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच ने एनजीओ संचालक से 18 लाख रुपए की ठगी करने वाले जीन जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने 20 करोड़ रुपए का डोनेशन दिलाने के एवज में उनसे 18 लाख रुपए ऐंठ लिए थे। आरोपियों ने पूछताछ में कबूल किया 20 करोड़ रुपए की ब्लैकमनी को व्हाइट करने के लिए एनजीओ संचालक से सौदा हुआ था। गारंटी के रूप में 18 लाख रुपए एनजीओ संचालक ने उन्हें दिया था। मामले में सरगना समेत 6 आरोपी फरार हैं।

जानकारी के अनुसार गीत मोहिनी, अयोध्या नगर निवासी 46 वर्षीय राकेश सिंह परिहार ग्रन्थ एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष हैं। उनका यह एनजीओ वर्ष 2014 से संचालित है। 13 दिसंबर को एनजीओ के फंडिंग कार्य के लिए उनके सहयोगी अमित शर्मा से आलोक प्रताप सिंह ने संपर्क किया। आलोक ने अलग-अलग कंपनियों से डोनेशन दिलवाने का कहा। 15 दिसंबर को मानसरोवर कांप्लेक्स में उससे मुलाकात हुई। अलोक प्रताप सिंह, तरुण कटुके के साथ अन्य साथी शामिल हुए। 13 फरवरी को आलोक प्रताप सिंह, तरुण कटुके, अजय शरद सल्फाले, अविनाश, अश्विनी से मुलाकात करवाई। उन्होंने कंपनी सीएसआर के लिए मीटिंग करवाने के नाम 22 फरवरी को 50 हजार रुपए, 23 फरवरी 2025 को 2 लाख 40 हजार रुपए ऑनलाइन दिए। इसी प्रकार तरुण कटुके के खाते में 10 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे। इसके बाद 23 फरवरी देव प्रसादम गोविंदपुरा में आलोक प्रताप सिंह, तरुण कटुके, डॉ. अजय शरद सल्फाले, अजय यादव, एवं अन्य साथी बैठक में बताया कि कंपनी स्लाट बुक करने के लिए ट्रेडर्स के खाते में 15 लाख रुपए जमा करने होंगे। उक्त रुपए आपको डिमांड ड्राफ्ट के रूप में मिल जाएंगे। जिसके लिए ट्रेडर्स का अकाउंट वाट्सएप के जरिए शेयर की गई। मीटिंग का स्थान इंदौर तय किया गया।

### एक्सिस बैंक में जालसाजों ने की मुलाकात, बैंक के अधिकारियों को डीडी की स्लिप दिखाई

24 फरवरी को एक्सिस बैंक में सभी मिले। आलोक प्रताप सिंह, तरुण कटुके, डा. अजय शरद सल्फाले, अजय यादव, तरुण, दिलीप अन्य साथी की तरफ से अनिल कुमार को मिलवाया गया। जो की ऑल इन वन का डीडी स्लिप रखा हुआ था। जिसे अनिल ने एक्सिस बैंक विजयनगर शाखा के बैंक अधिकारी को दिखाया। जब एनजीओ संचालक ने कंपनी डिटेल पूछा उसने खुद को मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड से जुड़ा बताया। इस पर एनजीओ संचालक ने कहा कि मारुति बड़ा नाम है तो हम आपके खाते में पैसा क्यों डालें, तो बताया कि कंपनी कन्फार्मेशन के लिए डीडी बनवाया जाता है। कंपनी की डिटेल लिखित में 15 लाख का डीडी बनने के 1 घंटे बाद ही डिटेल आपसे शेयर की जाएगी। तभी कंपनी आपसे मिलने आएंगी। तब तक आपका व्यक्ति, डीडी और अनिल कुमार के साथ में होटल में रहेगा। इसके बाद आरोपी खाना खाने के बहाने फरार हो गए थे।



राकेश यादव आरोपी



दिलीप सुजेन आरोपी



अजय यादव आरोपी

### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

राकेश यादव (51) गणराज नगर, बंगाली चौराहा, इंदौर। आरोपी आर्ट गैलरी का संचालन करता है और एनजीओ संचालक से संपर्क कर गिरोह के अन्य सदस्यों से मीटिंग कराई थी। ठगी की रकम में आरोपी ने अपना हिस्सा लिया था। दिलीप सुजाने (29) लुनावत कॉसमोस, इंदौर। प्राईवेट जॉब करता है। गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ एनजीओ से मीटिंग कर डोनेशन का लालच देकर ठगी की थी। आरोपी ने ठगी में अपना कमीशन लिया था। इसी प्रकार अजय यादव, (25) बिकोरी तमचूरु, होशंगाबाद को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ एनजीओ से मीटिंग कर डोनेशन का लालच देकर ठगी की थी। क्राइम ब्रांच को उक्त प्रकरण में सरगना आलोक प्रताप सिंह, तरुण कटुके, सुजीत सिंह, डॉक्टर अजय शरद सल्फाले, अश्विनी, अनिल कुमार की तलाश है।

## टीटी नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई कर 24 घंटे में किया दस्तयाब

# पत्नी को सबक सिखाने साले की मदद से अपने 9 और 11 साल के बच्चों का अपहरण

◆ 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने के बाद पति और साला पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित बाणगंगा से 9 और 11 साल के दो सगे नाबालिग भाइयों के अपहरण का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। अपहरण किसी और ने नहीं, बल्कि पति और उसके साले ने मिलकर किया था। अपहरण का उद्देश्य बेवफा पत्नी को सबक सिखाना था। दरअसल, दो बच्चे होने के बाद भी महिला अपने दोस्त के साथ रह रही थी। उसने पति को छोड़ दिया था।

पुलिस के अनुसार बाणगंगा टीटी नगर निवासी 30 साल की महिला साफ-सफाई का काम करती है। उनके 9 और 11 साल के दो बच्चे हैं। महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि 8 अप्रैल को वह काम पर गई थी। काम से लौटी तो घर पर बच्चे नहीं मिले। आसपास रिश्तेदारों के घरों पर तलाश किया, पर बच्चों का पता नहीं चला। इसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर अपहरण का मामला दर्ज कर जांच की। मामला बच्चों से जुड़ा होने के कारण चार अलग-अलग टीम गठित की गई। साथ ही दस हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई।



पुलिस की टीमों ने घर के आसपास, उसकी ओर से आने-जाने वाले रास्तों पर लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। पूछताछ में पता चला कि बच्चों की मां कुछ दिन पहले ही यहां रहने आई थी। इससे पहले वह सूरज नगर स्थित मायके में रह रही थी। करोंद में रहने वाले किसी पप्पी नामक युवक से उसके संबंध हो गए थे। मायके वालों को आपत्ति होने पर वह वहां से बाणगंगा इलाके में रहने आ गई।

### स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे में नजर आए बच्चे

बच्चों की मां अपने पति प्रहलाद मालवीय से करीब एक साल से अलग रह रही थी। पति उज्जैन में हम्माली करता है। पुलिस ने उसके पति से मोबाइल पर बात की तो उसने बताया कि बच्चे उसके पास नहीं हैं। पत्नी किसी और के साथ रहती हैं। पति ने पत्नी के साथ रहने वाले प्रेमी पर संदेह जाहिर किया। पुलिस ने सभी संदेहियों की सीडीआर निकलवाई। इस बीच पति प्रहलाद की लोकेशन भोपाल में होने की जानकारी मिली। लोकेशन मिलने से यह बात तय हो गई कि प्रहलाद ने झूठ कहा है कि वह भोपाल नहीं गया। संदेह गहराने पर पुलिस ने उज्जैन जाने वाली बस व रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। इस दौरान भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-6 पर दोनों बच्चे दो संदिग्धों के साथ नजर आए। फुटेज में बच्चों की मां ने बताया कि प्रहलाद है और दूसरा उसका भाई सूरज है।

### उज्जैन से 65 किमी दूर मिले बच्चे

पुलिस ने सूरज अहिरवार (22) बंजारा बस्ती सूरज नगर को हिरासत में लिया। पूछताछ में पता चला कि वह प्रहलाद से नहीं मिला है। पुलिस की दूसरी टीम ने उज्जैन से प्रहलाद मालवीय (32) गुंदी कला, तहसील जिला आगर मालवा को भी हिरासत में लिया। प्रहलाद ने भी पुलिस को गुमराह करते हुए बच्चे उसके पास नहीं होने की बात कही। जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो प्रहलाद ने स्वीकार लिया कि दोनों बच्चों को वह अपने साथ ले आया था। बच्चों को उसने उज्जैन से करीब 65 किमी दूर रहने वाले रिश्तेदार के घर रखा है। सूचना मिलते ही टीटी नगर पुलिस वहां पहुंची और दोनों नाबालिग भाइयों को सकुशल दस्तयाब कर लिया। आरोपियों ने बताया कि बच्चे की मां को सबक सिखाने ही उन्होंने यह अपहरण किया था।

## अपार्टमेंट में गाड़ी पार्क करने को लेकर हुआ था विवाद

# शीतल पैराडाइज अपार्टमेंट में युवकों ने किया था हवाई फायर, 4 गिरफ्तार

**पुलिस ने 2 बोर की लाइसेंसी बंदूक, कारतूस के तीन खाली खोखे समेत थार गाड़ी बरामद की**

◆ अयोध्या नगर पुलिस ने गार्ड की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित शीतल पैराडाइज अपार्टमेंट में 30-31 मार्च की दरमियानी रात थार सवार चार युवकों ने 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक से एक के बाद एक तीन फायर किए थे। हवाई फायरिंग के बाद हंगामा करते हुए आरोपी वहां से भाग निकले थे। देर रात फायरिंग से दहशत का माहौल बन गया। दरअसल, आरोपी यहां अपार्टमेंट में रहने वाले अपने दोस्त से मिलने आए थे। इस दौरान थार गाड़ी कैंपस में मंदिर के सामने खड़ी कर दी। उनका गार्ड से गाड़ी पार्क करने को लेकर विवाद हुआ और उन्होंने हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक, कारतूस के तीन खाली खोखे समेत थार गाड़ी बरामद कर ली है।

पुलिस के अनुसार राजीव नगर निवासी गुरुप्रसाद सचान (65) शीतल पैराडाइज अपार्टमेंट अयोध्या बायपास रोड सिक्योरिटी गार्ड हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार बुधवार रात उनकी ड्यूटी थी। वह मेनगेट पर थे। इस दौरान काले रंग की एक थार अपार्टमेंट के पास टनाटन ढाबे के सामने आकर रुकी। उसमें से तीन-चार युवक उतरे। वे सभी आपस में मस्ती कर रहे थे। उसके बाद सभी युवक थार गाड़ी में बैठकर अपार्टमेंट के अंदर आ गए और गाड़ी मंदिर के सामने खड़ी कर दी। युवक बाहर आ गए और गाड़ी में रखी बंदूक निकालकर शोर मचाने लगे। देखते ही देखते युवकों ने तीन हवाई फायर किए और थार से चले गए। फायरिंग की आवाज और शोर सुनकर अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों की नींद खुल गई और काफी संख्या में लोग बाहर आ गए।



### जमींदार का बेटा है आरोपी

गोली चलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गार्ड की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच की। पुलिस ने अपार्टमेंट और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और कुछ ही देर में गाड़ी और आरोपियों की पहचान कर ली। पुलिस ने उक्त मामले में अनिकेत ठाकुर (24) रिदम पार्क बंगरसिया थाना मिसरोद, राज ठाकुर (24) रिदम पार्क बंगरसिया, अमन दुबे (23) फॉर्च्यून डिवाइन सिटी मिसरोद व सजल रघुवंशी (21) निवासी साकेत नगर, बताए गए हैं। थाना प्रभारी महेश लिल्लारे ने बताया कि आरोपी अनिकेत ठाकुर जमींदार का बेटा है। उसके परिवार की ग्राम मनकापुर थाना भारकच्छ जिला रायसेन में खेती-किसानी है। जब्त की गई 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक भी उसी की है और वारदात में इस्तेमाल थार जीप का मालिक भी अनिकेत ही है। उसका ट्रेवल्स का काम भी है।

## फायर वर्क्स एसोसिएशन के आसनदास अध्यक्ष मनोनीत

# व्यापारियों की हर समस्या का किया जाएगा प्राथमिकता के साथ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

मध्य प्रदेश होल सेल फायर वर्क्स के सभी सदस्यों ने एक मत से आसानदास चंदनानी को अध्यक्ष मनोनीत किया।आरके रेजिडेंसी में गत दिवस मध्य प्रदेश के होल सेल व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें, मध्य प्रदेश के कई शहरों से पटाखा व्यापारियों ने सर्व सहमति से आसानदास चंदनानी को मध्य प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया।

इस अवसर पर मोहित गोपलानी, सुरेश फरवानी, नफीस खान, मनोज जैसवानी, मोहम्मद नफीस शायद सहित अन्य व्यापारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में नव नियुक्त अध्यक्ष आसनदास चंदनानी ने कहा के व्यापारियों की हर समस्या का प्राथमिकता के साथ समाधान करवाएंगे। व्यापारियों की एकजुटता से संगठन मजबूत होकर व्यापारियों के हित में काम करेगा। इस अवसर पर व्यापारियों ने श्रीचंद नानी को बधाई देते हुए हारफूल से स्वागत किया।



## आजादी के 77 साल बाद अब अंतिम सांसें गिन रही सिंधी भाषा

**संतनगर।** अखिल भारतीय सिंधी समाज के राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार एवं संत हिरदाराम नगर भोपाल की अग्रणी सामाजिक संस्था सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी ने कहा है कि देश व दुनिया में सिंधी हिंदु 10 अप्रैल 1967 को सिंधी भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए भाषा दिवस के रूप में मना रहे हैं, लेकिन आजादी के 77 साल बाद भी सिंधी लिपि अंतिम सांसे गिन रही हैं। आज शहरों में रहने वाले सिंधी परिवारों में 15 प्रतिशत परिवार भी मातृ भाषा में बात नहीं कर रहे हैं। इसके लिए सुरेश जसवानी ने सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि जब तक सिंधी लिपि को रोजगार से नहीं जोड़ जाता, तब तक इसके उत्थान की बात कहना बेमानी होगी।

## व्यापार महासंघ और किराना व्यापार संघ अमने-सामने

### मिलन समारोह को कर बन रही विवाद की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

व्यापार महासंघ और किराना व्यापार संघ में तकरार जारी है, क्योंकि किराना व्यापार संघ का मिलन समारोह संपन्न हुआ। इससे अध्यक्ष विक्रम धाड़ी, नीरज चावला, अशोक सेठी, संरक्षक अशोक मित्तल, सुधीर कमल, रवि कमल, विवेक मित्तल, विजय जैन, श्याम मालवीय का प्रभाव बना, वहीं विक्रम धाड़ी, नीरज चावला, आशीष दीक्षित और कैलाश डब्बू नागर का कहना है कि दोनों जब हमारे साथ थे, तब मेहंती कार्यकर्ता रहे, मगर दोनों बड़े नेता बनने के चक्कर में मिलन समारोह करना भूल गए। कैलाश डब्बू नागर और आशीष दीक्षित का कहना है कि कुछ दिन बाद मिलन समारोह आयोजित करेंगे।



बरहाल तीनों नेता विजय जैन, विवेक मित्तल, श्याम मालवीय, व्यापार संघ और किराना व्यापार संघ में पावरफुल है। मगर यह तीनों मौन रहते हैं। व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, रमेश वासवानी, रतन मेघानी, दिनेश सेन मिलनसार हैं । इसीलिए व्यापार संघ का प्रभाव बढ़ता जा रहा है।

## 85 साल की बुजुर्ग महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित आचार्य नरेंद्र देव नगर में 85 साल की बुजुर्ग महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पूछताछ में पता चला कि उम्रदराज महिला बीमारी से परेशान थी। साथ ही पैर में संक्रमण हो गया था। इससे उनकी मुसीबतें और भी बढ़ गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रामकली बाई (85) आचार्य नरेंद्रदेव नगर में अपने भतीजे के साथ रहती थीं। उनकी तीन बेटियों की शादी हो चुकी है। मंगलवार सुबह रामकली घर पर अकेली थी, तभी उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## लोगों में असमंजस की स्थिति, आखिर नगर परिषद का अध्यक्ष है कौन?

# औबेदुल्लागंज नगर परिषद की अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे पर चेंबर में बैठकर उनके पति संभाल रहे प्रशासनिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद का अध्यक्ष कौन है? नगर परिषद के अधिकांश कर्मचारी प्रभारी सोनू चौकसे को अध्यक्ष कहते हैं, जबकि नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे हैं। हुआ यूं कि प्रभारी सीएमओ राजकुमार शर्मा से मिलने नगर की पीड़ित महिला पहुंची, तो शर्मा ने कहा आप सब लोग अध्यक्ष सोनू चौकसे से मिलें। वहीं कुछ लोग बिल लेने जब लोक निर्माण प्रभारी चंद्रभान जैन से मिलने पहुंचे तो चंद्रभान जैन ने कहा कि अध्यक्ष सोनू चौकसे से बात करो। स्टोर कीपर और अकाउंटेंट सहित सब कहते हैं अध्यक्ष चेंबर में सोनू चौकसे ही बैठते हैं, उनसे चर्चा करके हम कार्रवाई करेंगे। नगर परिषद के प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक कहते हैं अध्यक्ष तो लक्ष्मी सोनू चौकसे हैं, मगर उनके पति पूरा अध्यक्ष का कार्य देखते हैं। नगर परिषद उपाध्यक्ष नामिता बागिश अग्रवाल, पार्षद भारती नरेश सेठी, पार्षद प्रीति अनूप चौधरी, पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे हैं, मगर जब हम अध्यक्ष से किसी कार्य के लिए कहते हैं तो वे कहती हैं कि सोनू चौकसे से चर्चा कर लो। उनसे चर्चा करके ही काम होंगे।



### प्रशासनिक काम भी अध्यक्ष पति ही निपटाते हैं

इधर, कांग्रेस नेता हरजीत सिंह मंगू, उत्तम यादव, कमलेश लोधी का कहना है कि भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार एक तरफ महिला सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत है, वहीं निकायों में महिला जनप्रतिनिधियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए महिला आरक्षण बढ़ा कर 50 फीसदी किया गया है। औबेदुल्लागंज नगर पंचायत में प्रशासनिक काम भी अध्यक्ष की जगह उनके पति ही करते हैं।

### ठेकेदारों से भी करते हैं डील

कुछ ठेकेदारों ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि औबेदुल्लागंज नगर पंचायत में क्या अध्यक्ष सोनू चौकसे हैं, क्योंकि अध्यक्ष के चेंबर में बैठकर सोनू चौकसे ठेकेदारों से डील करते हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर से फोन पर पूछा कि नगर परिषद अध्यक्ष कौन है? तो वह कहते हैं लक्ष्मी चौकसे हैं। जिला कांग्रेस महिला अध्यक्ष पवित्र कौर ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे हैं, मगर नगर परिषद उनके पति सोनू चौकसे ही चला रहे हैं। जब पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे से फोन पर पूछा तो उन्होंने कहा मैं सिर्फ नगर परिषद दफ्तर जाता हूं।

### चर्चा करके हम कार्य करते हैं

अध्यक्ष के चेंबर में अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू चौकसे से चर्चा करके हम कार्य करते हैं।

**राजकुमार शर्मा,** प्रभारी सीएमओ

### नप के कार्य का उन्हें अनुभव है

सोनू चौकसे पूर्व मंडल अध्यक्ष हैं, नगर परिषद के कार्य का अनुभव है वे जरूरी कार्य का दिशा निर्देश देते हैं।

**लक्ष्मी चौकसे,** नगर परिषद अध्यक्ष

### जनप्रतिनिधियों ने बताया है

मुझे पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों ने बताया कि नगर परिषद औबेदुल्लागंज में पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे काम देखते हैं।

**चंद्रशेखर श्रीवास्तव,** एसडीएम

## नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विश्व नवकार मंत्र का किया जाप

### प्रधानमंत्री मोदी भी दिल्ली से वर्चुअल रूप से जुड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में नवकार दिवस पर विश्व शांति की कामना के साथ एक बुधवार को महावीर कॉलोनी स्थित श्री 1008 नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विश्व नवकार मंत्र दिवस मनाया गया। जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो) की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में दुनिया भर के जैन समाज को जोड़ा गया।

नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के सचिव आषु जैन ने बताया कि जैन मंदिरों और साधना केंद्रों में एक साथ नवकार मंत्र का सामूहिक जाप किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शिरकत की और संबोधित किया।



### नवकार महामंत्र सिर्फ मंत्र नहीं, आस्था है

**औबेदुल्लागंज।** रेलवे कॉलोनी स्थित जैन मंदिर एवं मेन रोड स्थित जैन मंदिर में नवकार महामंत्र दिवस पर णमोकार मंत्र का जाप किया। यह वैश्विक आध्यात्मिक कार्यक्रम शांति, एकता और आध्यात्मिक जागृति को बढ़ावा देता है। नवकार महामंत्र सिर्फ मंत्र नहीं है, ये हमारी आस्था का केंद्र है। हमारे जीवन का मूल स्वर है और इसका महत्व सिर्फ आध्यात्मिक नहीं है। ये स्वयं से लेकर समाज तक सबको राह दिखाता है। जन से जग तक की यात्रा है। इस मंत्र का प्रत्येक पद ही नहीं, बल्कि प्रत्येक अक्षर अपने आप में मंत्र है। इस आयोजन में अध्यक्ष सुनील तामोट, पंडित लक्ष्मी चंद जैन, संता सुनील तामोट, संगीता जैन, नीति अनुराग जैन, आशा रानी जैन, प्रदीप शिरोमणि जैन, इंद्रा तरुण जैन, कविता मुकेश जैन एवं समस्त जैन समाज ने भाग लिया।

170 आभा आईडी, 70 साल से अधिक उम्र के 8 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए

# जिला न्यायालय में किया गया 467 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, 74 को बीपी 60 में मधुमेह की पुष्टि, जीवनशैली में बदलाव और नियमित जांच की दी सलाह

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बुधवार को जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने किया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुनीत अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी, न्यायाधीश, अधिवक्ता और कोर्ट स्टाफ मौजूद रहे। शिविर में 467 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। 74 लोगों में ब्लड प्रेशर और 60 में डायबिटीज की पुष्टि हुई। इन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गईं। इस साथ ही सभी लोगों को अपने जीवनशैली में बदलाव और नियमित जांच की सलाह दी गई।

170 लोगों की आभा आईडी बनी। 70 साल से अधिक उम्र के 8 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। 362 लोगों के पैथोलॉजिकल टेस्ट किए गए। शिविर में न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और पक्षकारों का परीक्षण किया गया।

न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों ने करवाई जांच

स्वास्थ्य शिविर में 362 लोगों के पैथोलॉजिकल टेस्ट किए



### सभी को स्वस्थ रहने का अधिकार

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सभी को स्वस्थ रहने का अधिकार है। स्वस्थ रहने के लिए नियमित अंतराल पर जांच जरूरी है। नियमित अंतराल से यदि कोई बीमारी है तो उसे शुरुआत में ही इलाज करके समाप्त किया जा सकता है। जांच न कराने के अभाव में छोटी से छोटी बीमारी भी अंदर ही अंदर विकराल रूप ले सकती है। इसलिए यह जरूरी है कि सभी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और नियमित अंतराल में स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं।

### जेपी अस्पताल के सहयोग से लगाया गया शिविर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जयप्रकाश चिकित्सालय भोपाल के सहयोग से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण और पक्षकारगण सहित 467 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश राजर्षि श्रीवास्तव,सीजेएम अग्निनेंद्र कुमार द्विवेदी जिला रजिस्ट्रार भारत सिंह रघुवंशी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मजिस्ट्रेट सुनीत अग्रवाल, सीएमएचओ प्रभाकर तिवारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी बीएम सिंह तथा न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सरकारी राशन दुकान के चावल में कीड़े, कलेक्टर को जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल शहर के शाहजहांनाबाद इलाके में सरकारी राशन दुकान के चावल में कीड़े और इल्लियां पाए जाने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि शाहजहांनाबाद इलाके एक शादी हाल के पास संचालित सरकारी राशन की दुकान से गरीबों को वितरित किए जा रहे चावल में कीड़े और इल्लियां पाए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। उपभोक्ताओं ने जब इसकी शिकायत दुकान संचालक से की, तो उसने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि उसे जैसा राशन मिल रहा है, वैसा ही वह बांट रहा है। उपभोक्ताओं की शिकायत के बाद आयोग ने कलेक्टर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्रवाई का रिपोर्ट भी तलब की है।

### खेतों में भड़की आग, फसल जलकर खाक पंचायत भवन भी जला

**भोपाल।** शहर में आगजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं। बुधवार को भौंरी बकानिया खेत में आग लगने की सूचना बेगमगंज फायर स्टेशन को दी गई। इसके बाद टेंट हाउस, मिसरोद क्षेत्र, मिनझिरों गांव, सैरी कला, केरवा डेम, हबीबगंज झुग्गी, पंचायत भवन सिकंदराबाद और थारखेड़ी-खुड़ी सड़क क्षेत्र में एक के बाद एक आग लगने की घटनाएं सामने आईं। कोलार, माता मंदिर, गांधी नगर और गौड़-बोढ़ा फायर स्टेशनों से लगातार फायर ब्रिगेड गाड़ियां रवाना की गईं। सबसे चिंताजनक मामला पंचायत भवन के कमरे में आग लगने का है, जिसे पुलिस कंट्रोल से सूचना मिलने के बाद नियंत्रित किया गया। वहीं कई खेतों में आग की वजह से फसलें राख हो गईं, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ।

### शिविरों में 1603 गर्भवती की हुई जांच, 458 हाई रिस्क महिलाएं मिलीं

**भोपाल।** बुधवार को जिले की 81 स्वास्थ्य संस्थाओं में एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शिविर लगाए गए। इन शिविरों में 1603 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। जांच में 458 महिलाओं को हाई रिस्क श्रेणी में रखा गया। इनमें शुगर, गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप, पहले सीजेरियन प्रसव, एनीमिया और जेस्टेशनल डायबिटीज जैसी जटिलताएं पाई गईं। शिविर जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल डिस्पेंसरी, संजीवनी क्लिनिक, एम्स, जवाहरलाल नेहरू गैस राहत हॉस्पिटल, इंदिरा गांधी गैस राहत अस्पताल, हमीदिया अस्पताल, खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक हॉस्पिटल और प्रोतिमा मालिक पुलिस अस्पताल में आयोजित हुए।

### सीएम ने कला के संरक्षण में ग्रामीण महिलाओं की भूमिका को सराहा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मांडू प्रवास के दौरान दीनदयाल अंत्योदय योजना शहरी आजीविका मिशन के तहत स्थानीय महिलाओं को दिए जा रहे बाग प्रिंट प्रशिक्षण को देखा और ग्रामीण महिलाओं की भूमिका को सराहा और प्रशिक्षण प्राप्त कर रही समस्त महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मांडू के प्रसिद्ध चतुर्भुज श्रीराम मंदिर पहुंचकर दर्शन किए।

---

रविंद्र भवन में किया पाठ, बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

# विश्व शांति कामना के साथ किया नवकार महामंत्र का जाप, ऑनलाइन प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

भगवान महावीर जयंती आज, जिनालयों में होंगे धार्मिक अनुष्ठान और निकलेंगी शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के रविंद्र भवन में बुधवार को विश्व शांति कामना के साथ नवकार महामंत्र का पाठ हुआ। इसमें बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को इंटरनेट मीडिया व न्यूज टीवी चेनलों के जरिए सुना। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से दिलाए नौ संकल्प सुने और आत्मसात करने की शपथ ली। इसमें संकल्प पानी बचाने का संकल्प, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता का मिशन,वोकल फार लोकल, देव दर्शन, प्राकृतिक खेती को अपनाना, हेल्दी लाइफस्टाइल को अपनाना, योग और खेल को जीवन में स्थान देना, गरीबों की सहायता करना शामिल है। कार्यक्रम में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पूर्व मंत्री जयंत मलैया सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल हुए।

### जब आत्मा स्वयं को पहचानती है, तब वह महावीर बनते हैं: प्रमाण सागर महाराज



*कार्यक्रम में मुनि प्रमाण सागर महाराज ने वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में नवकार महामंत्र की प्रासंगिकता है। जब विश्व आतंक, हिंसा और युद्ध के भयावह दौर से गुजर रहा है, तब नवकार महामंत्र शांति, सह-अस्तित्व और आत्मबोध की ओर मार्गदर्शन करता है। उन्होंने कहा कि महावीर का जन्म नहीं, निर्माण होता है। जब आत्मा स्वयं को पहचानती है, तब वह महावीर बनते हैं। उन्होंने कहा कि सच्चा वंदन केवल बाह्य अर्चना नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व के प्रति जागरुकता है। जब हम अपने अंदर के महावीर को पहचानते हैं और उसका वंदन करते हैं, तभी हम सम्पूर्ण विश्व का वंदन कर रहे होते हैं। नवकार मंत्र की आराधना सम्पूर्ण विश्व की शांति के लिए है। उन्होंने कहा कि धर्म का आश्रय, अर्थात सत्य, तप, अनुशासन और धैर्य को जीवन में अपनाना आवश्यक है। धर्म को अपने स्वभाव और प्रवृत्ति में लाने से ही समाज और राष्ट्र का कल्याण संभव है।*

### भगवान महावीर की जयंती पर जिनालय में होगा अभिषेक पूजन

राजधानी के मंदिरों में गुरुवार को भगवान महावीर जयंती श्रद्धाभाव व उत्साह से मनाई जाएगी। भगवान महावीर का अभिषेक कर विशेष पूजा-पाठ करने साथ शोभा यात्राएं भी निकलेंगी। नंदीश्वर जिनालय में मूर्तियों का अभिषेक एवं शोभा यात्रा निकलेगी। वहीं कस्तूरबा नगर जैन मंदिर में पूजा अर्चना के साथ भगवान महावीर का प्रमुख संदेश जीव दया का पालन किया जाएगा। इसके अलावा शहर के चंदन नगर, कोलार, शाहपुरा, भेल, संत हिरदाराम नगर सहित सभी जिनालयों में धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

### भारत की आत्मा उसकी अध्यात्म-समृद्ध परंपरा में शामिल

कार्यक्रम में पहुंचे उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज आध्यात्मिक पुनरुत्थान और सांस्कृतिक जागरण की दिशा में तेजी से अग्रसर है। भारत की आत्मा उसकी अध्यात्म-समृद्ध परंपरा में निहित है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम उस आत्मा को पुनः जाग्रत करने का कार्य कर रहे हैं।



---

नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने की कार्रवाई

# खजुरीकलां रोड के पास बना बड़ा बैडमिंटन कोर्ट समेत शहर के कई क्षेत्रों से हटाए गए अवैध कब्जे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम ने बुधवार को पिपलानी क्षेत्र के खजूरीकला रोड स्थित दीप मोहनी के पास एक बैडमिंटन कोर्ट समेत कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। दरअसल, निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते को सीएम हेल्पलाइन व अन्य माध्यमों से शिकायतें मिलीं थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। रहवासियों ने मंत्री कृष्णा गौर और नगर निगम अधिकारियों से भी लिखित शिकायत की थी।

निगम अमले ने करोंद मंडी, शबरी नगर, शाहजहांनाबाद, एमपी नगर जोन-2, सात नंबर, गुफा मंदिर रोड, बुधवारा, सुभाष नगर फाटक, जहांगीराबाद लिली टाकीज, खजूरीकला, रंगमहल से साक्षी ढाबे तक, आईएसबीटी, प्रभात चौराहा से मण्डी चौराहे तक, कोलार डी-मार्ट, समर्धा होशंगाबाद रोड, 11 मील चौराहा, सलैया, इन्द्रपुरी बीएचईएल गेट, 12 नंबर तक अवैध चबूतरे, फर्सियां, अवैध निर्मित बाथरूम, जेसीबी द्वारा बड़ा शेड, ठेले, गन्ने की चर्खी, कबाडे.का सामान, फुटपाथ से दुकानों के अतिक्रमण बड़ी गुमठी व अन्य अतिक्रमणों को हटवाया और सामान भी जब्त किया। वहीं खजुरीकला रोड दीप मोहनी कॉलोनी के पास बना बैडमिंटन का एक बड़ा अवैध शेड़ तोड़ा गया। इसके साथ ही निगम अमले ने पुनः अतिक्रमण न करने की समझाइश दी और चेतावनी भी दी, यदि पुनः अतिक्रमण किया पाया जाता है तो और अधिक कठोर कार्रवाई की जाएगी।

निगम ने अतिक्रमण हटा कर सामान भी जब्त किया

---

# हड़ताली कर्मचारियों ने हरिभूमि के फोटोजर्नलिस्ट रविंदर के निधन पर शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

आठवें दिन भी हड़ताल पर रहे कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संविदा नीति लागू करने की मांग को लेकर कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारियों की हड़ताल आठवें दिन बुधवार को भी जारी रही। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने हरिभूमि समाचार पत्र के दिवंगत फोटोजर्नलिस्ट रविंदर सिंह के निधन पर शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि कुक्कुट विकास निगम के अधिकारी संविदा नीति लागू करने की बजाए मामले को अटका रहे हैं।

कुक्कुट विकास निगम ने सामान्य प्रशासन विभाग से 22 जूलाई 2023 की नीति के तहत संविदा नीति लागू करने के लिए मार्गदर्शन मांगा मांग रहा है। रमेश राठौर ने कहा कि जबकि इस मार्गदर्शन का कोई औचित्य नहीं है,



क्योंकि नीति एक बार बन जाती है तो वो हमेशा लागू रहती और आदेश कभी भी हो सकते हैं। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र संविदा नीति के आदेश जारी नहीं हुए तो आमरण अमशन कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। हड़ताल में अंकित पाठक, अक्षय राजपूत, प्रणय सक्सेना, प्रदेश नंदनवार, आस्था यादव, दीपक शर्मा, संजय सैनी, वैशाली पटेल, सावित्री, कन्हैया लाल सहित कई कर्मचारी शामिल रहे।

# भारतीय शिक्षण मंडल के स्थापना दिवस पर आज होंगे कार्यक्रम

रविंद्र भवन के अंजनी सभागार में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय शिक्षण मंडल के 56 वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को समारोह आयोजित किया जा रहा है। समारोह रविंद्र भवन के अंजनी सभागार में शाम 5 बजे से आयोजित होगा। इस अवसर पर शिक्षा से ज्ञान, ज्ञान से चरित्र, और चरित्र से राष्ट्र का निर्माण विषय पर व्याख्यान भी आयोजित किया जाएगा।

▪ समारोह में व्याख्यान का भी आयोजन किया जाएगा

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुंबई विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु डॉ. सुहास पेडणेकर होंगे। मुख्य अतिथि माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय शिक्षण मंडल के उच्च शिक्षा गतिविधि प्रमुख एवं भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आइसर) के निदेशक डॉ. गोवर्धन दास रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय महामंत्री एवं निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग मप्र के अध्यक्ष डॉ. भरत शरण सिंह करेंगे। कार्यक्रम में प्राध्यापक, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, बुद्धिजीवी, मातृशक्ति, युवा एवं गणमान्य नागरिक सम्मिलित होंगे।

# सड़क पर रात का कचरा सुबह नजर आया तो संबंधित अधिकारी पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की सड़कों पर रात का कचरा सुबह नजर आया तो अब संबंधित जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पर गाज गिरना तय है। निगमायुक्त हरेंद्र नारायन ने बुधवार शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करने के बाद वीसी के माध्यम से 21 जोन के सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शहर का गार्बेज फ्री सिटी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना है। चूंकि गुरुवार के बाद गार्बेज फ्री सिटी, वाटर प्लस सर्वे के लिए दिल्ली से सर्वेक्षण की टीम आने वाली है। इसके मद्देनजर शहर में कहीं भी कचरा नजर नहीं आना चाहिए। निरीक्षण के दौरान रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था और कचरा पृथक्कीकरण संबंधी कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए निगमायुक्त ने चेतावनी दी कि उक्त कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

▪ गार्बेज फ्री सिटी, वाटर प्लस सर्वे की तैयारिया शुरू

---

एक अतिथि विद्वान सहित तीन बर्खास्त

# विवि की कॉपी जांचने में गड़बड़ी पर दो प्रोफेसर सस्पेंड, आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा ली गई परीक्षा की कॉपी जांचने में गड़बड़ी और अव्यवस्था के मामले में उच्च शिक्षा विभाग ने पिपरिया कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य और एक प्राध्यापक को सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा एक अतिथि विद्वान, एक बुक लिफ्टर और एक प्रयोगशाला परिचारक को सेवा से बर्खास्त करने का फैसला किया गया है।

यह कार्रवाई कॉपी जांचने में हुई गड़बड़ी का वीडियो वायरल होने के बाद कराई गई जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। जारी आदेश के अनुसार शहीद भगत सिंह शासकीय पीजी महाविद्यालय पिपरिया में विवि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में गड़बड़ी का मामला सामने आया था। मामले सत्यता की जांच के लिए जांच समिति गठित कर जांच कराई गई। पठारिया ने अपने बयान में यह स्वीकार किया है कि उत्तर पुस्तिकाएं उसने राकेश कुमार मेहर बुक लिफ्टर से प्राप्त की थीं।

### इन पर की गई कार्रवई

उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी आदेश में कहा है कि जांच रिपोर्ट में मूल्यांकन कार्य में हुई गंभीर लापरवाही, अव्यवस्था और अनियमितता के लिए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार वर्मा प्राध्यापक वाणिज्य और मूल्यांकन नोडल अधिकारी, डॉ. रामगुलाम पटेल प्राध्यापक राजनीति शास्त्र प्रथम दृष्टया जिम्मेदार हैं। इसलिए राज्य शासन ने डॉ. राकेश वर्माऔर डॉ रामगुलाम पटेल भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया जिला नर्मदापुरम को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में दोनों का मुख्यालय क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा भोपाल-नर्मदापुरम संभाग तय किया गया है।

करोंद के मां शीतला माता मंदिर जनता नगर फेस-1 में भागवत कथा

# भगवान का स्मरण कर दिनचर्या का करें शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





मां शीतला माता मंदिर जनता नगर फेस-1,करोंद में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आज पं. सुशील महाराज ने श्रोताओं को शिव चरित्र की कथा एवं श्रृष्टिवर्णन की कथा सुनाई। आचार्य श्री ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रातः उठकर मंगल आत्मा के व्यक्तियों एवं देवी-देवता व ईश्वर को स्मरण करके दिनचर्या का शुभारंभ करना चाहिए।

इससे प्रत्येक व्यक्ति का सर्वांगीण चौमुखी विकास होता है और वहीं अगर मनुष्य संसारिक मोह माया में लिप्त व्यक्तियों के आचरंण का स्मरंण करके दिनचर्या शुभारंभ करने से मनुष्य के जीवन में उस दिन कलह, टेंशन और कष्टों का सामना करना पड़ता है। आज भागवत कथा की आरती श्री मायाराम अटल, लखन परिहार, कृष्णा राठौर एवं श्याम सुन्दर शर्मा व श्री भैरव सिंह रजक, शुभम पाण्डेय द्वारा की गई है।

विजय सिंह ने लाईट एवं पानी की व्यवस्था करवाई है। प्रसाद वितरंण दयाराम लोधी, दिनेश असाटिया एवं उनकी टीम द्वारा किया। भजवान शिव के बने पात्र की सभी श्रृद्धालुओं ने आरती उतारी और विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

### श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी हिंदू एकता शोभायात्रा

जय मां भवानी हिंदू संगठन द्वारा 12 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मां काली मंदिर भोइपुरा से हिंदू एकता शोभायात्रा निकाली जाएगी। जय मां भवानी हिंदू संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु हिंदू ने बताया कि भव्य हिंदू एकता शोभायात्रा निरंतर 11 वर्षों से निकाली जा रही है। शोभायात्रा मां काली मंदिर से प्रारंभ होकर बुधवारा, चार बत्ती चौराहा, शिवाजी चौक इतवारा, गणपति चौक मंगलवारा, शहीद चंद्रशेखर आजाद मार्केट, छोटे भैया कॉर्नर, मां कर्मा देवी रोड घोड़ा निक्कास, बस स्टैंड होते हुए सिंधी कॉलोनी स्थित मां दुर्गा मंदिर पर पहुंचेगी। शोभायात्रा के समापन के उपरांत श्री 1008 हनुमान जी की महाआरती के साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया है। शोभायात्रा में भगवान हनुमान की 11 फीट की आकर्षण प्रतिमा, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर आधारित झांकियां, अखाड़ों द्वारा प्रदर्शन के साथ-साथ 1111 भगवा ध्वज लिए श्रद्धालु ढोल-ताशे, डीजे, घोड़ा बग्घी शामिल होंगे। इस अवसर पर भव्य आतिशबाजी का आयोजन भी किया जाएगा।



# राम ऐसा विषय, जिस पर कई घंटे बिना रुकावट लगातार बोला जा सकता है...

**कला मंदिर में 'राम रंग उत्सव' का आयोजन**

**वैदिक वातावरण का पौराणिक मान्यताओं के अनुसार बताया महत्व**

***भोपाल।*** *मैंने लगभग 700 रामायण पढ़ ली हैं और 3000 रामायणों के नाम मुझे पता है। राम एक ऐसा विषय है जिस पर लगातार कई घंटे तक बोला जा सकता है। चंपू रामायण जो राजा भोज द्वारा सृजित है, उसमें दीपावली पर लक्ष्मी पूजा करते हैं। जबकि हम दीपावली इसलिए मानते हैं कि राम 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे। यह कहना है डॉ. राजेश श्रीवास्तव का जो बुधवार को कला मंदिर में आयोजित राम रंग उत्सव में बोल रहे थे।*

*मंचीय उद्‌नबोधन करते सारस्वत अतिथि विष्णु राजोरिया ने राम जन्म के समय के घटनाक्रम और वैदिक वातावरण का पौराणिक मान्यताओं अनुसार महत्व बताया। मुख्य अतिथि निराला सृजन पीठ निदेशक डॉ. साधना बलबटे ने कहा कि राम का जन्म किसी खास प्रयोजन के लिए हुआ था, असुरों को मार कर सनातन की स्थापना करना यानि वेद को स्थापित करना, अपने धर्म अपने संस्कार अपनी सभ्यता का संरक्षण और संवर्धन करना मूल था।*

### ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनियां से हुआ कार्यक्रम का आगाज

अखिल भारतीय कलामंदिर संस्था ने राम-रंग डॉ. गौरी शंकर शर्मा गौरीश, राष्ट्रीय अध्यक्ष कला मंदिर संस्था की अध्यक्षता, डॉ. राजेश श्रीवास्तव निदेशक रामायण केंद्र के मुख्य आतिथ्य, डॉ. साधना बलवटे निदेशक निराला सृजन पीठ के विशिष्ट आतिथ्य एवं पं. विष्णु राजोरिया अध्यक्ष मप्र परशुराम कल्याण बोर्ड के सारस्वत आतिथ्य में हुआ। उत्सव ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनियां की सांगीतिक प्रस्तुति से आरंभ हुआ। इसके बाद डॉ.गौरी शंकर शर्मा कृत श्रीराम चालीसा का सामूहिक सस्वर सांगीतिक पाठ किया गया।



*राधिका मुथुकुमार ने किया 'मैं दिल तुम धड़कन' शो में काली खप्पर डांस*

# काली खप्पर डांस से जानी शक्ति प्रदर्शन करते नृत्य की कला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कभी-कभी जब शब्द कम पड़ जाते हैं, तब भावनाएं एक अलग अंदाज में बोल उठती हैं और अक्सर वह अलग जुबान नृत्य की होती है। हाल ही में शेमारू उमंग के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' में एक ऐसी ही भावनाओं से भरी नृत्य प्रस्तुति देखने को मिली काली खप्पर डांस की।

यह नृत्य साधारण प्रस्तुति नहीं, बल्कि यह सच और झूठ, प्रकाश और अंधकार के बीच के संग्राम को प्रदर्शित करता नजर आया। जब वृंदा और दीपिका यह नृत्य करती हैं तो वह क्षण परफॉर्मेंस से आगे बढ़कर साहस, विरोध और आत्मिक परिवर्तन का प्रतीक बना हुआ प्रतीत हुआ।

**हरिभूमि चर्चा**

### इस डांस के बारे में कभी नहीं सुना था

राधिका मुथुकुमार ने इस खास सीक्वेंस को लेकर अपने अनुभव हरिभूमि से साझा करते हुए कहा कि मुझे डांस करना बेहद पसंद है। मैं साउथ इंडियन हूं तो लोग सोचते हैं कि मैंने क्लासिकल सीखा होगा, लेकिन सच ये है कि मैंने कभी नहीं सीखा। मुझे बस डांस करने में खुशी मिलती है। उन्होंने कहा जब मुझे काली खप्पर डांस के बारे में बताया गया, मैंने पहले कभी इसका नाम नहीं सुना था। फिर मैंने इस नृत्य के वीडियोज ऑनलाइन देखे और प्रैक्टिस शुरू की, तब इस नृत्य की गंभीरता मुझे समझ आई।

## दिव्यांगजनों की राज्यस्तरीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं सम्मान समारोह

**उमंग उत्सव में राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन**

# दूर मंजिल तो क्या, मुश्किल हो रास्ता तो क्या, चलते जाना रे...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जब व्यक्ति का संघर्ष अन्य व्यक्तियों से होता है तो वह बाहर का संघर्ष होता है, लेकिन अगर व्यक्ति शारीरिक या मानसिक विकलांगता से संघर्ष कर रहा है तो वह आंतरिक संघर्ष बन जाता है। ऐसा संघर्ष जो पूर्ण जीवन का नाम है जिसमें खुद की साहसिक प्रेरणा हो जो जीवन को सहज बना सकती है। कुछ ऐसा ही देखने को मिला उमंग उत्सव के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांगजनों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में। जिसमें प्रदेश के इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, दतिया, टीकमगढ़ सहित करीब 20 जिलों से आए दिव्यांगजनों ने अपनी कला, हुनर, जोश-जज्बे के माध्यम से रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम का संचालन किया।



**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, ड्रामा और फैशन शो खास रहा**

*जिसमें किसी बच्चे ने सुर और ताल में गायन किया तो श्रोताओं की आंखें नम हुईं। वहीं जब बच्चों ने शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी तो सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।*







## खबर संक्षेप

### आईआईए नैटकॉन का पहला आर्किटेक्चर सम्मेलन कल

**भोपाल।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए) एमपी चैप्टर द्वारा आईआईए नैटकॉन 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन वास्तुकला के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आयोजन होगा, जो अग्रणी पेशेवरों, उद्योग विशेषज्ञों और दूरदर्शी विचारकों को एक साथ लाकर वास्तुकला के भविष्य पर चर्चा करेगा। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन 11 अप्रैल को मिंटो हॉल, भोपाल में आयोजित किया जाएगा और इसका उद्देश्य विरासत और आधुनिकता के बीच पुल बनाना, नवाचार को अपनाना और भारत की समृद्ध वास्तुशिल्प विरासत को संरक्षित करना है। यह कार्यक्रम दो महत्वपूर्ण शहरों में आयोजित होगा। भोपाल (11 अप्रैल), जो अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है और इंदौर (13 अप्रैल), जो स्मार्ट सिटी विकास का केंद्र है। इस वर्ष की थीम ट्रांसम है, जो परंपरा और प्रगति, स्थिरता और डिजाइन, और पेशेवरों और नवाचार को जोड़ने के मिशन को दर्शाती है।

**नई पीढ़ी के वास्तुकारों को करेगा प्रेरित:** प्रख्यात वास्तुकार और आईआईए भोपाल चैप्टर के चेयरमैन अक्षय सेलुकर, ने कहा, आईआईए नैटकॉन 2025 में इस बार हम वैश्विक और राष्ट्रीय विशेषज्ञों को एक साथ लाकर नई पीढ़ी के वास्तुकारों को प्रेरित करना चाहते हैं, ताकि वे ऐसे स्थान तैयार करें जो इतिहास और भविष्य के बीच संतुलन बनाए रखें। इस कार्यक्रम के घोषणा पर आईआईए एमपी चैप्टर की चेयरपर्सन विभा श्रीवास्तव और इंदौर चैप्टर के चेयरमैन आर्किटेक्ट नितिन घुले भी मौजूद रहे।

### नौ संकल्प नई ऊर्जा का बनेंगे स्त्रोत

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दिए गए नौ संकल्पों से निश्चित ही नई ऊर्जा के स्त्रोत बनेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से नौ संकल्पों के पालन का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नवकार महामंत्र नई पीढ़ी के लिए ज्ञान और दिशा के स्त्रोत के रूप में कार्य कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सामूहिक नवकार मंत्र के जाप के बाद सभी से नौ संकल्प लेने का आग्रह किया।

**दुष्यंत संग्रहालय में आयोजन**

# संग्रहालय बन रहे वर्तमान, अतीत के साथ भविष्य को समझने में मददगार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संग्रहालय सिर्फ पुरानी चीजों को सुरक्षित रखने के केंद्र ही नहीं हैं, बल्कि इनके जरिए हम अपने वर्तमान, अतीत और भविष्य को समझने के लिए बहुत सी जरूरी बातों को भी समझ सकते हैं, इसलिए युवाओं को संग्रहालयों से जोड़ना बहुत जरूरी है।

यह कहना है प्रोफेसर अमिताभ पाण्डेय निदेशक इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय का, जो बुधवार को राजधानी के दुष्यन्त संग्रहालय में 18 मई विश्व संग्रहालय दिवस के संदर्भ में सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। बैठक के पश्चात प्रसिद्ध राई नृत्य लोक कलाकार पद्मश्री पंडित राम सहाय पाण्डेय एवं वरिष्ठ साहित्यकार राकेश वर्मा हैरत के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

# केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में 'वर्तमाने वर्द्धमानस्य प्रासंगिकता' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

***भोपाल।*** *महावीर जयंती के उपलक्ष्य में जैनदर्शन विद्याशाखा, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा बुधवार को वर्तमाने वर्द्धमानस्य प्रासंगिकता विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी के संरक्षण में यह संगोष्ठी आयोजित हुई।*



### 54 प्रतिभागियों ने किए शोध पत्र प्रस्तुत

*इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. रमाकांत पाण्डेय ने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांत प्रत्येक युग में प्रासंगिक हैं। भगवान महावीर के द्वारा स्थापित जीवन मूल्य मनुष्य को सफल जीवन यापन के लिए एक संतुलित शैली का उपयोग सिखाते हैं। प्रो फूलचंद जैन ने कहा कि भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह के सिद्धांत मानव जीवन के आधारभूत तत्व हैं। प्रो श्रेयांश सिंघई ने जैन दर्शन के प्राचीन ग्रंथों पर वृहद शोध व विश्लेषण की आवश्यकता पर बल दिया।*

## विवि परिसर में 'रेट्रो रिवाइवल' थीम पर निकला भव्य चल समारोह



# आरएनटीयू में रिदम-2 के 25 पंद्रहवें संस्करण का हुआ आगाज़

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव रिदम 2के 25 के पंद्रहवें संस्करण में भव्यता और नए उत्साह के साथ आगाज किया है। इस चार दिवसीय उत्सव की थीम रेट्रो रिवाइवल रखी गई है, जो युवाओं को पुराने दौर की सांस्कृतिक झलकियों से जोड़ते हुए नवाचार के साथ प्रस्तुत कर रही है। उद्घाटन अवसर पर विश्वविद्यालय की चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलगुरु डॉ. आरपी. दुबे, वाइस चांसलर डॉ. संजीव गुप्ता, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. नितिन वत्स विशेष रूप से उपस्थित थे।





### छात्र-छात्राओं ने दीं रंग-बिरंगी प्रस्तुतियां

*इस मौके पर विश्वविद्यालय की डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने कहा कि रिदम जैसे आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व विश्वविद्यालय परिसर में आकर्षक चल समारोह के साथ महोत्सव का उद्घाटन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने रचनात्मक झांकियों और रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।*

### पोएट्री, डिबेट, स्टोरी टेलिंग का आयोजन

कार्यक्रम के पहले दो दिनों में बॉडी और फेस पेंटिंग, रील्स मेकिंग, फायरलेस कुकिंग, नुक्कड़ नाटक, मोनो एक्ट, माइम, पोएट्री, डिबेट, स्टोरी टेलिंग, स्टोरी राइटिंग, कोडिंग मैराथन, वीविंग आर्ट, पेपर बीड, ग्रुप डांस, सोलो डांस, सोलो सिंगिंग और सोलो इंस्ट्रुमेंटल जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शहर के अन्य विश्वविद्यालयों और कॉलेज के विद्यार्थी प्रतिभागिता कर रहे हैं।





**देश के विभिन्न राज्यों से आए वैज्ञानिक**

# मेपकास्ट में एआई, एमएल आधारित कृषि उपज मॉडलिंग पर तीन दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) द्वारा विज्ञान भवन में तीन दिवसीय व्याख्यान और ट्रेनिंग प्रोग्राम का बुधवार को समापन हो गया। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में एआई अथवा एमएल आधारित कृषि उपज मॉडलिंग पर विशेषज्ञों ने खास जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए वैज्ञानिक, रीमोट सेंसिंग सेंटर, कृषि विभाग एवं बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### पहले दिन दी गई विशेष जानकारी

*कार्यक्रम के पहले दिन डॉ. सुनील दुबे (उप निदेशक, एमएनसीएफसी, डीए एंड एफडब्ल्यू, भारत सरकार) ने यस-टेक परियोजना पर चर्चा की। ऋषभ सक्सेना (पायथन डेवलपर एवं एआई, एमएल विशेषज्ञ, मेपकास्ट) ने एआई, एमएल तकनीक और फसल उपज मॉडल को प्रस्तुत किया। डॉ. नीतू (वैज्ञानिक एसएफ, आरआरएससी, नई दिल्ली) ने उपग्रह डाटा की सहायता से फसल मानचित्रण की उन्नत विधियों पर व्याख्यान दिया।*

### दूसरे और तीसरे दिन खास प्रस्तुति

दूसरे दिन डॉ. जीडी बैरागी (वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, मेपकास्ट) ने खरीफ मौसम में सोयाबीन फसल की उपज के लिए राजस्थान राज्य में यस-टेक परियोजना के तहत प्रस्तावित जिलों में एआई, एमएल मॉडलिंग की प्रस्तुति दी। कुछ राज्यों के प्रतिनिधियों ने भी अपने अनुभव साझा किए।





डॉक्टर्स सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब अचानक शुरू हो हेयर फॉलिंग की प्रॉब्लम



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरे बाल कुछ ज्यादा ही झड़ रहे हैं। कृपया बताएं कि इस समस्या से निजात पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अंकुर, रायपुर**

आप इस बात पर गौर करें कि क्या आपका रहने का स्थान चेंज हुआ है? मतलब आप जो पानी पीते हैं, वो तो नहीं बदला है, क्योंकि कई बार पानी बदलने की वजह से इस तरह की समस्या देखी जाती है। आपने बताया है कि समस्या अभी शुरू हुई है। अगर ऐसा है तो आपको पानी बदलना चाहिए, साथ ही बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के शैंपू और साबुन का प्रयोग कम से कम करें। अगर प्रॉब्लम ज्यादा है तो आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के बाद भी मेरा गला सूखता रहता है। हमेशा प्यास-सी लगी रहती है। ऐसा क्यों होता है? कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-पवन, बिलासपुर**

यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, क्योंकि मौसम बदलते यानी गर्मी के मौसम में यह समस्या काफी लोगों को देखी जा रही है। अगर ऐसा है तो चिंता की बात नहीं है, प्यास के अनुसार पानी पीते रहे। लेकिन अगर सभी मौसम में ऐसा है तो जरूर आपको ध्यान देना चाहिए। हालांकि कई बार पेट की समस्या की वजह से प्यास ज्यादा लगती है, इस बात पर ध्यान दें। फिलहाल कुछ दिनों के लिए अधिक ऑयली खाना ना खाएं, इस तरह परिवर्तन करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मुझे सिगरेट पीने की लत है। कई बार इस लत को छोड़ने की कोशिश की, लेकिन छोड़ नहीं पाया। कृपया कोई उपाय बताएं, जिससे मेरी स्मोकिंग छूट जाए।**

**-संकेत, रोहतक**

मौजूदा समय में देश में कई शहरों में ऐसे सरकारी केंद्र हैं, जहां पर इस तरह की लत छुड़वाई जाती है। वहां डॉक्टर ऐसी दवा देते हैं, जिससे उस जैसे केमिकल बॉडी को मिलते हैं, जो सिगरेट पीने के दौरान मिलते हैं और इसकी मात्रा धीरे-धीरे करके कम की जाती है, जिससे आदत छोड़ने में मदद मिलती है। तो बेहतर होगा कि आप एक बार किसी ऐसे सेंटर में संपर्क कर लें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। आजकल मुझे छोटी-छोटी बातों पर बहुत अधिक गुस्सा आता है। गुस्से की वजह से मेरे हाथ-पैर कांपने लगते हैं और पसीना भी बहुत आता है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-महेंद्र प्रताप, बलौदा बाजार**

आपके लक्षणों से ऐसा लग रहा है कि बीपी बढ़ने की वजह से इस तरह की समस्या आ रही है। बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर अपने बीपी की जांच कराएं। क्योंकि बीपी का प्रमुख लक्षण कुछ ऐसा ही होता है। अगर ऐसा है तो डॉक्टर आपके लिए दवा शुरू करेंगे, जिसे आपको रेग्युलर खाना पड़ेगा, जिससे आराम मिलेगा। इसे लेकर लापरवाही न बरतें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में सोडियम का लेवल कम आया है। मैं दवा तो ले रहा हूं लेकिन प्लीज बताएं मुझे कैसी डाइट लेनी चाहिए, जिससे सोडियम लेवल नॉर्मल करने में मदद मिल सके?**

**-संजय, महासमुंद**

चूंकि आपकी उम्र अधिक है, सोडियम की कमी से परेशानी हो सकती है। हालांकि सोडियम की कमी और अधिकता नुकसानदेय हो सकती है। आपको खान-पान में ध्यान देना होगा। सामान्य नमक का सेवन करना होगा। बेहतर होगा कि आप एक बार डाइटीशियन से संपर्क कर लें, वो खान-पान का चार्ट बनाकर देंगे, उसी के अनुसार डाइट लेने से सोडियम बैलेंस रहेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

स्पेशलः वर्ल्ड पार्किंसंस डे, 11 अप्रैल

आमतौर पर माना जाता है कि पार्किंसंस रोग बुजुर्गों में होता है लेकिन यंग और मिड एज के लोग भी इससे ग्रस्त हो सकते हैं। यह एक न्यूरोलॉजिकल रोग है, जिसके कई कारण हो सकते हैं। इस रोग के होने के कारणों, लक्षणों, इससे जुड़े मिथ्स-फैक्ट्स और केयर के तरीकों के बारे में यहां बता रहे हैं।

# प्रॉपर केयर से बेहतर होती है पार्किंसंस पेशेंट की लाइफ

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. विनय गोयल
चेयरमैन-मूवमेंट डिसऑर्डर-न्यूरोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

इंटरनेशनल पार्किंसंस एंड मूवमेंट डिसऑर्डर सोसाइटी (एमडीएस) के अनुसार पार्किंसंस धीमी गति से बढ़ने वाला न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग है, जो मस्तिष्क में डोपामाइन (डोपामिन) नामक रसायन के स्तर को कम कर देता है। यानी, पार्किंसंस की समस्या में मस्तिष्क की कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) की क्षति होती है, जिसके परिणामस्वरूप शरीर में कंपन जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं। आमतौर पर इसे वृद्धावस्था की समस्या माना जाता है, लेकिन मौजूदा दौर में युवा वर्ग (जिनकी उम्र 40 वर्ष से कम है) में भी इस समस्या के मामले बढ़ रहे हैं। इस रोग को लेकर लोगों में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए हर वर्ष 11 अप्रैल को वर्ल्ड पार्किंसंस डे मनाया जाता है। ब्रिटिश डॉक्टर जेम्स पार्किंसन ने इस समस्या को आधुनिक मेडिकल साइंस में मान्यता दिलवाने के संदर्भ में सार्थक पहल की थी। इसलिए उनके जन्मदिवस 11 अप्रैल को वर्ल्ड पार्किंसंस डे के रूप में मनाया जाता है।

## रोग के कारण

मस्तिष्क में डोपामाइन नामक रसायन की कमी इस समस्या का एक प्रमुख कारण है। इसके अलावा भी कुछ वजहें हो सकती हैं।

**जेनेटिक कारणः** इसके अंतर्गत लगभग 20 ऐसे 'जींस' हैं, जिनके विकारग्रस्त या असामान्य होने से लोग पार्किंसन से ग्रस्त होते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो जेनेटिक डिफेक्ट के कारण एक बड़ी संख्या में लोग पार्किंसंस से ग्रस्त होते हैं।

**मस्तिष्क में चोटः** विभिन्न कारणों जैसे ऊंचाई से गिरने या दुर्घटना से मस्तिष्क में चोट लगने पर कालांतर में पार्किंसंस की समस्या हो सकती है।

**लकवाः** उच्च रक्तचाप या फिर स्ट्रोक होने के बाद होने वाले पैरालिसिस से पार्किंसंस से ग्रस्त होने का जोखिम बढ़ जाता है।

## प्रमुख लक्षण

- चलने में परेशानी या चाल में धीमापन।
- मांसपेशियों में अकड़न।
- शारीरिक संतुलन में दिक्कत।
- दाहिने या बाएं हाथ में कंपन होना।
- आमतौर पर पार्किंसन से ग्रस्त व्यक्ति जब विश्रामपूर्ण स्थिति में होता है, तब उसके हाथों में कंपन होता है, लेकिन काम करने की स्थिति में नहीं होता।



- पार्किंसन से ग्रस्त लोगों का शरीर आगे की तरफ झुक जाता है।



- लिखावट का छोटा होना, जिसे मेडिकल भाषा में माइक्रोग्राफिया कहते हैं।
- आवाज में धीमापन।
- रक्तचाप का निम्न या 'लो' होना।
- छोटे-छोटे कदमों वाली चाल।
- आवाज के वॉल्यूम का कम हो जाना।
- ऐसे लोग एक ही सांस में बोलना चाहते हैं। इस कारण वे शब्दों का सही उच्चारण नहीं कर पाते हैं।
- अकसर कब्ज की समस्या होना और सूंघने की क्षमता कम हो जाना।
- अनिद्रा की समस्या या नींद कम आना।



## ऐसे मिलेगी राहत

फिलहाल पार्किंसंस रोग का कोई स्थाई उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन लक्षणों से राहत पाकर पीड़ित व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बनाए रखने में मदद करने के लिए उपचार अवश्य उपलब्ध हैं। इसके इलाज को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है। मेडिकल मैनेजमेंट, सर्जरी और नॉन मेडिकल ट्रीटमेंट।

**मेडिकल मैनेजमेंटः** इसके अंतर्गत पार्किंसंस से पीड़ित मरीज को न्यूरोलॉजिस्ट के परामर्श से पहले ऐसी दवाएं दी जाती हैं, जिनसे शरीर में डोपामाइन नामक हार्मोन का लेवल बढ़े। गौरतलब है कि डोपामाइन के स्तर को बढ़ाने वाली दवाएं शुरुआती दौर में या एक निश्चित समय तक पार्किंसंस पीड़ितों को राहत प्रदान करती हैं, लेकिन लगातार दवा लेने के कुछ वक्त के बाद ऐसी दवाओं के साइड इफेक्ट मरीज पर पड़ सकते हैं।

**पैलिडोटॉमीः** इस न्यूरोसर्जिकल प्रक्रिया का उपयोग अकसर डीप ब्रेन स्टिमुलेशन के विकल्प के रूप में, पार्किंसंस रोग के इलाज के लिए किया जाता है।

**डीप ब्रेन स्टिमुलेशनः** यह पार्किंसंस रोग का सर्जिकल उपचार है, जिसके अंतर्गत पार्किंसंस से पीड़ित व्यक्ति के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड्स डालकर मस्तिष्क की 'सिग्नल प्रणाली' को सही किया जाता है।

**नॉन मेडिकल ट्रीटमेंटः** इसके अंतर्गत नियमित व्यायाम, संतुलित पौष्टिक खान-पान, पर्याप्त नींद, योग और मेडिटेशन और स्वास्थ्य कर जीवनशैली से संबंधित बातों को शामिल किया जाता है। पार्किंसंस से ग्रस्त लगभग 40% व्यक्ति कब्ज की समस्या से पीड़ित रहते हैं। इसलिए ऐसे व्यक्तियों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए।

**जीन थेरेपी और स्टेम सेल थेरेपीः** भविष्य में पार्किंसंस के इलाज में जीन थेरेपी और स्टेम सेल थेरेपी का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा, ऐसा जीववैज्ञानिकों का मानना है। इस संदर्भ में अमेरिका और यूरोप महाद्वीप के कई देशों में शोध व अध्ययन जारी हैं। *

**प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला**

### पार्किंसंस से जुड़े मिथ्स और फैक्ट्स

**मिथः** पार्किंसंस एक संक्रामक रोग है।
**फैक्टः** पार्किंसंस संक्रामक रोग नहीं है। यह किसी व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है।
**मिथः** केवल वृद्ध लोगों को पार्किंसंस होता है।
**फैक्टः** आमतौर पर पार्किंसंस के मामले 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं, लेकिन युवावर्ग (40 साल तक की उम्र वालों) में भी इस रोग के मामले सामने आ रहे हैं।
**मिथः** पार्किंसंस लाइलाज बीमारी है।
**फैक्टः** यह सही है कि पार्किंसंस का कोई विशिष्ट स्थाई इलाज फिलहाल नहीं है, लेकिन इस बीमारी के लक्षणों को नियंत्रित करने के लिए उपचार उपलब्ध हैं। जैसे दवाएं, सर्जरी, व्यायाम आदि।



**मिथः** पार्किंसंस रोग से पीड़ित हर व्यक्ति के हाथ-पैर कांपते हैं।
**फैक्टः** यह सही है कि कंपन पार्किंसंस बीमारी का एक आम लक्षण है, लेकिन यह हर मरीज को नहीं होता। पार्किंसंस वालों को चलने में परेशानी या चाल में धीमापन, मांसपेशियों में अकड़न और शारीरिक संतुलन में दिक्कत आदि समस्याएं भी हो सकती हैं।
**मिथः** पार्किंसंस रोग वाले मरीज सामान्य जीवन नहीं जी सकते हैं।
**फैक्टः** अगर पार्किंसंस से पीड़ित लोग डॉक्टर के परामर्श पर अमल कर अपना इलाज करवाते हैं तो वे सामान्य जीवन जी सकते हैं।
**मिथः** पार्किंसंस से ग्रस्त हो जाने के बाद लोगों की रचनात्मक क्षमता कम हो जाती है।
**फैक्टः** समुचित इलाज कराते रहने से पार्किंसंस के दुष्प्रभाव मरीज पर हावी नहीं होने पाते, जिसके परिणामस्वरूप उनकी रचनात्मक क्षमता पर बहुत कम या नगण्य प्रभाव पड़ सकता है।
**मिथः** पार्किंसंस रोगी की जीवन प्रत्याशा कम हो सकती है।
**फैक्टः** यह सही है कि कुछ मामलों में पार्किंसंस रोगी की जीवन प्रत्याशा कम हो सकती है, लेकिन डॉक्टर के परामर्श पर अमल करने वाले मरीज सामान्य जीवन प्रत्याशा के साथ जी सकते हैं।

---

हर्बल जोन / रेखा देशराज

# भरपूर बलवर्धक विदारीकंद

आयुर्वेद की सदियों पुरानी जड़ी-बूटी विदारीकंद के साथ अनेक किंवदंतियां जुड़ी हुई हैं। माना जाता है कि महाभारत काल में भीम और दुर्योधन में जो हाथियों जैसा बल था, उसकी वजह विदारीकंद जड़ी बूटी ही थी। विदारीकंद को भारतीय कुड़्जू के नाम से भी जानते हैं। विदारीकंद देखने में शकरकंद जैसी प्रतीत होती है। इसका वैज्ञानिक नाम प्यूररिआ ट्यूबरोजा है। इसमें अनगिनत पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह शारीरिक शक्ति में वृद्धि करती है। यह प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाने वाली और तेजी से रिकवरी करने वाली टॉनिक के रूप में भी इस्तेमाल की जाती है। विदारीकंद का इस्तेमाल अनेक दवाइयों को बनाने में किया जाता है। उत्तर भारत के मैदानी और पहाड़ी इलाकों में यह लता के रूप में फैलती है और जमीन के अंदर इसके कंद का विकास होता है। लेकिन आजकल इसकी खूब खेती भी होती है। यह एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होती है। पुरुषों द्वारा इसे नियमित रूप से सेवन किए जाने पर प्रजनन क्षमता बढ़ती है। इसके सेवन से त्वचा में निखार आता है। विदारीकंद का चूर्ण मुनक्का के साथ खाने पर यह बच्चों के शरीर को मजबूत करती है। इसकी तासीर मधुर, स्निग्ध, शीतल और शुक्रवर्धक होती है। बाजार में बहुत आसानी से विदारीकंद का पावडर उपलब्ध होता है। विदारीकंद में पाया जाने वाला दूध उन महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद होता है, जो ब्रेस्टफीडिंग कराती हैं। विदारीकंद का उपयोग करने से उनमें दूध की मात्रा भी बढ़ती है और गुणवत्ता में सुधार होता है। लेकिन इसका इस्तेमाल हमेशा दूध पिलाने वाली मांओं को डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए। यह पुरुषों के मानसिक तनाव और चिंता को कम करता है। यह उन लोगों के लिए भी बड़ी उपयोगी जड़ी बूटी है, जो मूत्र संबंधी परेशानियों से ग्रस्त हैं। इसके सही सेवन से पेशाब करते समय होने वाली जलन और दर्द से राहत मिलती है। लेकिन जहां विदारीकंद इतनी फायदेमंद जड़ी-बूटी है, वहीं इसके कुछ नुकसान भी हैं। इसका ज्यादा इस्तेमाल करने से लिवर डैमेज हो सकता है। साथ ही खुजली की समस्या, उल्टियां और शरीर में लाल रक्त कणिकाओं की कमी हो सकती है। इसलिए विदारीकंद का सेवन कभी भी बिना डॉक्टर या आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह के नहीं करना चाहिए। *



---

डाइट सजेशन

विवेक कुमार

हमारे डेली डाइट रूटीन में सुबह के नाश्ते का बड़ा रोल होता है। खाली पेट हम जो भी खाते हैं, उसका हमारी हेल्थ और फिटनेस पर सीधा असर पड़ता है। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि नाश्ते में क्या खाएं और क्या न खाएं?

# ऐसी हो मॉर्निंग डाइट आप रहेंगे हेल्दी-फिट



आपके फिट दिखने और स्वस्थ होने में इस बात की बड़ी भूमिका है कि आप किस समय क्या खाते हैं? सुबह खाली पेट क्या खाएं और क्या न खाएं, अगर आपको इस बात की समझ है तो आप हेल्दी-फिट रहेंगे। लब्बोलुआब यह कि आपको इस बात की समझ होनी बहुत जरूरी है कि किस समय क्या खाएं?

**सबसे पहले गुनगुना पानीः** यह इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे शरीर हाइड्रेट रहता है, मेटाबॉलिज्म मजबूत और सक्रिय रहता है और यह शरीर के टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है। इसलिए सुबह उठने के बाद सबसे पहले एक-दो गिलास, जितना सहजता से पी सकें गुनगुना पानी पीएं। इसमें नीबू और शहद मिलाकर पीएं तो और अच्छा है। फ्रेश नारियल पानी पीना भी बहुत फायदेमंद होता है क्योंकि यह इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है और शरीर को प्राकृतिक तरीके से रिहाइड्रेट करता है। घी या शुद्ध मक्खन के साथ सुबह गर्म पानी पीना भी बहुत फायदेमंद है क्योंकि एक चम्मच घी या मक्खन के साथ गर्म पानी पीना शरीर को साफ करता है और वेट लॉस में भी मदद करता है।

**डेटॉक्स वॉटरः** सुबह-सुबह डेटॉक्स वॉटर (इसे आसानी से घर में बना सकते हैं) पीने के कई फायदे हैं, जैसे- यह हाइड्रेशन बढ़ाता है क्योंकि स्वादिष्ट होने के कारण इसे आप साधारण पानी की तुलना में ज्यादा पीते हैं। यह वजन घटाने में मददगार है क्योंकि यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इसे पीने से स्किन चमकदार बनती है, क्योंकि यह विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इसे पीने से पाचन सुधरता है, यह पाचनतंत्र को सही रखने में मदद करता है।

**भीगे बादाम और अखरोटः** सुबह फ्रेश होने के बाद सबसे पहले भीगे बादाम और अखरोट खाना बहुत फायदेमंद होता है। ये विटामिन ई, प्रोटीन और हेल्दी फैट्स के अच्छे स्रोत हैं। बादाम और अखरोट दिमाग को तेज और पेट को भरा हुआ महसूस कराते हैं। सुबह खाली पेट भीगे हुए बादाम और अखरोट खाने से इम्यूनिटी बढ़ती है। बादाम और अखरोट में प्रोटीन, जिंक, आयरन, विटामिन ए और फोलिक एसिड होता है, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। ये खाने से याददाश्त में सुधार होता है, क्योंकि बादाम में ओमेगा फैटी एसिड और विटामिन ई होता है, जो याददाश्त बढ़ाने में मदद करता है। इन्हें खाने से वजन कम होता है। बादाम और अखरोट में फाइबर होता है, जो लंबे समय तक पेट भरा रखता है और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। इन्हें खाने से हार्ट हेल्थ बेहतर होता है। बादाम और अखरोट में पोटैशियम होता है, जो हृदय को स्वस्थ रखता है। बादाम और अखरोट में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों को मजबूत करता है।

**ताजे फलः** सुबह-सुबह ताजे फल खाने से फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और प्राकृतिक शुगर मिलती है, जो ऊर्जा से लबालब कर देती है। ऐसे फलों में पपीता, सेब, केला, नाशपाती, अमरूद, कीवी, अनार और तरबूज सबसे शानदार फल हैं। सुबह खाली पेट फल खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। शरीर को ज्यादा पोषक तत्व मिलते हैं। वजन कंट्रोल में रहता है। शरीर हाइड्रेट रहता है। दिल की सेहत अच्छी रहती है। इम्यूनिटी बढ़ती है।


**इनसे करें परहेजः** हालांकि ज्यादातर लोगों की आदत होती है लेकिन सुबह चाय या कॉफी पीने से बचना चाहिए क्योंकि इससे एसिडिटी होती है। इससे ब्लड शुगर लेवल में बदलाव आ सकता है। सुबह खाली पेट फ्रूट जूस पीने से भी बचना चाहिए क्योंकि जूस की प्रोसेस में फलों के रेशे और कई विटामिन, न्यूट्रिएंट्स नष्ट हो जाते हैं। पोषण के लिहाज से पूरे फल को ही डाइट में शामिल करना चाहिए। खाली पेट दही खाने से पेट के एसिड में इजाफा हो सकता है। ऐसे में, सुबह की शुरुआत दही खाने से न करें। इससे एसिडिटी और कब्ज हो सकती हैं। नाश्ते में स्पाइसी फूड्स सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे पेट में जलन पैदा हो सकती है, जिससे अपच, एसिडिटी और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। *

---

अवेयरनेस

अपोलो हॉस्पिटल्स के द्वारा करवाए गए टेस्ट स्टडी की रिपोर्ट, भारतीय लोगों में हेल्थ संबंधी समस्याओं के बारे में कई खुलासे करती है। इस बारे में आपको जानना चाहिए, ताकि आप भी अपनी हेल्थ को लेकर पूरी तरह अवेयर रहें।

# लक्षणों का न करें इंतजार रेग्युलर करवाएं चेकअप



हाल में ही अपोलो हॉस्पिटल्स ने अपनी 'हेल्थ ऑफ द नेशन 2025' रिपोर्ट का पांचवां संस्करण जारी किया है। जो स्पष्ट रूप से संदेश देता है कि 'लक्षणों का इंतजार न करें, बल्कि निवारक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।' देश भर में अपोलो सिस्टम से 2.5 मिलियन लोगों के हेल्थ चेकअप पर आधारित इस रिपोर्ट के अनुसार लाखों लोग क्रॉनिक बीमारियों से पीड़ित हैं, जबकि उनमें इन बीमारियों के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। उल्लेखनीय है कि इनमें से 26 फीसदी लोग हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) का शिकार हैं और 23 फीसदी डायबिटीज से पीड़ित हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि लक्षणों पर आधारित हेल्थकेयर अब व्यावहारिक नहीं रहा है।

**लोगों में बढ़ रही अवेयरनेसः** इस रिपोर्ट के मुताबिक निवारक स्वास्थ्य जांच अब कई गुना बढ़ गई है। 2019 में यह आंकड़ा 1 मिलियन था, जो 5 सालों में 150 फीसदी बढ़कर 2024 में 2.5 मिलियन पर पहुंच गया है। ये आंकड़े आम लोगों में बढ़ती जागरुकता और निवारक स्वास्थ्य जांच के बढ़ते महत्व की ओर इशारा करते हैं। यह रिपोर्ट तात्कालिक स्वास्थ्य की तीन चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करती है। फैटी लिवर रोग, मेनोपॉज के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य में गिरावट और बचपन में मोटापा। इन पर ध्यान देने की तुरंत जरूरत है। इस बारे में अपोलो हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. प्रताप रेड्डी के अनुसार, 'भारत में हर परिवार को स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर स्वस्थ एवं खुशहाल बनने का अवसर मिलना चाहिए। यह रिपोर्ट हर नागरिक को जागरूक एवं सशक्त बनाने, जल्द से जल्द टेस्ट या स्क्रीनिंग कराने की आवश्यकता पर जोर देती है।'

इस रिपोर्ट में इन प्रमुख रोगों के मामले सबसे अधिक सामने आए हैं।

**फैटी लिवरः** एक समय था, जब माना जाता था कि फैटी लिवर सिर्फ उन्हीं लोगों को होता है, जो शराब का सेवन करते हैं। लेकिन आज मोटापे, डायबिटीज और उच्च रक्तचाप के चलते भी फैटी लिवर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। 257,199 लोगों की जांच में 65 फीसदी में फैटी लिवर पाया गया। खास बात यह है कि इनमें से 85 फीसदी लोग शराब का सेवन नहीं करते हैं।



**महिलाओं का स्वास्थ्यः** इस रिपोर्ट से यह भी साफ है कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य में अचानक गिरावट आती है। मेनोपॉज से पहले डायबिटीज के 14 फीसदी मामले पाए गए, वहीं मेनोपॉज के बाद यह आंकड़ा 40 फीसदी दर्ज किया गया। इसी तरह ओबेसिटी की संभावना भी 76 फीसदी से बढ़कर 86 फीसदी हो गई और फैटी लिवर के मामले 54 फीसदी से बढ़कर 70 फीसदी पर पहुंच गए। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि हॉर्मोनल बदलाव का महिलाओं के स्वास्थ्य पर गहरा असर होता है। ऐसे में महिलाओं के लिए जरूरी है कि मेनोपॉज की अवस्था में पहुंचने पर वे अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए पूरी तरह सजग रहें और रेग्युलर हेल्थ चेकअप करवाती रहें।

**बच्चों में ओबेसिटीः** रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि छात्रों में ओबेसिटी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य पर गहरा खतरा हैं। रिपोर्ट के अनुसार प्राइमरी स्कूल के 8 फीसदी छात्रों का वजन सामान्य से अधिक पाया गया। किशोरावस्था तक ये आंकड़े और अधिक बढ़ जाते हैं।

निश्चित ही यह रिपोर्ट हमें अवेयर करती है कि हम अपनी हेल्थ का पूरा ध्यान रखें और रेग्युलर चेकअप करवाते रहें। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**




# तिलक के बाद कॉन्वे... सेट बल्लेबाज छोड़ रहे मैदान, 'रिटायर्ड आउट' नियम पर उठे सवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के 18वें सत्र में एक नए नियम को लेकर दिग्गजों ने सवाल उठाए हैं। नए नियम के तहत पहले से सेट बल्लेबाज मैदान छोड़ रहे हैं। वो खुद ही 'रटियर्ड आउट' होकर मैदान से बाहर जा रहे हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच 4 अप्रैल को हुए इस मुकाबले तलिक वर्मा रिटायॅर्ड आउट हुए।

वहीं 8 अप्रैल को पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के मुकाबले में डेवोन कॉन्वे रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन की ओर लौट गए। इन दोनों ही फैसलों के बाद क्रिकेट विश्लेषकों, पूर्व क्रिकेटर्स और कमेंटेटर्स ने सवाल उठाए। वहीं इस पूरे मसले से एक सवाल यह भी उठ रहा है कि जो बल्लेबाज पहले से सेट है, उसकी जगह कोई दूसरा खिलाड़ी आएगा तो इस बात की क्या गारंटी है, वो तेजी से ही रन बनाएगा।

### कॉन्वे रिटायर्ड आउट रवींद्र जडेजा फेल

*पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे को 18वें ओवर में 'रिटायर्ड आउट' किया गया, जब वे 49 गेंदों में 69 रन बनाकर खेल रहे थे, उस समय चेन्नई को जीत के लिए 13 गेंदों में 49 रनों की जरूरत थी। कॉन्वे की जगह रवींद्र जडेजा मैदान में उतरे, लेकिन यह रणनीति सफल नहीं रही। नतीजतन चेन्नई की टीम को 18 रनों से हार झेलनी पड़ी। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने मैच के बाद बताया कि टीम ने कॉन्वे को तेजी से रन बनाने का मौका दिया, लेकिन जब रन रेट बढ़ता गया और वह तेजी से रन नहीं बना सके तो उन्हें वापस बुलाने का फैसला किया गया।*



### तिलक चले गए मैदान से बाहर

मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच आईपीएल 2025 का मैच नंबर 16 खेला गया। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ रन चेज में सात गेंद शेष रहते तिलक वर्मा को रिटायर आउट करने का फैसला किया। तिलक उस समय 23 गेंदों पर 25 रन बनाकर टिके हुए थे। उनकी जगह बल्लेबाजी करने मिचेल सेंटनर आए। उस समय मुंबई को 7 गेंदों पर 24 रन चाहिए थे, लेकिन आवेश खान ने अंतिम ओवर में 22 रनों का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए लखनऊ के लिए मैच जिता दिया।



### क्लार्क, चावला, जाफर हैरान

कॉन्वे मामले पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क ने हैरानी जताई. वहीं पीयूष चावला और वसीम जाफर ने माना कि यह निर्णय देर से लिया गया। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इस बात पर सहमति जताई कि मिडिल ओवर्स में टीम की बल्लेबाजी की स्पीड कम हो गई, लेकिन उन्हें खुशी है कि उन्होंने इस सीजन में पहली बार 200 का आंकड़ा पार किया।

**रिटायर्ड आउट होने वाले खिलाड़ी**

| खिलाड़ी | खिलाफ | वर्ष |
|---|---|---|
| रविचंद्रन अश्विन | लखनऊ | 2022 |
| अथर्व तायडे | दिल्ली | 2023 |
| साई सुदर्शन | मुंबई | 2023 |
| तिलक वर्मा | लखनऊ | 2025 |
| डेवोन कॉन्वे | पंजाब | 2025 |

खास खबर

## प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर, जीते किरन जार्ज



**निंगबो।** शीर्ष भारतीय खिलाड़ी एचएस प्रणय को बुधवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पुरुष एकल के पहले दौर में चीन के झू गुआंग ल्यु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। चिकनगुनिया से पीड़ित होने के बाद लय हासिल करने के लिए जूझ रहे प्रणय को चीन के अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक घंटा और आठ मिनट चले मुकाबले में 16-21, 21-12, 11-21 से हार झेलनी पड़ी। किरण जॉर्ज ने हालांकि कजाखस्तान के दमित्री पनारिन को 35 मिनट में 21-16, 21-8 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। महिला एकल में आकर्षी कश्यप और अनुपमा उपाध्याय भी अपने मुकाबले हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। आकर्षी को दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी चीन की हेन युई के खिलाफ 31 मिनट में 13-21, 7-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि अनुपमा को दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी और आठवीं वरीय थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन के खिलाफ 36 मिनट में 13-21, 14-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

**आईपीएल पाइंट टेबल**

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 5 | 4 | 1 | 8 |
| दिल्ली | 3 | 3 | 0 | 6 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 |
| कोलकाता | 5 | 2 | 3 | 4 |
| राजस्थान | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
288 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
11 विकेट
चेन्नई

# आईपीएल : सुदर्शन की धमाकेदार फिफ्टी के बाद कृष्णा ने किए तीन शिकार

टाइटंस पांच मैचों में चार जीत और एक हार के साथ आठ अंक लेकर शीर्ष स्थान पर

# गुजरात की बादशाहत, जीत का चौका टाइटंस ने रायल्स को 58 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात टाइटन्स ने बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स को 58 रन से हराकर लगातार चौथी जीत हासिल की। गुजरात टाइटन्स इस जीत से आठ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। साई सुदर्शन की 82 रन की पारी से गुजरात टाइटन्स छह विकेट पर 217 रन बनाने में सफल रही। जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम 19.2 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। साई सुदर्शन का यह इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ स्कोर और तीसरा अर्धशतक है। गुजरात टाइटन्स के लिए जोस बटलर और एम शाहरुख खान ने 36-36 रन जबकि राहुल तेवतिया ने नाबाद 24 रन का योगदान दिया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स को बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ा। शिमरोन हेटमायर के अर्धशतक बेकार गया। उसके सिर्फ तीन बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके जिसमें हेटमायर के अलावा कप्तान संजू सैमसन ने 41 रन और रियान पराग ने 26 रन बनाए।



### कृष्णा ने झटके तीन विकेट

गुजरात टाइटन्स के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने सैमसन की पारी का अंत किया जो आक्रामक होकर खेल रहे थे। उन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। राशिद खान ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवर में 37 रन देकर दो विकेट हासिल किए। साई किशोर ने 2.2 ओवर में 20 रन देकर दो विकेट जबकि मोहम्मद सिराज, अरशद खान और कुलवंत खेजरोलिया ने एक एक विकेट प्राप्त किया।

### हेटमायर ने लगाया अर्धशतक

कप्तान संजू सैमसन फिफ्टी लगाने से चूक गए। उन्होंने 28 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। बतौर इम्पैक्ट प्लेयर आए शुभम दुबे 1 रन ही बना सके। जोफ्रा आर्चर ने 4 रन बनाए। शिमरोन हेटमायर ने जीत का प्रयास किया, लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। हेटमायर ने 32 गेंदों पर 52 रन जड़ दिए।

**स्कोर बोर्ड**

| गुजरात टाइटन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का सैमसन बो देशपांडे | 82 | 53 | 8 | 3 |
| शुभमन गिल बो आर्चर | 02 | 03 | 0 | 0 |
| बटलर पगबाधा बो तीक्ष्णा | 36 | 25 | 5 | 0 |
| शाहरुख स्ट सैमसन बो तीक्ष्णा | 36 | 20 | 4 | 2 |
| रदरफोर्ड का सैमसन बो संदीप | 07 | 03 | 0 | 1 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 24 | 12 | 2 | 2 |
| राशिद का जायसवाल बो देशपांडे | 12 | 04 | 1 | 1 |
| अरशद खान नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 18, कुल : 20 ओवर में 217/6
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-30-1, फारुकी 4-0-38-0, देशपांडे 4-0-53-2, संदीप 4-0-41-1, तीक्ष्णा 4-0-54-2.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का राशिद बो अरशद | 06 | 07 | 1 | 0 |
| संजू का साई किशोर बो कृष्णा | 41 | 28 | 4 | 2 |
| राणा का खेजरोलिया बो सिराज | 01 | 03 | 0 | 0 |
| पराग का बटलर बो खेजरोलिया | 26 | 14 | 1 | 3 |
| जुरेल का साई सुदर्शन बो राशिद | 05 | 04 | 1 | 0 |
| हेटमायर का किशोर बो कृष्णा | 52 | 32 | 4 | 3 |
| शुभम दूबे पगबाधा बो राशिद | 01 | 03 | 0 | 0 |
| जोफ्रा आर्चर का गिल बो कृष्णा | 04 | 04 | 0 | 0 |
| तीक्ष्णा का सुदर्शन बो किशोर | 05 | 13 | 0 | 0 |
| देशपांडे का राशिद बो किशोर | 03 | 03 | 0 | 0 |
| संदीप शर्मा नाबाद | 06 | 05 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 19.2 ओवर में 159/10
गेंदबाजी : सिराज 4-0-30-1, अरशद 2-0-19-1, कृष्णा 4-0-24-3, खेजरोलिया 3-0-29-1, राशिद 4-0-37-2, किशोर 2.2-0-20-2.

### बेंगलुरु और दिल्ली में आज होगा महामुकाबला

बेंगलुरु। शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना गुरुवार को आईपीएल के मैच में दिल्ली कैपिटल्स से होगा तो सभी की नजरें विराट कोहली और मिचेल स्टार्क की टक्कर पर लगी होंगी। दिल्ली ने अब तक तीनों मैच जीते हैं जबकि आरसीबी ने चार में से तीन मैच में जीत दर्ज की है। दोनों टीमें हालात और विरोधी टीम के अनुकूल खुद को ढालने में कामयाब रहीं हैं। विराट के फॉर्म में आने से मेजबान टीम के हौसले बुलंद है।



## बीएफआई मामलों के लिए अंतरिम समिति गठित




**नई दिल्ली।** विश्व मुक्केबाजी ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के मामलों की देखरेख के लिए एक अंतरिम समिति का गठन किया है, ताकि प्रशासनिक निरंतरता और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह को पत्र लिखकर छह सदस्यीय समिति की नियुक्ति की जानकारी दी है। अजय सिंह समिति की अध्यक्षता करेंगे। वह इस पद पर '90 दिनों से अधिक की अवधि के लिए नहीं रहेंगे'। छह सदस्यीय समिति में बीएफआई के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार निरवान, कार्यकारी निदेशक अरुण मलिक और ओलंपियन एल सरिता देवी शामिल हैं।

### हमेशा से पता था कि प्रियांश विशेष है



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर और दिल्ली के कोच सरनदीप सिंह ने युवा बल्लेबाज प्रियांश आर्य को 'इस समय देश के सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में से एक' करार दिया। कहा कि उचित क्रिकेट शॉट के माध्यम से तेजी से रन बनाने की उनकी क्षमता उन्हें दूसरे खिलाड़ियों से अलग बनाती है। इक्कीस साल के प्रियांश ने मंगलवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स के लिए शानदार शतक लगाया। घरेलू सर्किट में प्रभावित करने के बाद नीलामी में तीन करोड़ 80 लाख रुपये में खरीदे गए प्रियांश ने अपने चौथे आईपीएल मैच में ही 103 रन की तूफानी पारी खेली।

**खबर संक्षेप**



### मैक्सवेल पर 25 फीसदी जुर्माना, डिमेरिट अंक भी

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के कारण मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक लगाया गया है। छत्तीस वर्ष के मैक्सवेल ने धारा 2.2 के तहत लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान साजोसामान को नुकसान पहुंचाने के संबंध में है। बीसीसीआई ने एक ईमेल में कहा, पंजाब किंग्स के हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ न्यू पीसीए स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के कारण जुर्माना लगाया गया है।

### दीक्षा-प्रणवी से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**केपटाउन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर जोबर्ग ओपन गोल्फ में शीर्ष-10 में जगह बनाने के बाद बृहस्पतिवार से यहां होने वाले दक्षिण अफ्रीका महिला ओपन में अपनी शानदार लय को बरकरार रखना चाहेंगी। दीक्षा के साथ इस प्रतियोगिता में भारत की चार अन्य खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगी जिसमें प्रणवी उर्स, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और रिया पूर्वी शामिल है। साल 2019 की चैम्पियन दीक्षा के पास इस टूर्नामेंट से जुड़ी अच्छी यादें है।

## विजयवीर ने विश्व कप में भारत को दिलाया चौथा स्वर्ण पदक

### 20 में से 14 निशाने लगाकर की मजबूत शुरुआत

एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके विजयवीर सिद्धू ने यहां पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल स्पर्धा में बुधवार को यहां शीर्ष स्थान हासिल कर आईएसएसएफ विश्व कप में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाया।

विजयवीर ने कम स्कोर वाले लेकिन रोमांचक फाइनल में 29 अंक हासिल किए। उन्होंने इटली के अनुभवी रिकार्डो माजेटी को पीछे छोड़ा। माजेटी पांच रैपिड-फायर की आठ सीरीज के बाद एक अंक से चूक गए। चीन के 19 साल के निशानेबाज यांग युहाओ ने कांस्य पदक जीता। विजयवीर ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, 'मैंने गुरप्रीत सर, अनीश और अन्य लोगों के साथ पहले भी कई फाइनल खेले हैं। इसमें राष्ट्रीय, ट्रायल आदि शामिल हैं और मैंने इन सब में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए आज मैंने खुद से कहा कि मुझे वही करना है जो मैं वहां करता हूं। यानी मुझे यह महसूस करना है कि मैं यहां भी दिल्ली जैसा प्रदर्शन कर सकता हूं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं वैसा ही महसूस करूं। मेरा ध्यान उन चीजों को नियंत्रित करना था जो मेरी पहुंच में है और यह काम कर गया।' इससे पहले मंगलवार को सुरुचि इंदर सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। भारत के अब चार स्वर्ण सहित छह पदक हो गए हैं।

माजेटी ने तेज हवाओं के बीच पहले 20 में से 14 निशाने लगाकर मजबूत शुरुआत की, जबकि विजयवीर पहले एलिमिनेशन चरण में एक अंक से पीछे थे, जिसके बाद सेमिनिखिन पहले ही बाहर हो गए। भारतीय खिलाड़ी के लिए पहली सीरीज मुश्किल रही थी। उन्होंने इनमें सिर्फ एक सटीक निशाना लगाया। उन्होंने इसके बाद सेंटर के करीब तीन निशाने लगाए और पांचवीं सीरीज में सटीक निशाने के साथ बढ़त कायम कर ली। विजयवीर ने छठी सीरीज में इटली की खिलाड़ी की बराबरी की। इसके साथ ही दोंनो खिलाड़ियों का पदक पक्का हो गया। विजयवीर और माजेटी ने सातवें चरण में भी बराबर निशाने लगाए। आठवीं और आखिरी सीरीज में माजेटी ने तीन सही निशाने लगाए जबकि विजयवीर ने चार निशाने के साथ आईएसएसएफ विश्व कप में अपना पहला पदक पक्का किया।




## ब्राजील ने 10 साल बाद अमेरिकी महिला टीम को पहली बार हराया

एजेंसी ▶▶| सैन जोस

अमांडा गुटिएरेस के स्टॉपेज समय में किए गोल की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने मंगलवार को दूसरे प्रदर्शन मैच में पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता अमेरिका को 2-1 से हराया। ब्राजील महिला टीम की यह 2014 के बाद अमेरिका पर पहली जीत है। इससे पहले शुरुआती प्रदर्शनी मैच में अमेरिका ने ब्राजील पर 1-0 की जीत दर्ज की थी।

कैटरीना मैकेरियो ने मैच के शुरू होने के 34वें सेकंड में ही गोल कर अमेरिका को शानदार शुरुआत दिलायी। उन्होंने एलिसा थॉम्पसन से मिली पास पर अपना चौथा मैच खेल रही ब्राजील की गोलकीपर नताशा को आसानी से चकमा देकर अंतरराष्ट्रीय करियर का 10वां गोल किया। ब्राजील ने कैरोलिना के गोल से मैच के 24वें मिनट में बराबरी हासिल कर ली। यह मुकाबला बराबरी की तरफ बढ़ रहा था लेकिन अमांडा ने आखिरी क्षणों (90 + 5 मिनट) में गोल कर टीम को 14 दिसंबर 2014 के बाद पहली बार अमेरिका के खिलाफ जीत पक्की कर दी। यह दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ में शामिल किसी देश की अमेरिका के खिलाफ उसकी घरेलू सरजमीं पर पहली जीत है।



**बैंक ऑफ़ इंडिया**
बैंक ऑफ़ इंडिया — रिश्तों की जमापूँजी
भोपाल आंचलिक कार्यालय : अरेरा हिल्स, जेल मार्ग, भोपाल-462001 (म.प्र.) दूरभाष : 0755-2574398

बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल अंचल अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित पद के लिए योग्य व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

| स्थान | पद का नाम | संकाय सदस्य संख्या | पात्रता/ अन्य योग्यताएँ | कार्य दिवस | मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान-सीहोर (RSETI-Sehore) | परिचर (Attender) | 01 | हमारे वैबसाइट से प्राप्त करे। | साप्ताहिक 6 दिन | 14000/- (नियम एवं शर्ते लागु) |
| ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान-सीहोर (RSETI-Sehore) | चौकीदार सह माली (Watchmen cum Gardner) | 01 | हमारे वैबसाइट से प्राप्त करे। | साप्ताहिक 6 दिन | 12000/- (नियम एवं शर्ते लागु) |

कृपया नोट करें की उपरोक्त पद पूर्ण रूप से तीन वर्ष के लिए अनुबंध के आधार पर भरे जाएंगे एवं नियुक्त व्यक्तियों का कार्य विस्तार उनके कार्य की समीक्षा के आधार पर निश्चित अंतराल पर की जाएगी। नियुक्ति बैंक के नियम एवं शर्तो के आधार पर की जाएगी। उपरोक्त पद के लिए आवेदन पत्र हमारे वेब साइट **www.bankofindia.co.in** के करियर सेक्शन से प्राप्त किए जा सकते है। पूर्ण रूप से भरे हुये आवेदन पूरे दस्तावेजो के साथ हमारे आंचलिक कार्यालय के उपरोक्त पते पर दिनांक **25.04.2025** के संध्या 4:00 बजे तक भेजे जा सकते हैं। प्रारंभिक जांच के बाद उपयुक्त पाये गए आवेदको को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। कृपया नोट करे कि बैंक ऑफ इंडिया बिना किसी पूर्व सूचना के इस विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है **(उम्मीदवार अधिमानतः स्थानीय क्षेत्र का निवासी होना चाहिए)**। कॉल लेटर/ सूचना पत्र डाक से प्राप्त न होना, या नुकसान, या किसी भी देरी के लिए या कोई भी अन्य कारण के लिए बैंक किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नही होगा। आंशिक रूप से भरे आवेदनो पर विचार नही किया जाएगा। यदि आवेदक चुना जाता है तो प्रस्ताव पत्र स्वीकार करने कि तिथि पर आवेदक किसी भी सरकारी या निजी संगठन के साथ पूरा या अंशकालिक आधार या अनुबंध के आधार पर जुड़ा नहीं होना चाहिए।

(आंचलिक प्रबन्धक)
भोपाल अंचल

बिहार सरकार
**न्यायालय अनुमण्डल दण्डाधिकारी गोपालगंज सदर**
आम–सूचना

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित कंडिका 05 में अंकित बिहार मद्यनिषेद्य और उत्पाद अधिनियम के तहत जप्त वाहन/जमीन/नाव/साईकिल के अधिग्रहण की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में चल रही है लेकिन कुछ वाहन/जमीन/नाव/साईकिल/बैल मालिक का नाम, पता प्राप्त नहीं हो सका है एवं कुछ संबंधित वाहन/जमीन/नाव/साईकिल/बैल मालिक अबतक इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत नहीं किये है।

| क० स० | वाद सं०– | समाहर्ता वाद सं० | परिवादी का नाम/पता | थाना का नाम/काण्ड सं० | वाहन का निबंधन सं०– | चेचिस सं० | इंजन सं० | वाहन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 162/2025 | 142/25 | रणवीर सिंह पिता– लखराज सिंह सा०– गुजबंधा थाना– गरही तेह अम्बा, जिला– मध्य प्रदेश 133001 | उत्पाद थाना कांड सं०– 13/25 दिनांक 06.01.2025 | MP06M-2516 (DTO) BR28A-6539 (FIR) | 06D29F2 5833 | 06D29E06 306 | मोटर साईकिल |

अतः समाचार पत्र के माध्यम से उक्त जप्त वाहन/जमीन/नाव/साईकिल/बैल मालिक को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से कारण बतावें कि क्यों नहीं कंडिका– 05 में अंकित जप्त वाहन/जमीन/नाव/साईकिल/बैल को राजसात कर लिया जाय। निर्धारित तिथि तक पक्ष प्रस्तुत नहीं करने पर यह माना जायेगा कि संबंधित मालिक को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और तदनुसार अभिलेख में उपलब्ध कागज के आधार पर आदेश पारित किया जायेगा।

यदि सूची में उल्लेखित वाहन/जमीन/नाव/साईकिल/बैल पर किसी अन्य व्यक्ति का दावा बनता हो तो वैसे व्यक्ति भी निर्धारित ससमय न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपना पक्ष रख सकते है।

तिथिः–
मुहरः–
उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गोपालगंज सदर
PR-000679 (District) 2025-26
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

इंडियन बैंक **Indian Bank** इलाहाबाद ALLAHABAD
**इंडियन बैंक**
टी.टी. नगर शाखा, भोपाल (म.प्र.)
**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]
**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित ऋणियों / बंधककर्ताओं एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **इंडियन बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा **इंडियन बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय निम्न वर्णित दिनांक को **इंडियन बैंक, टी.टी नगर शाखा (सुरक्षित लेनदार)** के निम्न वर्णित बकाया राशि को ऋणियों / बंधककर्ताओं एवं जमानतदारों से वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा/ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | चल/अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी : **मेसर्स चिरटेक मल्टीफूड्स प्रा. लिमिटेड** (ऋणी/कंपनी), 2. श्रीमती सोनाली सिंह (डायरेक्टर/जमानतदार), 3. श्री अमृतम राठौड़ (डायरेक्टर/जमानतदार), 4. श्री मांगीलाल मीना (डायरेक्टर/जमानतदार) | (Property ID : IDIB30628110677) संपत्ति का समस्त भू भाग कमर्शियल डायवर्टेड भूमि खसरा नंबर 58/2, क्षेत्रफल 1.179 हेक्टेयर बिलाहेड़ी- 104 (योजना क्षेत्र) एनएच के बाहर, पटवारी हल्का नंबर 137 (बड़नगर) तहसील- नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश 465667 क्षेत्रफल- 1.179 हेक्टेयर चर्तुसीमाएँ: पूर्व- खसरा संख्या 54/2 वाली भूमि, पश्चिम- कच्चा रास्ता, उत्तर- खसरा नंबर 58/1/2 वाली भूमि, दक्षिण- खसरा नंबर 59 वाली भूमि | 20.11.2024 / 04.02.2025 / दिनांक 19.11.2024 को ₹ 95,12,680/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 141.57 लाख / ₹ 14.15 लाख / ₹ 10,000/- |

Bank Website : www.indianbank.in
E-auction website
Property ID : IDIB30628110677

सम्पर्क : 1. श्री अंकुर सिंह, प्राधिकृत अधिकारी, 7415887874
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 28/04/2025, को सुबह 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी प्लेटफार्म : http://BAANKNET.com पर संपन्न होगी।

निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है वे ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु हमारे ई-नीलामी सर्विस प्रदाता PSB alliance Pvt. Ltd., की वेबसाइट http://BAANKNET.com देखें। तकनीकी सहायता हेतु कृपया सम्पर्क करें 8291220220, email ID: support.ebkray@psballiance.com. इच्छुक निविदाकर्ता / क्रेता ई-नीलामी प्रक्रिया में ई-नीलामी सर्विस प्रदाता की वेबसाइट http://BAANKNET.com द्वारा भाग ले सकते हैं।
ई-नीलामी के इच्छुक भागीदार http://BAANKNET.com से विक्रय सूचना, ई-नीलामी की नियम एवं शर्ते नीलामी पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ई-नीलामी के परिचालन भाग पर उपयोगकर्ता मेनुअल की प्रतियाँ निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।
निविदाकर्ताओं से निवेदन किया जाता है संपत्ति के बारे में जानकारी हेतु प्रोपर्टी आईडी नं. से वेबसाइट http://BAANKNET.com देखें।
दिनांक : 09.04.2025, स्थानः भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

## खबर संक्षेप

### 10 हजार की रिश्वत लेते आपूर्ति अधिकारी धराया

**भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की सागर यूनिट ने छापा मारकर टीकमगढ़ जिले के बलदेवगढ़ में पदस्थ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। इस अफसर के साथ कंप्यूटर ऑपरेटर और ड्राइवर को भी घूसखोरी में शामिल होने की वजह से आरोपी बनाया गया है। आपूर्ति अधिकारी पंकज करोरिया ने खरगापुर निवासी विजय सिंह ठाकुर की सरकारी राशन दुकान की मशीन का परीक्षण कर इसे फिट (जीरोइंग) करने के नाम पर 20 हजार की रिश्वत मांगी थी और यह रकम दो किस्तों में देने को कहा।

### रेंजर को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते किया ट्रैप

**भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की टीम ने धार जिले के एक रेंजर को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। आरोपी रेंजर ने ठेकेदार से सड़क निर्माण के लिए अनुमति देने के एवज में 2 लाख रुपए की डिमांड की थी। वहीं 96 हजार रुपए पहले ही ले लिए थे। फरियादी ठेकेदार ने इस मामले की शिकायत लोकायुक्त इंदौर एसपी राजेश सहाय से कर दी। जितेन्द्र वास्केल पिता मदन सिंह निवासी जमुनिया मोटा ने कहा कि रेंजर वैभव उपाध्याय ने काम रुकवा दिया और लागत का 3 परसेंट रिश्वत के रूप में मांगा है। अभी कुछ समय पहले 96,000 रुपए भी ले लिए।

### मुख्यमंत्री ने धार जिले के कुक्षी विधानसभा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन को किया संबोधित

# कुक्षी पश्चिमी बाईपास रोड समेत पांच सड़कों की दी सौगात, गो पालकों को मिलेगा 25% अनुदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को भाजपा के स्थापना दिवस के तहत धार जिले के कुक्षी विधानसभा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने 25 गाय से अधिक गाय पालने वाले दुग्ध उत्पादक गोपालकों को 25 प्रतिशत अनुदान देने का निर्णय लिया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुक्षी में पश्चिमी बाईपास रोड बनाने के साथ पांच सड़कों की सौगात भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुक्षी पश्चिमी बाईपास रोड के साथ गुरूपद पंप से बाईपास चौराहे तक वॉकिंग रोड, कापसीपुरा पुल, देशवालिया से खंडवा रोड, लिंगवा से दो किलोमीटर सड़क और निंबोल से कांकड़ तक सड़क निर्माण की घोषणा की। सम्मेलन को केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने भी संबोधित किया।

### कांग्रेस के शासन में गेहूं का समर्थन मूल्य 500 रुपए था, आज 2600 में गेहूं खरीद रहे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में वर्ष 1977 में सरदार सरोवर बांध की शुरूआत की थी, इस अधूरी परियोजना को पूरा करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। कांग्रेस के 55 साल के शासनकाल में गेहूं का समर्थन मूल्य 500 रूपए प्रति क्विंटल था। आज मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार 2600 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं खरीद रही है। भारत में देवता से ज्यादा मां-देवियों की पूजा की जाती है। दुनिया में भारत की पहचान भारत माता के रूप में है।

### कार्यकर्ता पार्टी का ब्रांड एंबेसेडर, जनहित की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएंगे : विष्णुदत्त



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को छतरपुर जिले के चंदला सर्किट हाउस एवं पन्ना जिले की पन्ना विधानसभा के टाउन हॉल में सक्रिय सदस्य सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने 'गांव-बस्ती चलो अभियान' के तहत पन्ना में लाभार्थियों से संपर्क कर चौपाल चर्चा की एवं सामाजिक नेताओं से संपर्क किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने चंदला एवं पन्ना विधानसभा में सक्रिय सदस्य सम्मेलनों को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ के कार्यकर्ता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्हीं के परिश्रम से हमने सदस्यता अभियान में आशा से अधिक सदस्य बनाए। हमने हर बूथ पर 200 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन कार्यकर्ताओं ने अपने परिश्रम से 250-300 सदस्य बनाए।

▶ शर्मा ने छतरपुर-पन्ना में आयोजित सम्मेलन को किया संबोधित

### आर्थिक, वैचारिक और कूटनीतिक दृष्टि से वैश्विक नेतृत्व में अग्रणी भूमिका निभा रहा भारत : रामेश्वर



भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को मनाते हुए बुधवार को हुजूर विधानसभा में विधायक रामेश्वर शर्मा नेतृत्व में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हुजूर विधानसभा के 537 सक्रिय कार्यकर्ता, जिलाध्यक्ष रविंद्र यति, ग्रामीण जिलाध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष केदार मंडलोई शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक मंच पर अपनी पहचान को पुनर्परिभाषित किया है। आज भारत न केवल आर्थिक, बल्कि वैचारिक और कूटनीतिक दृष्टि से भी वैश्विक नेतृत्व में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जिलाध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि हुजूर विधानसभा ने भाजपा के हर अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

▶ हुजूर विधानसभा में आयोजित हुआ सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन

## वाहन चोरों से चोरी के 9 दो पहिया वाहन जब्त

कोर्ट में आरोपी की तबीयत बिगड़ी, मौत, ज्यूडिशियल जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हनुमानगंज पुलिस ने वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के 9 दो पहिया वाहन जब्त किए। उक्त मामले में पुलिस ने चोरी के वाहन खरीदने वाले दो अन्य आरोपियों को भी मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में पेश करते समय एक एक आरोपी की तबीयत बिगड़ी और उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस कस्टडी में हुई मौत के बाद ज्यूडिशियल जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार समांतर रोड पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान तीन युवक भोपाल स्टेशन की ओर से एक प्लेटिना बाइक पर आते हुए दिखे। चेकिंग पाइंट पर पुलिस को देखते ही उन्होंने बाइक से भागना का प्रयास किया। जिन्हें पुलिस ने पीछा करते हुए पकड़ लिया।

पूछताछ में उन्होंने अपने नाम महेश बघेल पिता राम सिंह बघेल (22) खारी सेवनघाटा थाना बिलकिसगंज, जिला सीहोर, राजू मंडलोई पिता सूर सिंह मंडलोई (23) खारी सेवनघाटा, बिलकिसगंज झागरिया जिला सीहोर (3) युवराज केवट पिता रमेश केवट (32) पुलतीघर, टीला जमालपुरा बताए। बाइक चला रहे युवराज केवट से प्लेटिना के बारे में पूछताछ की गई तो उसने भोपाल टाकीज के पास से बाइक चोरी करने की बात स्वीकारी। इसके अलावा अलग-अलग थाना क्षेत्रों से कुल 8 अन्य दो पहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने दो वाहन महेश बघेल व राजू को बेचने की बात स्वीकारी थी। अन्य आरोपी अलग अलग जगह छिपाकर रखे थे। पुलिस ने सभी वाहन जब्त कर लिए है।

### अस्पताल में बिगड़ी युवराज की तबीयत, मौत

पुलिस ने वाहन चुराने के मामले में युवराज केवट और चोरी के वाहन खरीदने वाले राजू मंडलोई समेत महेश बघेल को बुधवार को कोर्ट में पेश किया। वहां मुख्य आरोपी युवराज केवट की तबीयत बिगड़ गई। उसने कोर्ट में मजिस्ट्रेट के समक्ष तबीयत खराब होने की बात कही और अस्पताल ले जाने का कहा। पुलिस उसे अस्पताल लेकर पहुंच रही थी। इससे पूर्व ही उसकी मौत हो गई। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि युवराज को दमा सांस की बीमारी थी। इसके अलावा शराब अधिक पीने से लिवर भी डैमेज हो गया था।

## बिजनेस पार्टनर से अनबन के बाद कारोबारी ने खाया जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र अटलांटिस कॉलोनी में एक कारोबारी ने जहर खा लिया। बहन और पत्नी उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंची, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही मरने से पूर्व उनके बयान नहीं हो सके है। प्रारंभिक पूछताछ में परिजन ने बिजनेस पार्टनर से अनबन होने की बात बताई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एएसआई धनराज धुर्वे ने बताया कि योगेंद्र पाठक पिता राजेंद्र प्रसाद पाठक (38) दुर्गेश विहार कॉलोनी, अयोध्या नगर में रहते थे। वे औद्योगिक क्षेत्र में पार्टनरशिप में टिंबर का कारोबार करते थे। उनकी बहन आरती पांडे दुर्गेश विहार कॉलोनी गई थी। इसके बाद 6 अप्रैल को योगेंद्र पत्नी और बच्चों के साथ बहन आरती के साथ उसके घर पहुंच गए।



### अगले ही दिन खाया जहर

7 अप्रैल सोमवार रात करीब साढ़े 11 बजे योगेंद्र उल्टियां करने लगे। पत्नी और बहन ने उनसे उल्टियां करने का कारण पूछा तो वह कहने लगे कि जहर खा लिया है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे योगेंद्र की मौत हो गई। पिता राजेंद्र प्रसाद मिश्रा ने बताया कि शिव शक्ति टिंबर कंपनी संचालित करने वाले शिवदत्त मिश्रा के साथ उनके बेटे की पार्टनरशिप थी। कुछ दिन से मिश्रा और बेटे के बीच मनमुटाव था।

## योगोत्सव का आयोजन — योग एवं स्वास्थ्य पर उपयोगी जानकारी की साझा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

योगोत्सव काउंट डाउन प्रोग्राम के 75वें दिन बीते मंगलवार को केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद मिनिस्ट्री ऑफ आयुष केंद्र सरकार के तत्वावधान और होम्योपैथी वेलनेस सेंटर गवर्नमेंट होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सहयोग से सभागार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### मुख्य अतिथि वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलन कर किया शुभारंभ



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं वक्ता अशोक वार्ष्णेय राष्ट्रीय संगठन मंत्री आरोग्य भारती व सलाहकार आयुष मंत्रालय भारत सरकार, प्रिंसिपल डॉ. एसके मिश्रा जीएमसी भोपाल ने दीप प्रज्वलन कर किया। योगोत्सव में योग एवं समग्र स्वास्थ्य पर मुख्य अतिथि डॉ. अशोक वार्ष्णेय ने महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस अवसर पर डॉ. अजय सिंह परिहार, डॉ. जूही, डॉ. अनुपम समेत फैकल्टीज, मेडिकल ऑफिसर, यूजी-पीजी स्टाफ वेलनेस स्टाफ के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।

## पूर्व बिशप और एनडीटीए के चेयरमैन पर 2 करोड़ 45 लाख की धोखाधड़ी का केस दर्ज

▶ भूमि अधिग्रहण की मुआवजा राशि का किया गबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईओडब्ल्यू ने पूर्व बिशप पीसी सिंह के खिलाफ 2 करोड़ 45 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। बिशप पर आरोप है कि उन्होने बास्र्लेय स्कूल कटनी की जमीन 0.022 हैक्टयर भूमि को रेलवे द्वारा अधिग्रहण किए जाने पर प्राप्त राशि एनडीटीए की बिना जानकारी के फर्जी खाता खोलकर जमा करा दी और उसके अवैध लाभ प्राप्त किया। शिकायत के आधार पर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा इस मामले की जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि एनडीटीए के चेयरमैन पाल दुपारे द्वारा पूर्व बिशप को जबलपुर स्थित डायोसिस ऑफ जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में एनडीटीए की संपत्तियों को विक्रय करने एवं उनकी देख रेख के लिए पॉवर ऑफ अटार्नी दी गई। इस दौरान बिशप ने एनडीटीए के चेयरमेन पाल दुपारे के साथ मिलकर एक फर्जी अधिकार पत्र तैयार किया। वहीं रेलवे द्वारा अधिग्रहण की गई मुआवजा राशि को अधिकृत खाते में न डलवाकर बोर्ड ऑफ एज्यूकेशन जबलपुर के खाते में ट्रांसफर करा लिया। जांच में दोषी पाए जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

## स्थानीय खेल समाचार

# फॉर्मा टाइगर्स ने जीता केमिस्ट प्रीमियर लीग का खिताब

▶ मुख्य अतिथि मंत्री सारंग और भाजपा जिला अध्यक्ष यति ने विजेताओं को किया पुरस्कृत









**भोपाल।** राजधानी के ओल्ड कैंपियन ग्राउंड में 6 अप्रैल से चल रहे केमिस्ट प्रीमियर लीग क्रिकेट (सीपीएल) का समापन बीते रोज मंगलवार को हो गया। इन चार दिनों में भोपाल और आसपास के जिलों के केमिस्टों ने खूब चौके-छक्कों की बरसात की। वहीं गेंदबाजों ने भी अपनी शानदार गेंदबाजी का कमाल दिखाया और देर तक टिके बल्लेबाजों को पैवेलियन भेजा।

टूर्नामेंट का फाइनल मैच फॉर्मा टाइगर्स और सीहोर केमिस्ट चैंपियन के बीच खेला गया, जिसमें सीहोर केमिस्ट चैंपियन ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया और फॉर्मा टाइगर्स को 106 रन का लक्ष्य दिया। जिसमें फार्मा टाइगर्स ने 8 विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रोहित विश्वकर्मा रहे। उन्होंने 50 रन देकर 3 विकेट चटकाए। वहीं मैन ऑफ द सीरीज का खिताब भी रोहित विश्वकर्मा को ही दिया गया। फाइनल मैच के विजेताओं को मुख्य अतिथि प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण विश्वास कैलााश सारंग एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने 51 हजार रुपए की नकद राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।



### दूसरा सेमीफाइनलः जेनेरिक सुपर किंग को हराकर फाइनल में पहुंची सीहोर केमिस्ट चैंपियन की टीम

दूसरा सेमीफाइनल मैच सीहोर केमिस्ट चैंपियन और जेनेरिक सुपर किंग के बीच शाम 7 बजे से खेला गया। इस मैच का टॉस सीहोर केमिस्ट चैंपियन ने जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। इसके बाद जेनेरिक सुपर किंग को 143 रन का टारगेट दिया। इस मैच में सीहोर केमिस्ट चैंपियन ने 52 रन से जीत अर्जित की। मैन ऑफ द मैच समृद्धीन रहे।

# विश्वास सारंग अकादमी ने जमाया विधायक कप पर कब्जा

## रेलवे गर्वित को 86 रन से हराया, वंश बॉथम रहे मैन ऑफ द फाइनल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में चल रहे तृतीय विधायक कप का फाइनल मैच विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी और रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। राजधानी के गौतम नगर के मैदान में आयोजित इस मैच में विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया पर 35 रन पर 4 विकेट खोने के बाद कप्तान वंश बॉथम ने पारी संभाली और शानदार बल्लेबाजी करते हुए 105 रन जड़ दिए। उनका साथ देते हुए आरुष गुप्ता ने 33 और मेधांश यूके ने 23 रन बनाए। इस तरह टीम ने 236 रन बना डाले। विराट, आरव और हनी ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी कबीर अग्रवाल और वंश बॉथम की शानदार गेंदबाजी के सामने नहीं टिक पाई और 150 रनों पर ही ढेर हो गई। सक्षम ने सर्वाधिक 37 रन बनाए। कबीर अग्रवाल 4, वंश बॉथम ने 2, अभिनव चांगरानी ने 2 और लक्की यादव ने 1 विकेट लिया। इस तरह विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी ने यह मैच 86 रनों से जीत लिया। विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के कप्तान वंश बॉथम को शानदार ऑल राउंड प्रदर्शन करने के लिए मैन ऑफ द फाइनल चुना गया। पुरस्कार वितरण वार्ड 69 के पार्षद सूर्यकांत गुप्ता, वार्ड 58 पार्षद राकेश यादव बाबा, पूर्व पार्षद उपेंद्र तोमर, समाज सेविका प्रीतिमा तोमर और वरिष्ठ खेल पत्रकार योगेंद्र व्यास के द्वारा दिया गया।

### यह रहे सर्वश्रेष्ठ

- **मैन ऑफ़ द सीरीज**-शौर्य राजपूत (विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी)
- **बेस्ट बैट्समैन**-कुशवंत सिंह (एसीई क्रिकेट अकादमी)
- **बेस्ट बॉलर**-अभिनव चांगरानी (विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी)
- **बेस्ट विकेट कीपर**-मेधाश उइके (विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी)
- **बेस्ट कैच**-अर्णव चंद्रवंशी (रेलवे गर्वित क्रिकेट अकादमी)
- **बेस्ट फील्डर**-गामिनी उइके (विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी)
- **अपकमिंग प्लेयर**-कबीर अग्रवाल (विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी )

### ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता

## एलएनसीटी विश्वविद्यालय को मिला ट्रिपल में स्वर्ण मिक्स डबल्स में जेजेटीयू ने जीता गोल्ड मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत विद्यालय संघ के तत्वाधान मे एलएनसीटी एलएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल में एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड भोपाल में खेली जा रही चार दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल (महिला-पुरुष) प्रतियोगिता 2024-25 के तीसरे दिन पुरुष वर्ग ट्रिपल मुकाबले मे एलएनसीटी विश्वविद्यालय के हर्षित जैन, प्रथम पिपलोदिया, शशांक शुक्ला, तरुण घावरी, ध्रुव खन्ना ने फाइनल मुकाबले में जेजेटीयू यूनिवर्सिटी को 15/8,15/6 से हराकर स्वर्ण पदक जीता इस वर्ग का कांस्य पदक यूनिवर्सिटी आफ केलीकट ने अर्जित किया। महिला वर्ग ट्रिपल मुकाबले में एमजीकेवीपी ने स्वर्ण पदक, यूनिवर्सिटी आफ केलीकट ने रजत पदक तथा संदीप यूनिवर्सिटी नासिक ने कांस्य पदक अर्जित किया। वहीं मिक्स डबल्स मुकाबले में मुकाबले में जेजेटीयू ने स्वर्ण पदक, यूनिवर्सिटी आफ केलीकट ने रजत पदक, कुमाऊं यूनिवर्सिटी नैनीताल ने कांस्य पदक अर्जित किया। प्रतियोगिता के डायरेक्टर ईश्वर सिंह आर्य टेक्निकल डायरेक्टर मृत्युंजय शर्मा एवं ईश्वर पंघाल हैं। स्पर्धा सहसचिव महेश सोधिया ने बताया कि कल प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण ऑडिटोरियम में किया जाएगा।

## आरसीसी क्रिकेट एकेडमी की 5 विकेट से शानदार जीत

▶ 6वां स्व. साद अंसारी मेमोरियल अंडर-14 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट



**भोपाल।** राजधानी में शुरू हुए 6वें स्व. साद अंसारी मेमोरियल बीडीसीए से संबद्ध अंडर-14 वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मुकाबला ऑल सेंट्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया। इस मैच में आरसीसी क्रिकेट एकेडमी और शिवाय क्रिकेट एकेडमी आमने-सामने थीं। शिवाय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन उनकी पारी ज्यादा लंबी नहीं चल पाई। 28.2 ओवर में पूरी टीम मात्र 87 रन पर ढेर हो गई। शिवाय के शिविक ने 28 रन बनाए। वहीं, आरसीसी के गेंदबाज सौरभ ने 4 ओवर में 8 रन देकर 3 विकेट, समर ने 6 ओवर में 11 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। जवाब में आरसीसी ने 31 ओवर में 5 विकेट खोकर 88 रन बनाए और 5 विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। टीम के लिए समर ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और 49 गेंदों पर 33 रन बनाकर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। समर मकवाना को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930